वार्षिक रिपोर्ट

2022-23

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान
(संसदीय अधिनियम की सं.35/2012 के द्वारा राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार
श्रीपेरुम्बुदूर पोस्ट, 602105 तमिलनाडु



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत के माननीय राष्ट्रपति
और
माननीय कुलाध्यक्ष
राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान
श्रीपेरुम्बुदूर, तमिल नाडु



श्री अनुराग सिंह ठाकुर
माननीय युवा कार्यक्रम और
खेल मंत्री



श्री निसिथ प्रामाणिक
माननीय युवा कार्यक्रम और
खेल राज्य मंत्री



प्रो. सिबनाथ देब, पी.एच.डी, डीएससी
निदेशक
रा.गां.रा.यु.वि.सं.

विषयसूची

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	निदेशक का संदेश	1
2.	संस्थान का विहंगावलोकन	5
	क. संस्थान के बारे में	5
	ख. संस्थान का उद्देश्य	5
	ग. संस्थान का कार्य	6
	घ. संस्थान की शासन संरचना	7
	ङ. संस्थान का संगठनात्मक चार्ट	7
3.	शैक्षणिक गतिविधियाँ	8
	क. डॉक्टरेट कार्यक्रम	8
	ख. स्नातकोत्तर कार्यक्रम	8
	ग. स्नातक कार्यक्रम	8
	घ. शैक्षणिक स्कंध	10
	ङ. परीक्षा नियंत्रण की गतिविधियाँ	10
4.	संस्थान की प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियाँ	11
	i. प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम	11
	ii. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम	26
	iii. विभाग और अनुभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रम	45
	क. कार्यशालाएं	45
	ख. बैठकें	49
	ग. सम्मेलन / वेबिनार / व्याख्यान / संगोष्ठी	52
	घ. विशेष कार्यक्रम	55
	ङ. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुख्य दिवसों का अनुपालन	60
	च. अन्य गतिविधियां	65

5.	**रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र,चंडीगढ़ की प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियाँ**	**68**
	क. प्रशिक्षण / क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर वेबिनार	**68**
	ख. महत्वपूर्ण दिवसों का अनुपालन	**83**
6.	**रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र, अरुणाचल प्रदेश की प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियाँ**	**88**
7.	**संस्थान के निदेशक की प्रमुख गतिविधियाँ**	**92**
8.	**संकाय सदस्यों की गतिविधियाँ**	**94**
9.	**संस्थान की खेल गतिविधियाँ**	**100**
10.	**प्रशासनिक विवरण**	**103**
	क. कार्यकारिणी परिषद के सदस्य	**103**
	ख. शैक्षिक परिषद के सदस्य	**104**
	ग. वित्त समिति के सदस्य	**105**
	घ. निर्माण और कार्य समिति के सदस्य	**106**
	ङ. संस्थान के अधिकारीगण	**106**
	च. राजभाषा का प्रगामी प्रयोग और बैठकें	**108**
11.	**संस्थान में उपलब्ध सुविधाएं**	**109**
	क. संस्थान का परिसर	**110**
	ख. शैक्षणिक ब्लॉक	**110**
	I. कक्षाएं	**110**
	II. प्रस्तुति/ संगोष्ठी कक्ष	**110**
	ग. प्रशिक्षण ब्लॉक	**110**
	घ. बैठकों के लिए कक्ष	**110**
	क. सभागार	**110**
	ख. संगोष्ठी कक्ष	**111**
	ग. सम्मेलन कक्ष	**111**
	ङ. केंद्रीय पुस्तकालय	**111**
	च. समुदायिक रेडियो स्टेशन	**114**

	छ. प्रशासनिक स्कंध	**114**
	ज. युवा संसाधन केंद्र	**114**
	झ. गेस्ट हाउस	**115**
	ञ. छात्रावास **i.** लड़कियों का छात्रावास **ii.** लड़कों का छात्रावास	**115**
	ट. जिम	**116**
	ठ. कार्यकारी भोजन कक्ष	**116**
	ड. मिनि कैंटीन	**116**
	ढ. क्वार्टर	**116**
12.	**प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों की तालिका**	**117**
13.	**वार्षिक लेखा 2022-23**	**146**

अध्याय 1

निदेशक का संदेश.....



रा.गां.रा.यु.वि.सं. वर्ष 2022 - 2023 की अवधी का सार संक्षेप

रा.गां.रा.यु.वि.सं. जैसे संस्थान के निर्बाध संचालन में विभिन्न हितधारकों के सामूहिक सहयोग और समर्थन की आवश्यकता होती है। यह एक अच्छी तेल लगी मशीन के प्रदर्शन के समान है, जो अपने किसी छोटे हिस्से द्वारा उत्पन्न बाधा के बिना सद्भाव से काम करती है। महामारी के दौर से बाहर निकलते हुए, संस्थान को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा इस दौरान भी संस्थान द्वारा शैक्षणिक विभागों की संख्या में बढ़ौत्री की गई और इन विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियों का भी संचालन किया गया।

भारत के माननीय प्रधान मंत्री के कुशल नेतृत्व ने सरकार को एक ऐसे दृष्टिकोण की कल्पना करने में सक्षम बनाया है जो भिन्न वास्तविकताओं से परिचित कराता है। आत्मनिर्भरता और स्वच्छता के विभिन्न मॉडल, जैसे आत्मनिर्भर भारत और स्वच्छ भारत, अपने आप में ट्रेंडसेटर योजना रहे हैं और संस्थान ने इन मॉडलों को अपनाने और युवाओं के भविष्य के लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने में उनका प्रभावी उपयोग करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। संस्थान के कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा दिए नित्य सहयोग से संस्थान और चंडीगढ़ एवं अरुणाचल प्रदेश में स्थित इसके दो क्षेत्रीय केंद्रों को अपने उचित कामकाज में प्रोत्साहन और समर्थन मिला जिससे संस्थान राष्ट्र निर्माण में योगदान करने योग्य सक्षम बना है।

पिछले सत्र के दौरान लॉन्च किए गए नए पाठ्यक्रम 2022-23 सत्र के दौरान समृद्धि प्राप्त करने लगे। नए लॉन्च किए गए पाठ्यक्रमों, अर्थात् अंग्रेजी, समाजशास्त्र में एमए, गणित में एमएससी, और कंप्यूटर विज्ञान (एआई और एमएल, साइबर सुरक्षा और डेटा विज्ञान) के पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने हेतु कई अध्ययन बोर्ड की बैठकें आयोजित की गईं, ये बैठकें जुलाई और सितंबर 2023 के माह में आयोजित की गईं। इस अवधि की उल्लेखनीय उपलब्धी सी.यू.ई.टी. पोर्टल पर संस्थान का पंजीकरण करना रहा। संस्थान में 2022-24 बैच से, छात्रों का प्रवेश सी.यू.ई.टी. पोर्टल के माध्यम से हो रहा है। इससे प्रवेश प्रक्रिया में विविधता आई है और देश के सभी हिस्सों से छात्र अब रा.गां.रा.यु.वि.सं. के पाठ्यक्रमों में दाखिला ले रहे हैं।

संस्थान ने देश के युवाओं को विशिष्ट कौशल-आधारित और नौकरी-उन्मुख कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर जागरूक करने के अपने उत्तरदायित्व को जारी रखा, इस रिपोर्ट के माध्यम से पूरी अवधि के दौरान आयोजित कार्यक्रमों को कवर किया गया है। नियमित अंतराल पर वास्तविक और वर्चुअल दोनो माध्यम से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने मार्च 2023 तक कुल 131 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। चंडीगढ़ के क्षेत्रीय केंद्र ने मार्च 2023 तक 68 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। अरुणाचल प्रदेश में नव स्थापित क्षेत्रीय केंद्र ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 20 प्रशिक्षण कार्यक्रम और कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न मुद्दों जैसे लिंग संवेदीकरण, व्यक्तिगत

स्वच्छता और व्यक्तित्व विकास से लेकर भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ शामिल किए गए। इनमें से कई प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों और संस्थानों के सहयोग से भी आयोजित किए गए।

कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए एल & डटी के सहयोग से दिए गए प्रशिक्षण इस अवधि के दौरान आयोजित एक उल्लेखनीय और ऐतिहासिक कार्यक्रम है। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कुशल बनाने और रोजगार की स्थिति को बढ़ावा देने हेतु प्रधान मंत्री की आउटरीच पहल के अनुरूप कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए संस्थान के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार और लार्सन एंड टुब्रो कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कांचीपुरम के संयुक्त सहयोग से निर्माण कौशल पर एक आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन 9 मई 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर में किया गया। कश्मीर के तीस युवाओं ने निर्माण संबंधी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवधि के दौरान आयोजित एक और उल्लेखनीय कार्यक्रम आयकर आयुक्त (टी.डी.एस.), चेन्नई के सहयोग और मार्गदर्शन से विभिन्न केंद्र सरकारी संस्थानों और संगठनों के लाभ के लिए कॉर्पोरेट कनेक्ट कार्यक्रम के तहत स्रोत पर कर कटौती/संग्रह (टी.डी.एस./टी.सी.एस.) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजनर किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन 16 सितम्बर 2022 को किया गया। श्री. एम. अर्जुन माणिक, आई.आर.एस., संयुक्त आयकर आयुक्त, टी.डी.एस. रेंज-3, चेन्नै ने परिचयात्मक भाषण दिया। श्री. डी.वी. सुब्बाराव, आई.आर.एस., अतिरिक्त आयकर आयुक्त टी.डी.एस. रेंज-1, चेन्नै ने मुख्य भाषण दिया जिसमें उन्होंने कर भुगतान और इसके लाभों पर जोर दिया। श्री एल. राजारामन, आई.टी.ओ. और डॉ. सी.ए. अभिषेक मुरली, अध्यक्ष, अखिल भारतीय करदाता संघ (ए.आई.टी.पी.ए.), चेन्नै द्वारा क्रमशः टी.डी.एस का आधार और नवीनतम संशोधन, टी.डी.एस. प्रावधान और इसके प्रभावी अनुप्रयोग जैसे सत्रों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी संगठनों के 43 कर्मचारियों और रा.गां.रा.यु.वि.सं. के कर्मचारियों ने भाग लिया।

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर, भारत की आजादी के 75 साल का जश्न मनाते हुए, विश्व स्वदेशी दिवस के उपलक्ष्य में, समाजशास्त्र विभाग और अंग्रेजी विभाग ने दिनांक 8 से 10 अगस्त 2022 के दौरान संस्थान में स्वदेशी कला और संस्कृति का जश्न मनाते हुए तीन दिवसीय जनजातीय उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय अनुसंधान केंद्र, नीलगिरी जिला, जनजातीय कल्याण विभाग, भारत सरकार के सहयोग से किया गया। तमिलनाडु से कुरुम्बा, इरुला, टोडा, पलिया और पूर्वोत्तर क्षेत्र के जनजातियों के प्रतिनिधि युवाओं ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के अतिथि जनजातीय अनुसंधान केंद्र, ऊटी के निदेशक डॉ. उदय कुमार ने विशेष भाषण दिया। आदिवासी संस्कृति को दर्शाते हुए एक स्वदेशी कला और संस्कृति प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक ने किया। कार्यक्रम में 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान महत्वपूर्ण प्रभाव के कई बैठकें आयोजित की गईं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें सबसे महत्वपूर्ण रही जो रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान समय-समय पर आयोजित की गईं। समिति द्वारा अप्रैल 2022 और मार्च 2023 के बीच विभिन्न अवसरों पर बैठक में भाग लिया गया और संस्थान के दिन-दैनिक मामलों में राजभाषा हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के विभिन्न तरीकों और साधनों पर चर्चा की गई।

संस्थान ने समसामयिक प्रासंगिकता के कई सेमिनार/वेबिनार और सम्मेलन भी आयोजित किए। ऐसे विशेष

कार्यक्रमों की प्रकृति एकल व्याख्यान सत्रों से भिन्न होती हैं, जिसमें उक्त विषय के एक विशेषज्ञ दो या तीन दिनों में आयोजित होने वाले बहु-सत्रीय कार्यक्रमों में आभासी/भौतिक व्याख्यान देते हैं। इस अवधि के दौरान संस्थान में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित सम्मेलन सबसे प्रमुख कार्यक्रम रहे।

कंप्यूटर विज्ञान विभाग, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गां.रा.यु.वि.सं.), श्रीपेरुम्बुदूर ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एस.एस.आर.), नई दिल्ली के प्रायोजन से 21 और 22 मार्च 2023 को युवा उन्नत कम्प्यूटेशनल कन्वर्जेंस (वाई.ए.सी.सी. - 2023) पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी, निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड ने मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मानव जीवन पर इसके प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए उद्घाटन भाषण दिया। पंजाब अभियांत्रीकी महाविद्याल, चंडीगढ़ के प्रोफेसर संजीव कुमार ने एक विशेष भाषण दिया जिसमें डिजिटल दुनिया में डेटा सुरक्षित रखने की आवश्यकता और साइबर सुरक्षा में नवीनतम विकास विषय पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का उद्घाटन 21 मार्च 2023 को किया गया।

अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग और सामाजिक कार्य विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी. के सहयोग से, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एस.एस.आर.), नई दिल्ली के प्रायोजन में दिनांक 24 और 25 मार्च 2023 के दौरान "21वीं सदी में युवा: संभावनाएं और मनोसामाजिक चुनौतियां" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सामाजिक एवं व्यवहार अनुसंधान विभाग, आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी. की पूर्व वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. बीना ई थॉमस ने विशेष संबोधन दिया, उन्होंने मीडिया की लत के इस मौजूदा युग में सामाजिक जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य भाषण प्रोफेसर पी.के. घोष, सामाजिक कार्य विभाग, विश्व भारती, श्रीनिकेतन, पश्चिम बंगाल द्वारा दिया गया, उन्होंने सामाजिक कार्य अभ्यास और सामाजिक कार्य शिक्षा में युवाओं के दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

भारत में स्थानीय प्रशासन@75-मुद्दे, चुनौतियाँ और समसामयिक विकास पर दिनांक 25-26 मार्च, 2023 के दौरान राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ के लोक प्रशासन विभाग ने कानून एवं शासन अध्ययन केंद्र, (सी.एस.एल.जी.), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जे.एन.यू.), दिल्ली के सहयोग से एक "राष्ट्रीय सम्मेलन" का आयोजन किया।

दिनांक 28-29 मार्च 2023 के दौरान समाजशास्त्र विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने युवा और कल्याण पर अपना पहला राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं से संबंधित विभिन्न उप-विषयों को कवर करते हुए युवा और कल्याण से संबंधित चिंतनों, मुद्दों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना रहा। सम्मेलन का उद्घाटन निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम के सार की ई-पुस्तिका का विमोचन किया। प्रोफेसर संघमिता शील आचार्य, अध्यक्ष, सेंटर फॉर सोशल मेडिसिन एंड कम्युनिटी हेल्थ, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज जे.एन.यू., नई दिल्ली ने अध्यक्षीय भाषण दिया और प्रोफेसर आभा चौहान, समाजशास्त्र विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय और अध्यक्ष, इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी ने उपस्थितों को संबोधित किया। डॉ. संध्या रानी, प्रोफेसर और अध्यक्ष, जनसंख्या, स्वास्थ्य और विकास केंद्र, विकास अध्ययन, टी.आई.एस.एस., मुंबई और डॉ. केडिलेज़ो किखी, प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग और अध्यक्ष प्रोफेसर, डॉ. बी.आर. अंबेडकर चेयर, तेजपुर विश्वविद्यालय पूर्ण सत्र के वक्ता रहे। सम्मेलन का समापन मद्रास विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. एम. तमिलरसन के समापन भाषण के साथ हुआ।

भाषाई सशक्तिकरण सेल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सहयोग से अंग्रेजी विभाग रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने,

अपने परिसर में 30-31 मार्च 2023 के दौरान "लिंग कथाएं और युवा वयस्क प्रवचन: एक समकालीन परिप्रेक्ष्य" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। अंग्रेजी विभाग के सहायक प्रोफेसर और प्रमुख (प्रभारी) डॉ. कौस्तुव चक्रवर्ती ने स्वागत भाषण दिया। प्रो वैष्णव नारंग, सेवानिवृत्त भाषाविज्ञान प्रोफेसर, जे.एन.यू. ने मुख्य भाषण दिया। तदुपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निर्मल कुमार का विशेष संबोधन रहा। प्रो. सोनजॉय दत्तरॉय, प्रमुख, अंग्रेजी विभाग और एम.ई.एल., इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने समापन भाषण दिया। सम्मेलन में ओमान, जापान, अमरीका और रूस के प्रतिनिधियों की भी मेजबानी की गई। जे.एन.यू., इग्नू, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर और शिक्षाविद इस अवसर पर उपस्थित रहे।

समीक्षाधीन अवधी के दौरान संकाय सदस्यों के साथ निदेशक सक्रिय रूप से अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया। वैधानिक निकायों जैसे अकादमिक परिषद, वित्त समिति, सी.यू.ई.टी. बैठकें और भवन एवं निर्माण समिति की बैठकें मिश्रित माध्यम से आयोजित की गईं। भौतिक माध्यम की वापसी से संस्थान के लिए और अधिक सकारात्मक बदलावों की ओर अग्रसर होने में मदद मिली और नए गेटवे आर्क के निर्माण का कार्य समाप्त हुआ और माननीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, भारत सरकार द्वारा दिसंबर 2022 में उद्घाटन किया गया।

मैं संस्थान के तीव्र विकास में समर्थन और सहयोग प्रदान करने हेतु सभी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

प्रो सिबनाथ देब, **पी.एच.डी.**, **डी.एस.सी.**
निर्देशक,
राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान
(संसदीय अधिनियम की संख्या 35/2012 के द्वारा राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार, श्रीपेरुम्बुदूर, तमिलनाडु - 602 105, भारत

अध्याय 2

संस्थान का विहंगावलोकन

क. संस्थान के बारे में

राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गाँ.रा.यु.वि.सं.), श्रीपेरुम्बुदूर, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन, संसदीय अधिनियम की सं. 35/2016 के तहत एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। यह केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का एक शीर्ष संस्थान है, जो युवा संगठनों, कार्यकर्ताओं और पेशेवरों के क्षमता निर्माण के लक्ष्य के साथ कार्य करता है। संस्थान देश भर में युवा सहयोगियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु एन.एस.एस. और एन.वाई.के.एस. के साथ निकट सहयोग में काम करता है। रा.गाँ.रा.यु.वि.सं. राष्ट्र के युवाओं को एक अनुकूल और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करने का प्रयास करता है जिससे वे अपनी आकांक्षाओं का एहसास कर और अपनी प्राकृतिक क्षमता का उच्चतम उपयोग कर सकें।

रा.गाँ.रा.यु.वि.सं. पूरे देश में युवा कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन करने के अपने बहुआयामी कार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करता है, साथ ही शैक्षणिक कार्यक्रमों को प्रदान करने के अतिरिक्त, पूरे देश में युवा विकास और विस्तार तथा आउटरीच पहल के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में मौलिक अनुसंधान में भी कार्यरत है।

रा.गाँ.रा.यु.वि.सं. देश में एक युवा प्रयोगशाला एवं निक्षापागार के रूप में कार्यरत है, जिस द्वारा युवा संबंधित विषयों में चौखसी रखी जा सकती है। संस्थान, युवा कल्याण एवं विकास हेतु कार्यरत अनेक संगठनों के साथ व्यापक नेटवर्क रखता है।

ख. संस्थान का उद्देश्य

क. भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने और सशक्त बनाने के लिए युवाओं के विकास हेतु एकीकृत दृष्टिकोण विकसित करना और निम्न द्वारा प्राप्त करना संस्थान का उद्देश्य:-

i. पॉलिसी तैयार करने के लिए कार्रवाई उन्मुख अनुसंधान निवेश प्रदान करना;

ii. विस्तार और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से नीति कार्यान्वयन करना। मूल्यांकन और प्रभाव अध्ययन को बढ़ावा देना और शिक्षण, प्रशिक्षण और अन्य शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन करना;

ख. अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप सभी युवा-संबंधित मुद्दों और मामलों पर व्यापक और वैज्ञानिक रूप से विश्लेषण किए गए डेटा को प्रदान करने हेतु पर्याप्त पुस्तकालय सुविधा, दस्तावेज़ीकरण और प्रकाशन के साथ उन्नत राष्ट्रीय युवा संसाधन केंद्र स्थापित करना;

ग. विस्तार और आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से अनुसंधान और विकास के ज्ञान का प्रसार करना;

घ. युवा निकायों, संगठनों और युवाओं से संबंधित एजेंसियों सहित हितधारकों के क्षमता निर्माण के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना;

ङ. समावेशी विकास और राष्ट्र निर्माण में शामिल होने के लिए युवाओं का सशक्तिकरण;

च. युवा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा के संस्थान के रूप में उभरना तथा उक्त प्रयोजन के लिए अपेक्षित प्रकार की व्यावसायिक श्रेष्ठता को बढ़ाना;

छ. स्नातकोत्तर स्तर पर रोजगार उन्मुख और अंतर-विषयक पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवा विकास के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करना।

ग.संस्थान का कार्य

संस्थान का कार्य निम्न होगा:

क. युवा कार्यक्रमों और समकालीन तथा भविष्य की प्रासंगिकता के मुद्दों पर नीति अनुसंधान, मूल्यांकन और प्रभाव विश्लेषण करने के माध्यम से एक "थिंक-टैंक" के रूप में विकसित होना;

ख. युवा संबंधित आंकड़ों के ज्ञान भंडार के रूप में कार्य करना;

ग. युवा प्रशिक्षण और विस्तार के लिए दस्तावेजों, सूचना और सेवाओं का प्रकाशन;

घ. युवा संबंधित नीति तैयार करने और युवा कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी सलाह और परामर्श प्रदान करना;

ङ. सरकारी और स्वैच्छिक क्षेत्र के युवा संगठनों के पेशेवर क्षमता का संवर्धन;

च. उचित प्रशिक्षण और अभिविन्यास कार्यक्रमों का डिजाइन, विकास और आयोजन;

छ. युवा संबंधित मुद्दों पर संगोष्ठी, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करना;

ज. शैक्षिक और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रसार के लिए केंद्र स्थापित करना;

झ. युवा प्रशिक्षण और युवा विकास से संबंधित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, केंद्र, संस्थान और ऐसी अन्य एजेंसियों के साथ सहयोग करना;

ञ. अध्ययन और अनुसंधान के कार्यक्रमों और संस्थान की उचित शाखा के अध्ययन के लिए अनुदेश प्रदान करना;

ट. संस्थान द्वारा विभिन्न शैक्षणिक स्तरों पर निर्धारित डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र या अन्य शैक्षणिक उपाधियों का शीर्षक निर्धारित कर प्रदान करना;

ठ. मानद डिग्री या अन्य विशिष्ट उपाधी, फेलोशिप, छात्रवृत्ति और पदक प्रदान करना;

ड. अपने पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों और अन्य उपाधियों के लिए फीस और अन्य शुल्क का निर्धारण, मांग और प्राप्त करना;

ढ. भारत सरकार और अन्य विकास एजेंसियों द्वारा प्रायोजित युवाओं से संबंधित परियोजनाओं और अध्ययनों का संचालन और समन्वय करना;

ण. संस्थान में केंद्र सरकार, शैक्षिक, तकनीकी, प्रशासनिक, प्रबंधकीय और अन्य पदों का पूर्व अनुमोदन से सृजन करना और संस्थान के नियमों और विनियमों के अनुसार नियुक्तियां करना;

त. संस्थान के कार्यों के संचालन को विनियमित करना;

थ. संस्थान के सभी कर्मचारियों और छात्रों के अनुशासन की निगरानी और नियंत्रण;

द. किसी भी भवन या इमारतों का निर्माण, परिवर्तन और रखरखाव करना, चल-अचल परिसम्पत्तियों की खरीद, किराया, लीज़, विनिमय या अधिग्रहण करना;

ध. मुक्त विश्वविध्यालयों के सहयोग से दूरस्त शैक्षिक केंद्रों की स्थापना, युवाओं के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए इच्छुक युवा पेशेवरों तक पहुंच प्रदान करना;

न. आवासीय कक्ष, छात्रावास की स्थापना, रखरखाव और प्रबंधन;

प. शिक्षकों और अन्य श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए आचार संहिता सहित सेवा की शर्तें निर्धारित करना;

फ. संस्थान के छात्रों के अनुशासन की निगरानी, नियंत्रण और विनियमित करना और उनके स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था करना।

ब. प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय युवा विकास संस्थानों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रमों का समन्वयन।

भ. उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अनुकूल या आकस्मिक सभी गतिविधियों का सहयोग, सहायता और बढ़ावा देना।


घ.संस्थान की शासन संरचना

भारत के माननीय राष्ट्रपति संस्थान के कुलाध्यक्ष हैं।

संस्थान की बहुविध गतिविधियों पर सांविधिक निकायों अर्थात कार्यकारी परिषद, शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति और भवन एवं निर्माण कार्य समिति द्वारा निगरानी रखी जाती है।

निदेशक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं जो विभिन्न स्कूलों, विभागों एवं केन्द्रों के माध्यम से संस्थान के दिन-दैनिक कामकाज के लिए उत्तरदायी हैं।

ङ. संस्थान का संगठनात्मक चार्ट



अध्याय 3

शैक्षणिक गतिविधियाँ

शैक्षणिक कार्यक्रम पर विविरण

क. डॉक्टरेट कार्यक्रम

संस्थान द्वारा वर्ष 2011 से पी.एच.डी. कार्यक्रम (पूर्णकालिक और अंशकालिक) की पेशकश जारी रखी, इन पीएच.डी. कार्यक्रमों के विषय निम्न हैं।

- **युवा सशक्तिकरण में पीएच.डी. (युवा अध्ययन और विस्तार)**
- **लिंग अध्ययन में पीएच.डी**
- **स्थानीय शासन और विकास में पीएच.डी**
- **जीवन कौशल शिक्षा में पीएच.डी**
- **अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान (एप्लाइड साइकोलॉजी) में पीएच.डी**
- **विकास अध्ययन में पीएच.डी**
- **सामाजिक अभियांत्रिकी में पीएच.डी**
- **सामाजिक कार्य में पीएच.डी**

ख. स्नातकोत्तर कार्यक्रम

संस्थान ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को समकालीन सामाजिक सिद्धांत और विचार के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए अंतःविषय दृष्टिकोण से ज्ञान प्रदान करने हेतु अनुकूलित बनाया गया है। रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा प्रदान किए जा रहे युवा अध्ययन पर सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों द्वारा अपने छात्रों को सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में एक करियर पेशेवरों में बदलने पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित किया गया है। संस्थान द्वारा निम्नलिखित सनातकोत्तर कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

1. एम.एससी. अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान
2. एम.एस.डब्ल्यू. (युवा और सामुदायिक विकास)
3. एम.ए. विकास अध्ययन
4. एम.ए. लोक प्रशासन
5. एम.एससी. कम्प्यूटर विज्ञान (डाटा विज्ञान)
6. एम.एससी. कम्प्यूटर विज्ञान (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग)
7. एम.एससी. कम्प्यूटर विज्ञान (साइबर सिक्योरिटी)
8. एम.एससी. गणित
9. एम.ए. समाज शास्त्र
10. एम.ए. अंग्रेजी

ग. स्नातक कार्यक्रम

1. बी.वोक परिधान विनिर्माण और उद्यमिता
2. बी.वोक फैशन डिजाइन और खुद्रा

बी.वोक फैशन डिजाइन और खुदरा एवं परिधान विनिर्माण और उद्यमिता

भारतीय वस्त्र और परिधान उद्योग पिछले कई वर्षों से बढ़ रहा है और भारत की जी.डी.पी. में अधिक योगदान दे रहा है तथा कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला क्षेत्र है। वर्तमान परिदृश्य में, परिधान और वस्त्र क्षेत्र देश की तरक्की और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की श्रेणियाँ, रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन पर आधारित हैं। इस क्षेत्र के कार्यबल में परिधान क्षेत्र के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण दक्षताओं/क्षमताओं जो, बाजार के दबाव को अभिनव प्रतिक्रियाओं से संचालित करने के साथ अस्थिर और तेजी से बदलते बाजार के लचीलेपन को ग्रहण करने की क्षमता की आवश्यकता है, इस पृष्ठभूमि के साथ, रा.गाँ.रा.यु.वि.सं. द्वारा फैशन डिजाइन और खुदरा और परिधान विनिर्माण और उद्यमिता में बी.वोक स्नातक डिग्री कार्यक्रमआरम्भ किया गया। इन कार्यक्रमों को रा.गाँ.रा.यु.वि.सं. और परिधान ट्रेनिंग एवं डिजाइन सेंटर (ए.टी.डी.सी.) और परिधान प्रबंधन संस्थान (आई.ए.एम.) के त्रिपक्षीय समझौते के माध्यम से प्रस्तुत किया जा रहा है।

कार्यक्रम के उद्देश्य निम्न हैं:

- उद्योग के भीतर विभिन्न कार्यों में "रोजगार भुमीकाओं" के प्रदर्शन के लिए उन्हे व्यावसायिक शिक्षा, हाथों - हाथ प्रशिक्षण प्रदान करना, ज्ञान और रोजगार कौशल को बढ़ावा देना ताकि उन्हे विदेशी नियोक्ताओं द्वरा अहम दर्जा प्राप्त हो सके।
- भावी पेशेवर बनाने के लिए तकनीकी उन्नति के अनुसार अनुकूलित कुशल कार्यबल के रूप में शिक्षार्थियों को तैयार करना।

व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल लिमिटेड (डबल्यू.डबल्यू.आई), मुंबई

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकस संस्थान द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2020 को व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल, लिमिटेड, मुंबई के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। डब्ल्यू.डब्ल्यू.आई. द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2021-22 से निम्नलिखित स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है:

क्र.सं.	विषय शीर्षक	क्र.सं.	विषय शीर्षक
1.	निम्न विशेषज्ञता में बी.एस.सी./ बी.ए फिल्म निर्माण: I. छायांकन II. निर्देशन III. संपादन IV. उत्पादन V. उत्पादन डिज़ाइन VI. ध्वनि रिकॉर्डिंग और डिजाइन VII. वी एफ एक्स	2.	निम्न विशेषज्ञता में एम.ए फिल्म निर्माण: I. छायांकन II. निर्देशन III. संपादन IV. उत्पादन V. ध्वनि रिकॉर्डिंग और डिजाइन
3.	खेल डिजाइन में बी.एस.सी./ बी.ए.+ स्नातकोत्तर डिप्लोमा	4.	एनिमेशन में बी.एस.सी./ बी.ए.+ स्नातकोत्तर डिप्लोमा
5.	विजुअल कम्युनिकेशन में बी.ए.+ स्नातकोत्तर डिप्लोमा	6.	एक्सपीरियंस डिजाइन (यू.आई/यू.एक्स डिजाइन) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
7.	अभिनय में बी.ए.	8.	पटकथा लेखन में बी.ए.
9.	बी.ए. फैशन डिजाइन	10.	संगीत रचना & संयोजन में बी.ए.
11.	बी.बी.ए. इवेंट मैनेजमेंट	12.	बी.बी.ए. मीडिया और संचार
13.	एम.बी.ए. मीडिया & मनोरंजन	14.	एम.बी.ए. इवेंट मैनेजमेंट & प्रायोगिक विपणन
15.	पटकथा लेखन में एम.ए.	16.	पटकथा लेखन में डिप्लोमा
17.	अभिनय में उन्नत डिप्लोमा		

घ. शैक्षणिक स्कंध

शैक्षणिक सत्र 2022-2024 का प्रारंभ

संथान के कार्यक्रमों और गतिविधियों पर एक उन्मुखीकरण सत्र से छात्रों हेतु शैक्षणिक सत्र 2022-2024 का प्रारंभ किया गया। छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं और संस्थान के मौलिक नियम एवं विनियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। संस्थान के कुलसचिव ने छात्रों के नए बैच का स्वागत किया और निदेशक ने ऑनलाइन के माध्यम से छात्रों से बातचीत की।

मेरिट स्कॉलरशिप

संस्थान ने अपने छात्रों को योग्यता के आधार पर मेरिट स्कॉलरशिप प्रदान करने की पहल की। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों की कड़ी मेहनत और विद्वतापूर्ण खोज के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में प्रदान किया जाता है। प्रत्येक विभाग से प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा में प्रथम और द्वितीय रैंक धारकों को यह छात्रवृत्ति दी जाती है।

सिंगल गर्ल चाइल्ड छात्रवृत्ति

यू.जी.सी. के दिशा-निर्देशों के अनुसार, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा सिंगल गर्ल चाइल्ड हेतु पोस्ट ग्रेजुएट इंदिरा गांधी स्कॉलरशिप के तहत दो वर्ष की अवधी (प्रति वर्ष 10 माह) के लिए 2,000/- रुपये प्रति माह का अनुदान दिया जाता है। इस योजना के तहत प्रति योग्य छात्र को छात्रावास शुल्क, वापसी योग्य जमा राशि और चिकित्सा शुल्क को छोड़कर प्रति वर्ष 20,000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र होते हैं।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु छात्रवृत्ति

भारत सरकार की योजना के अनुसार, संस्थान अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप और छात्रवृत्ति प्रदान करता है।

ङ. परीक्षा नियंत्रण की गतिविधियां

परीक्षा आयोजित करना, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम प्रकाशित करना और मार्कशीट एवं प्रमाण पत्र जारी करना परीक्षा नियंत्रण कार्यालय की आवश्यक जिम्मेदारियां हैं। परीक्षा के आरम्भ से एक सप्ताह पूर्व हॉल टिकट जारी किए जाते हैं। परीक्षा नियंत्रण के कार्यालय ने वर्ष 2022 के दौरान 2021-23 और 2020-23 बैच के स्नातकोत्तर छात्रों हेतु थ्योरी पेपर और फील्ड प्रैक्टिकम की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं और बकाया परीक्षाएं आयोजित कीं। परीक्षाओं के बाद, कार्यालय आंतरिक और बाह्य दोनों विशेषज्ञों द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का केंद्रीकृत मूल्यांकन आयोजित करता है। रिजल्ट पास बोर्ड के आयोजन पश्चात नतीजे घोषित किए जाते हैं। तदुपरांत सफल उम्मीदवारों को मार्कशीट का विवरण जारी किया जाता है, साथ ही कार्यालय ने सफल उम्मीदवारों को समेकित अंक विवरण, प्रतिलेख और अनंतिम प्रमाण पत्र जारी किए हैं। कार्यालय ए.टी.डी.सी. और डब्ल्यू.डब्ल्यू.आई. के साथ संयुक्त रूप से प्रस्तुत पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा का संचालन करता है। परीक्षा नियंत्रण कार्यालय पीएच.डी. स्कॉलरों हेतु डॉक्टरेट समिति की बैठक आयोजित करता है, पाठ्यक्रम कार्य परीक्षा भी आयोजित करता है, पीएच.डी. थीसिस मूल्यांकन के लिए बाहरी विशेषज्ञों को तय करता है और पी.एचडी. मौखिक परीक्षा के संचालन की प्रक्रिया को सुहूलियत प्रदान करता है।

अध्याय 4

प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियाँ

I. प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा आयोजित

विशेष व्याख्यान और योग प्रदर्शन के साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग उत्सव

14 मई 2022


प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 14 मई 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के काऊंट्डाउन के अवसर पर योग और सामान्य योग प्रोटोकॉल (सी.वाई.पी.) पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आरम्भ करने हेतु योग उत्सव के हिस्से के रूप में, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा एक विशेष आयोजन किया गया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के लिए ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान और योग प्रदर्शन किया गया।



डॉ. वसंती राजेंद्रन, प्रोफेसर और प्रमुख, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के काऊंट्डाउन को चिह्नित करने हेतु 75 दिनों के लिए विभिन्न योग केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रधान मंत्री के आजादी का अमृत महोत्सव के पहल के बारे में पृष्ठभूमि प्रदान की।



डॉ. वसंती राजेंद्रन द्वारा योग पर परिचय के पश्चात, कृष्णमाचार्य योग मंदिरम, चेन्नै की वरिष्ठ संकाय सुश्री साईकृपा ने **"कल्याण के लिए योग"** विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि खुशहाली का तात्पर्य तनाव की अनुपस्थिति है; हमारी भलाई के लिए चुनौती या खतरा पैदा करता है वह तनाव है। तनाव दो चीजों से प्रदर्शित की जा सकती है जिसमें तनावकर्ता - बाहर से और तनाव प्रतिक्रिया - आंतरिक से शामिल है।





तनाव की अवधारणा के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि तनाव मानव प्रणाली की सभी परतों को प्रभावित करता है - शरीर, सांस, मन, व्यक्तित्व और भावनाएं जिनमें *अन्नमय कोष; प्राणमय कोष; मनोमय कोष; विज्ञानमय कोष; और आनंदमय कोश* शामिल हैं।

उन्होंने आगे एक व्यक्ति के जीवन स्तर के आधार पर योग अभ्यास विकसित करने की रणनीतियों के बारे में उल्लेख किया जिसमें शिक्षा कर्म; रक्षण कर्म; आध्यात्मिक कर्म; और चिकित्सा कर्म शामिल हैं।

योग-आधारित हस्तक्षेप रणनीतियों के लाभों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने आसन को एक बाहरी अनुशासन के रूप में उल्लेख किया जो शारीरिक रूप से संरेखण लाता है और इसलिए मनोविज्ञान मे भी बदलाव देता है। प्राणायाम के अभ्यास में सांस के माध्यम से ऊर्जा का नियमन शामिल है जबकि ध्यान मन की स्थिति को बदलने के शक्तिशाली उपाय हैं। उन्होंने योग-आधारित हस्तक्षेप रणनीतियों के विशिष्ट लाभों पर निम्न रूप से उल्लेख किया:

- आहार नियम - आहार और जीवनशैली में अनुशासन
- तपस: एक निरंतर अभ्या से शरीर के सभी स्तरों पर विषाक्त पदार्थों को खत्म करने पर केंद्रित है
- स्वाध्याय - आत्मनिरीक्षण, चिंतन
- ईश्वर प्रणिधान - स्वीकार करने और जाने देने का दृष्टिकोण विकसित करना
- समत्वम् की ओर - सभी स्थितियों में समभाव विकसित करना

अपने व्याख्यान के बाद, उन्होंने सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार महत्वपूर्ण योग सूत्र (आसन) का प्रदर्शन किया। तदुपरांत प्रश्नोत्तर सत्र रहा, जिसमें छात्रों और संकाय सदस्यों ने संसाधन व्यक्ति से अनेक शंकाओं का निदान पाया। कार्यक्रम में कुल 97 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का अनुपालन

21 जून 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

प्रति वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का अनुसरण किया जाता है। वर्ष 2014 में प्रधान मंत्री मोदी ने



प्रस्तावित किया कि 21 जून, जिसे ग्रीष्म संक्रांति के रूप में भी जाना जाता है, को योग दिवस के रूप में चुना जाए। तब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 177 देशों के समर्थन से इस दिवस की घोषणा की। प्रथम योग दिवस वर्ष 2015 में मनाया गया। दिनांक 21 जून, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 8वें संस्करण के रूप में चिह्नित किया गया है।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के निर्देश पर, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने 21 जून 2022 को अपने परिसर में



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कृष्णमाचार्य योग मंदिरम की निदेशक डॉ. नृत्या जगन्नाथन ने अपने विशेष व्याख्यान में उल्लेख किया कि योग शरीर के शारीरिक और मानसिक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मन, शरीर और आत्मा के बीच संतुलन बनाने में मदद करता है। बाद में उन्होंने इस वर्ष के विषय 'मानवता के लिए योग' पर बात की। तदुपरांत कृष्णमाचार्य योग मंदिरम की संकाय सुश्री पद्मिनी गणपति ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न योग संबंधी कार्यक्रम आयोजित करने और सामान्य योग प्रोटोकॉल को लागू कर योग उत्सव मनाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मंत्रालय के निर्देश पर, संस्थान ने 14 मई से 21 जून 2022 के दौरान नियमित योग गतिविधियों का आयोजन किया।

दिनांक 10 मई 2022 को, कश्मीर के युवा प्रशिक्षुओं ने 30 प्रतिभागियों के साथ युवा संसाधन केंद्र में योगाभ्यास

किया, कार्यक्रम का समंयवन श्री मोहन राज, शारिरिक शिक्षा प्रशिक्षक के साथ प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वसंती राजेंद्र दवारा किया गया।



दिनांक 11, 18, 24 और 30 मई, 2022 को अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग के छात्रों ने, उन्हें आवंटित विभिन्न स्थानों जैसे यूथ गैलरी, ऑडिटोरियम एंट्रेंस, फाउंटेन एरिया और लाइब्रेरी बिल्डिंग लॉबी के पास श्री मोहन के साथ 12 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया।



दिनांक 12, 19 और 25 मई, 2022 को विकास अध्ययन विभाग के छात्रों ने नव शैक्षणिक ब्लॉक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. रिसेप्शन लॉबी और एन.वाई.आर.सी. बिल्डिंग जैसे विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया, जिसमें रा.गां.रा.यु.वि.सं. के श्री मोहन राज पी.ई.टी. और एम.एस.डब्ल्यू. द्वितीय वर्ष के छात्र श्री नीलुतपाल गोगोई सहित 11 प्रतिभागियों ने योग का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का समंवयन डॉ. नियति आर कृष्णा ने किया।





दिनांक 13, 20 और 26 मई, 2022 को स्थानीय शासन विभाग के छात्रों ने लाइब्रेरी लॉबी, एन.वाई.आर.सी. और यूथ गैलरी में तेरह प्रतिभागियों के साथ रा.गां.रा.यु.वि.सं. के श्री मोहन राज पी.ई.टी. के साथ योग का प्रदर्शन किया, जिसका समन्वय प्रोफेसर इंद्रजीत सिंह सोढी, विभागाध्यक्ष, स्थानीय शासन विभाग द्वारा किया गया।



दिनांक 2 जून, 2022 को समाजशास्त्र विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के छात्रों और संकायों ने रा.गां.रा.यु.वि.सं. रिसेप्शन लॉबी में योग प्रदर्शन किया। समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिष्ठा भट्टाचर्जी द्वारा कार्यक्रम का समन्वयन किया गया। विभिन्न विभागों के लगभग बीस विद्यार्थियों ने योगाभ्यास में भाग लिया।



दिनांक 17, 23, 27 और 31 मई, 2022 को सामाजिक कार्य विभाग के छात्रों ने उन्हें आवंटित विभिन्न स्थानों जैसे पोर्च, यूथ गैलरी और न्यू अकादमिक ब्लॉक में योग कार्यक्रम आयोजित किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के श्री मोहन राज पी.ई.टी. के साथ पंद्रह प्रतिभागियों ने योग प्रदर्शन किया। डॉ. एस. ललिता, सामाजिक कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष ने योग कार्यक्रम का समन्वय किया।

प्रतिष्ठित स्थान पर योग कार्यक्रम

20 जून, 2022,गांधी स्मारक, श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 8वें संस्करण की काउण्टडाउन के हिस्से के रूप में 20 जून 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. के छात्रों ने संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ श्रीपेरुम्बुदूर में राजीव गांधी स्मारक पार्क के शांत वातावरण में योगाभ्यास किया। प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वसंती राजेंद्र ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के साथ 8वें योग दिवस के महत्व और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों बढ़ावा दिया जाना चाहिए पर संक्षेप में बताया। योग विशेषज्ञ और अभ्यासकर्ता डॉ. पी. भास्करन ने योग के विभिन्न प्रकार के आसनों का प्रदर्शन किया, जो शरीर, मन और आत्मा के लिए फायदेमंद और सहायक हैं।



राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के युवा कार्यक्रम और खेल प्रभारी मंत्रियों का राष्ट्रीय सम्मेलन

24-25 जून 2022, कवाड़िया, गुजरात



केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रियों का भारत में खेल के विभिन्न पहलुओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 24-25 जून 2022 को केवडिया, गुजरात में चर्चा और विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान खेल के विभिन्न पहलुओं, खेलो इंडिया योजना, राज्यों में खेल के मैदानों, प्रशिक्षण केंद्रों/अकादमियों की जियो-टैकिंग, खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभा की पहचान और विकास, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों, आदिवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खेलों को बढ़ावा देना, स्वदेशी खेलों और डोपिंग रोधी शिक्षा और जागरूकता के महत्व, खेल सहायता पेशेवरों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर विस्तार से चर्चा की गई और विभिन्न विकासात्मक रणनीतियां विकसित की गईं। डॉ. वसंती राजेंद्रन, प्रोफेसर और प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं ने सम्मेलन में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

युवा संकाय और शोधकर्ताओं हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम

06-08 जुलाई 2022, तेज़पुर विश्वविद्यालय

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गां.रा.यु.वि.सं.) के सहयोग से दिनांक 6-8 जुलाई, 2022 के दौरान

टीचिंग लर्निंग सेंटर, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम द्वारा उत्तर पूर्वी क्षेत्र के युवाओं के विकास के लिए शोधकर्ताओं और युवा संकाय सदस्यों हेतु एक तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 43 युवाओं ने भाग लिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और युवाओं के महत्व के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है जहां के युवा प्रचुर ऊर्जा, साहस, साहसिक कार्य की भावना, आशा और महत्वाकांक्षा से भरे हुए हैं। प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वसंती राजेंद्र ने भारत की राष्ट्रीय युवा नीति और सतत लक्ष्यों पर एक प्रस्तुति दी और अपने समापन भाषण में युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य के मॉड्यूल के बारे में उल्लेख किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में सतत युवा विकास की उपलब्धि में योगदान देना, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं व्यक्तित्व विकास के माध्यम से युवाओं का क्षमता निर्माण, उत्तर पूर्वी क्षेत्र में हाशिए पर या कमजोर स्थितियों को मुख्यधारा में लाना, विभिन्न युवा विकास मुद्दों के समाधान के लिए सरल व्यावहारिक मॉडल का सुझाव, स्व-विकास के लिए युवाओं को प्रेरित करना और मौजूदा सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना रहा।



सचिव (यु.का.) की अध्यक्षता में सी.बी.सी. द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला/बैठक

12 जुलाई 2022

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने मंत्रालयों और विभागों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाओं की तैयारी के बारे में चर्चा करने हेतु क्षमता निर्माण आयोग के साथ मंत्रालय, घटक विभागों और संगठनों के अधिकारियों (अनुभाग अधिकारियों और उससे ऊपर) के अधिकारियों के लिए एक बैठक आयोजित की गई। सचिव (युवा कार्यक्रम) ने सत्र की अध्यक्षता की और बैठक के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य-एच.आर. डॉ. बालासुब्रमण्यम ने आयोग के कार्यों और वार्षिक योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक

15 जुलाई और 22 जुलाई, 2022

दिनांक 15 जुलाई 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. और एन.आई.ई.पी.एम.डी. (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के तहत कार्यरत) के बीच संयुक्त रूप से बहु-विकलांग व्यक्तियों हेतु विभिन्न व्यवसायों में प्रमाणपत्र/डिप्लोमा कार्यक्रम प्रदान करने की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। दिनांक 22 जुलाई 2022 को सेक्टर कौशल परिषद की आवश्यकताओं के अनुसार नौकरी भूमिका/योग्यता पैक के राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों के साथ पाठ्यक्रम के संरेखण और रा.गां.रा.यु.वि.सं. के वैधानिक निकायों द्वारा अनुमोदन की प्रक्रियाओं के बारे में चर्चा करने के लिए एक अनुवर्ती बैठक आयोजित की गई। बैठक के परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न मान्यता निकायों द्वारा जांचे जाने हेतु निप्मैड द्वारा एक मसौदा पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

हस्तनिर्मित कागज उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम (बैच - IV)

21-22 जुलाई, 2022

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एन.आई.आर.डी. एंड पी.आर.) एवं भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कश्मीर में राजौरी



जिलों के थानामंडी गांव और सेक्टर-28 सेना के वंचित युवाओं के लिए दिनांक 21-22 जुलाई, 2022 के दौरान हस्तनिर्मित कागज को उत्पादों में बदलने पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 22 युवाओं ने भाग लिया। उनके द्वारा पेपर बैग, पेपर गिफ्ट बॉक्स, फोटो फ्रेम और पेन स्टैंड आदि तैयार किए गए। श्री जे रवींद्र राव, गांधी हस्तनिर्मित पेपर आर.पी.टी. टेक्नोलॉजी पार्टनर इस कौशल प्रशिक्षण के संसाधन व्यक्ति रहे। सी.आई.ए.टी. और आर.टी.पी., एन.आई.आर.डी. और पी.आर., श्री शब्बीर अहमद भट और सी.एन.आ.ई.सी., रा.गां.रा.यु.वि.सं. कार्यक्रम के समन्वयक रहे।

हर्बल उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम (बैच - III)

27-28 जुलाई, 2022



प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं., राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एन.आई.आर.डी. एवं पी.आर.), पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से कश्मीर के गांदरबल जिलों के गुल्टी बाग गांव के वंचित युवाओं के लिए दिनांक 21-22 जुलाई, 2022 के दौरान हर्बल उत्पादों पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कुल 27 नवयुवा-लड़कियों ने हर्बल उत्पाद बनाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संसाधन व्यक्ति डॉ. झाँसी लक्ष्मी ने विभिन्न आकार और रंगों में साबुन बनाने और हेयर डाई और हर्बल शैम्पू बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया। सी.आई.ए.टी. और आर.टी.पी., एन.आई.आर.डी. और पी.आर., श्री शब्बीर अहमद भट्ट और सी.एन.आई.सी., रा.गां.रा.यु.वि.सं. कार्यक्रम के समन्वयक रहे।

कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (बैच - I)

02-04 अगस्त, 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 02-04 अगस्त 2022 के दौरान व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, केरल सरकार के रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 2 अगस्त 2022 किया गया और उन्होंने किशोरों और युवाओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला, जिसे प्रारंभिक चरण से ही प्रदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कैरियर मार्गदर्शन की प्रक्रियाओं और चरणों तथा रेफरल सेवाओं के साथ-साथ जरूरतमंद छात्रों और युवाओं के लिए मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा की पेशकश के लिए परामर्श के बुनियादी तत्वों को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में उल्लेख किया। बाद में उन्होंने व्यवस्थित करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए करियर मूल्यांकन और करियर प्रोफाइलिंग के महत्व पर प्रकाश डाला।

डॉ. वसंती राजेंद्रन, प्रोफेसर और प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने

कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, इसके उद्देश्य, अपेक्षित परिणाम और प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शामिल किए जाने वाले मॉड्यूल के बारे में जानकारी दी।

सत्रों को डॉ. कल्याणी केनेथ, सह-आचार्य, मद्रास स्कूल ऑफ सोशल वर्क, चेन्नै, एक्सपोहर कंसल्टिंग एंड सर्विसेज, चेन्नै के श्री जवाहर एम.सोमावर और आंतरिक संसाधन द्वारा संभाला गया।

कार्यक्रम के दौरान, रा.गां.रा.यु.वि.सं. की पूर्व छात्रा सुश्री सोबिया मणिमुत्तु जिन्होंने करियर काउंसलिंग में एम.ए. किया और वर्तमान में दुबई के एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय स्कूल में स्कूल काउंसलर के रूप में कार्यरत हैं, ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और एक व्यवसायी के दृष्टिकोण से प्रतिभागियों के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान की।

इस कार्यक्रम द्वारा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों/प्लेसमेंट अधिकारियों को युवाओं को सूचित शैक्षिक और व्यावसायिक विकल्प तैयार करने की अपनी क्षमता संवर्धन में सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम में 38 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (बैच - II)

10-12 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 10-12 अगस्त 2022 के दौरान व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, केरल सरकार के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के लिए कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को अपने छात्रों के बीच करियर योजना को बढ़ावा देने और व्यवस्थित करियर निर्णय लेने की दिशा में मार्गदर्शन देने हेतु उनके क्षमता संवर्धन, प्रतिभागियों को करियर परामर्श प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना, विभिन्न करियर क्षेत्रों/करियर विकल्पों पर अनुभव प्रदान करना, योजनाएं और छात्रवृत्तियां, उन्हें कैरियर मूल्यांकन और कैरियर प्रोफाइल तैयार करने पर उन्मुख करना रहा।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैरियर योजना और कैरियर निर्णय लेने पर सत्र चलाए गए, नौकरी खोज और रोजगार कौशल; शिक्षा एवं कैरियर पारिस्थितिकी तंत्र को समझया गया; कैरियर परामर्श प्रक्रिया और सामग्री; कैरियर परामर्श एवं कैरियर विकास सिद्धांतों के दृष्टिकोण; कैरियर संबंधी जानकारी; कैरियर परामर्श में मूल्यांकन; कैरियर प्रोफाइलिंग; और शैक्षणिक संस्थानों में कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श सेवाएँ स्थापित करने जैसे विभिन्न विषयों से प्रतिभागियों को लैस किया गया। कार्यक्रम ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों/प्लेसमेंट अधिकारियों को युवाओं को सूचित शैक्षिक और व्यावसायिक विकल्प बनाने और लागू करने में सहायता करने के लिए अपनी क्षमता विकसित करने में सक्षम बनाया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिभागियों ने महसूस किया कि वे वैज्ञानिक मूल्यांकन, आउटरीच सेवाओं आदि का संचालन करके व्यक्तिगत और समूह कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करके अपने संबंधित संस्थानों में छात्र युवाओं को प्रभावी ढंग से सेवाएं प्रदान कर सकते हैं। प्रतिभागियों को युवाओं को निर्णय लेने के कौशल में सुधार करने, आत्म-सम्मान और प्रेरणा बढ़ाने, कैरियर के अवसरों को अधिकतम करने, रोजगार विपणन क्षमता और अवसरों में सुधार करने, प्रभावी नौकरी प्लेसमेंट को बढ़ावा देने और नियोक्ता संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रभावी ढंग से सक्षम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में केरल सरकार के सामान्य शिक्षा निदेशालय के व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक शिक्षा विंग के तहत कार्यरत व्यावसायिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 33 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य-एच.आर. डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम का रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर का दौरा

12 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 12 जुलाई 2022 को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में क्षमता



निर्माण आयोग द्वारा आयोजित आभासी कार्यशाला की अगली कड़ी के रूप में, क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य-एच.आर. डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम जो, एक व्यापक रूप से सम्मानित विकास विशेषज्ञ, सार्वजनिक नीति विश्लेषक, नेतृत्व प्रशिक्षक और लेखक हैं तथा श्री मिली बुद्धिराजा, युवा पेशेवर, क्षमता निर्माण आयोग ने सरकारी विभागों, मंत्रालयों और एजेंसियों की वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाओं और क्षमता निर्माण गतिविधियों के मानकीकरण, सामंजस्य और साझा समझ के सी.बी.सी. के अभ्यास के हिस्से के रूप में दिनांक 12 अगस्त 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. का दौरा किया। उन्होंने संस्थान के संकायों, प्रशासनिक कर्मचारियों और छात्रों के साथ बातचीत की। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने सी.बी.सी. के प्रश्नों का स्पष्टीकरण प्रदान करने के अतिरिक्त पिछले दो वर्षों और सात महीनों में संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति की।

हर घर तिरंगा कार्यक्रम

11 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 11 अगस्त 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. में हर घर तिरंगा कार्यक्रम शुरू किया गया। हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु भारत सरकार के नागरिक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए रा.गां.रा.यु.वि.सं. के सभी संकाय, कर्मचारियों, आउटसोर्स कर्मचारियों को रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब द्वारा राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया।

इस अवसर के दौरान संस्थान के संकाय, कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मियों को राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने के बारे में बताया गया और ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति का उपयोग कर ध्वज संहिताओं का चित्रण किया गया। निदेशक ने संकाय, कर्मचारियों और आउटसोर्स कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे भारत सरकार के निर्देश के अनुसास दिनांक 13 से 15 अगस्त के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास राष्ट्रीय ध्वज के साथ हमारा जुड़ाव संवर्धित करना तथा युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना जगाना है।



एन.वाई.के.एस. के नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों हेतु 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण

22 अगस्त - 05 सितंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने 22 अगस्त से 05 सितंबर 2022 तक एन.वाई.के.एस. के जिला युवा अधिकारियों के लिए 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम में 16 राज्यों के पैंतीस जिला युवा अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रदान की। श्री. एम.एन.नटराजन, एन.वाई.के.एस. के क्षेत्रीय निदेशक ने अध्यक्षीय भाषण दिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रो. सिबनाथ देब ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने युवा विकास के लिए रणनीतियों पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और हाशिए वर्गों से हैं।



प्रेरण प्रशिक्षण एन.वाई.के.एस. के लक्ष्य, उद्देश्यों और कार्यों, विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाओं, प्रशासनिक, वित्त संबंधी प्रक्रियाओं का पालन करने, डी.वाई.ओ. द्वारा आयोजित किए जाने वाले नियमित और विशेष कार्यक्रमों, युवा क्लबों के गठन और पोषण जैसे सत्रों पर केंद्रित रहा। वार्षिक कार्य योजना की तैयारी, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों की नीतियां, कार्यक्रम और योजनाएं, स्वैच्छिकवाद, युवा संस्कृति, राष्ट्रवाद और देशभक्ति, युवाओं की नागरिक भागीदारी, जीवन कौशल शिक्षा, कैरियर मार्गदर्शन, परियोजना प्रस्ताव तैयार करना, आपदा प्रबंधन और शमन, लिंग संवेदीकरण, सोशल मीडिया और आई.टी. कौशल, दस्तावेज़ीकरण, रिपोर्टिंग और प्रेस और मीडिया के साथ संपर्क, युवाओं और सामुदायिक विकास में बाधा डालने वाले विविध सामाजिक मुद्दों पर इनपुट, सामुदायिक गतिशीलता, युवा क्लबों के साथ नेटवर्किंग, एन.वाई.के.एस. एम.आई.एस. प्रबंधन, ईमानदारी और सुशासन, साइबर अपराध और कानून, विभिन्न कार्यालय प्रक्रियाएं, मानवाधिकार, प्रशासन में नैतिकता और मूल्य, टी.ए./डी.ए., ए.पी.ए.आर. और एल.टी.सी. से संबंधित नियम, जी.एफ.आर. प्रक्रियाएं, ऑडिट, जी.ई.एम. के माध्यम से जी.एफ.आर. के अनुसार वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, लेखा प्रबंधन और वित्तीय रिपोर्टिंग, ई-गवर्नेंस, पेंशन से संबंधित पहलू, आर.टी.आई. से संबंधित मुद्दों आदि को संभालना गया। प्रतिभागियों को युवा क्लबों के कामकाज और युवा नेतृत्व पहल सहित सामुदायिक विकास में उनके योगदान को देखने के लिए क्षेत्र दौरे पर ले जाया गया।



एन.वाई.के.एस. के नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों हेतु 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण

12-26 सितंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 12 से 26 सितंबर 2022 के दौरान एन.वाई.के.एस. के जिला युवा अधिकारियों हेतु 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 7 उत्तरी राज्यों के 31 जिला युवा अधिकारियों ने भाग लिया।



प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। श्री. मनोरंजन, राज्य

निदेशक, एन.वाई.के.एस. (तमिलनाडु और पुडुचेरी) ने अध्यक्षीय भाषण दिया।

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उपस्थितों को ससंबोधित किया। उन्होंने युवा विकास के लिए रणनीतियों पर बात की, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों से हैं और हाशिए वर्गों से संबंधित हैं। उन्होंने विकास के सभी क्षेत्रों में वंचित युवाओं को शामिल करने और मुख्यधारा में लाने का आह्वान किया। उन्होंने उल्लेख किया कि जिला युवा अधिकारियों को सामुदायिक आकांक्षाओं की रूपरेखा तैयार करने के अलावा युवा विकासात्मक गतिविधियों को शुरू करने से पहले एक आवश्यकता विश्लेषण करने की जरूरत है। उन्होंने स्थानीय विकास में युवाओं हेतु उचित स्थान प्रदान करने और पारदर्शी शासन सुनिश्चित करने हेतु सामुदायिक निर्णय लेने में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने युवा विकास एजेंसियों के बीच सेवाओं के व्यापक अभिसरण और देश के युवाओं के लिए योजनाएं और कार्यक्रम प्रदान करने वाले विभिन्न मंत्रालयों के बीच अंतर-क्षेत्रीय दृष्टिकोण का भी आह्वान किया।

प्रतिभागियों को सर सी.पी.रामास्वामी अय्यर पर्यावरण शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र, प्रेस सूचना ब्यूरो (दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय), सूचना और प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, चेन्नै, स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केंद्र, चिवाड़ा और तिरुतनी में युवा क्लबों के क्षेत्रीय दौरे पर ले जाया गया।

युवा विकास सूचकांक 2022

18 अक्टूबर 2022

युवा विकास सूचकांक 2022 विषय पर सचिव, युवा कार्यक्रम के साथ चर्चा की श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 18 अक्टूबर 2022 को राष्ट्रमंडल के अनुसंधान प्रबंधक सुश्री टेरी-एन के साथ एक ऑनलाइन बैठक ओजित कर सूचकांक तैयार करने हेतु कार्यप्रणाली, नमूनाकरण तकनीक और डेटा के स्रोत, विशेष रूप से सर्वेक्षण से संबंधित विभिन्न स्पष्टीकरण मांगे। इसके अतिरिक्त, नंबर्स पीपल एंड सिनर्जी की सुश्री जेम्मा वुड, जो कंबोडिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, नामीबिया, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के दशों के युवा विकास सूचकांक और आसियान और अफ्रीकी संघ के लिए क्षेत्रीय सूचकांक एवं वैश्विक सूचकांक पर भी काम कर रही हैं और श्री गिल्बर्ट-रॉबर्ट्स, अनुसंधान प्रबंधक, आर्थिक, युवा और सतत विकास निदेशालय के साथ भी चर्चा की गई। इस बैठक के परिणामस्वरूप, भारत युवा विकास सूचकांक तैयार करने हेतु तीन विकल्प, सचिव (युवा कार्यक्रम), युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्तुत किए गए।

राष्ट्रीय एकता दिवस - 2022 का अनुपालन और "सरदार वल्लभभाई पटेल - एकीकरण के वास्तुकार" के कार्यों पर एक प्रदर्शनी

31 अक्टूबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



वर्ष 2014 से दिनांक 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को चिह्नित करने हेतु 'एकता दिवस' मनाया जाता है, जो अपनी सर्वोच्च देशभक्ति, दृढ़ इच्छाशक्ति और दृढ़ विश्वास के साहस के लिए जाने जाते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और राज्यों के एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका ने उन्हें 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि से सम्मनित किया। स्वतंत्रता



दिवस, 2022 के उपलक्ष में माननीय प्रधान मंत्री द्वारा एकता, को "पांच प्रण' का हिस्से के रूप में घोषित किया गया। देश भर में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में दिनांक 25 से 31

अक्टूबर, 2022 के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल की देशभक्ति का सम्मान करने और उनकी शिक्षाओं और मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ का एक सप्ताह लंबे समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. और सामाजिक कार्य विभाग ने संयुक्त रूप से संस्थान में राष्ट्रीय एकता दिवस - 2022 समारोह का आयोजन किया।



प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने संकाय, अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। तत्पश्चात, रा.गां.रा.यु.वि.सं. के सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख डॉ. एस. कुमरवेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उपलब्धियों पर बात की। इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल पर एक लघु फिल्म, "द आयरन मैन ऑफ इंडिया" दर्शाया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और योगदान को मनाने के लिए, "सरदार पटेल - एकीकरण के वास्तुकार" शीर्षक से एक प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक ने किया।



एन.वाई.के.एस. के नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों हेतु 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण

16-30 नवंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 16-30 नवंबर 2022 तक एन.वाई.के.एस. के जिला युवा अधिकारियों हेतु 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल जैसे 20 राज्यों के 35 जिला युवा अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। उन्होंने युवा विकास एजेंसियों के बीच सेवाओं के व्यापक अभिसरण और देश के युवाओं हेतु योजनाएं और कार्यक्रम प्रदान करने वाले विभिन्न मंत्रालयों के बीच अंतर-क्षेत्रीय दृष्टिकोण का आह्वान किया। प्रेरण प्रशिक्षण में एन.वाई.के.एस. के लक्ष्य, उद्देश्य और कार्य, विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाएं, प्रशासनिक, वित्त संबंधी प्रक्रियाओं का पालन, डी.वाई.ओ. द्वारा आयोजित किए जाने वाले नियमित और विशेष कार्यक्रम, युवा क्लबों का गठन और पोषण, वार्षिक कार्रवाई, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों की योजना तैयार करना जैसे सत्र शामिल किए गए। योजनाओं के व्यावहारिक कार्यान्वयन पर जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिभागियों को क्षेत्र भ्रमण पर ले जाया गया। महानिदेशक, एन.वाई.के.एस. श्री. नितेश कुमार मिश्रा, आई.सी.ए.एस. संयुक्त सचिव, युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार और महानिदेशक, एन.वाई.के.एस. ने समापन भाषण दिया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने अध्यक्षीय भाषण दिया। श्रीमती जी. एस. चित्रा, निदेशक (एन.वाई.के.एस. और रा.गां.रा.यु.वि.सं.), युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार, श्री मनीष किशन, अवर सचिव, युवा कार्यक्रम विभाग, भारत सरकार, श्री एन.एस.मनोरंजन इस अवसर पर उपस्थित रहे।

ऑर्बियन फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के युवा अधिकारियों हेतु व्यक्तिगत दक्षता संवर्धन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण. 14-15 दिसंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 14-15 दिसंबर 2022 के दौरान ऑर्बियन फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रीपेरुम्बुदूर के युवा अधिकारियों हेतु व्यक्तिगत दक्षता संवर्धन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। युवा अधिकारियों की चिंता न्यूनीकरण, तनाव से निपटने और कार्य-जीवन की बेहतर गुणवत्ता हेतु मानसिकता को फिर से तैयार करने में सक्षम बनाने के लिए रा.गां.रा.यु.वि.सं. और बाहरी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण इनपुट प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण में उनकी आंतरिक शक्ति और क्षमता को संवर्धित करने और चुनौतियों का मजबूती से सामना करने हेतु उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि भी प्रदान की गई।

एन.वाई.के.एस. के नवनियुक्त जिला युवा अधिकारियों के लिए 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण 16-30 दिसंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 16-30 दिसंबर 2022 के दौरान एन.वाई.के.एस. के जिला युवा अधिकारियों हेतु एक 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 23 राज्यों के पचास जिला युवा अधिकारियों ने भाग लिया।



प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम की पृष्ठभूमि प्रदान की। कार्यक्रम का उद्घाटन 16 दिसंबर 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर में श्री एन.एस. मनोरंजन, राज्य निदेशक, एन.वाई.के.एस. (तमिलनाडु और पुडुचेरी) द्वारा किया गया। बाद में रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।

प्रतिभागियों को विभिन्न संस्थानों के क्षेत्रीय दौरे पर ले जाया गया जैसे: टी.टी.के. अस्पताल (नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम पर प्रशिक्षण), स्वामी विवेकानन्द के जीवन के संस्मरण हेतु विवेकानन्द सांस्कृतिक केन्द्र, स्वामी विवेकानन्द ग्रामीण विकास सोसायटी (कौशल प्रशिक्षण केन्द्र), वायलूर, कूथमबाक्कम मॉडल ग्राम, एम.एस.एम.ई. विकास संस्थान, केन्द्रीय फुटवियर प्रशिक्षण संस्थान, हैंड इन हैंड कांचीपुरम।



रा.गां.रा.यु.वि.सं. में 15-दिवसीय प्रेरण प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 49 नव नियुक्त जिला युवा अधिकारियों (डीवाईओ) के लिए दिनांक 24 दिसंबर 2022 को श्री दिनकर कुमार सिंह, सदस्य, विजन @2047 के संयुक्त कार्य समूह, संचार मंत्रालय, द्वारा 'युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना' विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया।

युवाओं हेतु साइबर अपराध के खिलाफ सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

31 जनवरी 2023



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान द्वारा रामैया विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त विज्ञान के रा.से.यो. यूनिट, बेंगलुरु के सहयोग से 31 जनवरी 2023 को बेंगलुरु के उनके परिसर में "युवाओं हेतु साइबर अपराध के खिलाफ सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बाबू अंजनप्पा, पुलिस उपाधीक्षक राज्य खुफिया, कर्नाटक और श्री गगन जैन, संस्थापक और सी.ई.ओ., साइबर सेफ बेंगलुरु रहे और संसाधन व्यक्ति डॉ. अनंत प्रभु जी, कंप्यूटर अभियांत्रिकी और साइबर सुरक्षा में प्रोफेसर और साइबर लॉ प्रशिक्षक रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रामैया विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों के 300 छात्रों ने भाग लिया।

प्रोफेसर गोविंद आर कदंबी सर पी.वी.सी. (अनुसंधान) और डॉ. शरथ, प्रमुख (प्रबंधन अध्ययन) एफ.एम.सी. सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया और साइबर अपराधों के खिलाफ खुद को सुरक्षित रखने के बारे में युवाओं के बीच जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। रा.गां.रा.यु.वि.सं. युवाओं को साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय युवा नीति में सुझावों को आगे बढ़ाते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सतत विकास लक्ष्यों पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण - युवा सहभागिता

15-17 फरवरी 2023, योगी वमना विश्वविद्यालय, आंध्रप्रदेश

प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र द्वारा वाई.वी. विश्वविद्यालय के रा.से.यो. के सहयोग से उनके कार्यक्रम अधिकारियों के लिए दिनांक 15-17 फरवरी 2023 के दौरान सतत विकास लक्ष्यों - युवाओं की भूमिका विषय पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रोग्रामिंग के केंद्रीय सिद्धांत के अनुरूप युवा केंद्रित विकास को शामिल करने हेतु मार्गदर्शक सिद्धांतों की पहचान, सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) के विकास और निर्माण की प्रक्रिया का पता लगाना और युवा कार्यों हेतु इसकी प्रासंगिकता पर एन.एस.एस. स्वयंसेवक नेताओं को सलाह प्रदान करना, युवा विकास केंद्रित लेंस से एस.डी.जी. से जुड़ी कार्य परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन योगी वेमना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गिन्का रंगा जनार्दन ने किया। वाई.वी. विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना सेल के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एन वेंकट रामी रेड्डी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस कार्यक्रम द्वारा सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप कानूनी, शासन, बुनियादी ढांचे और मनोसामाजिक जैसे विभिन्न आयामों से विकास लेंस का पता लगाया गया। विशेष रूप से, आर्थिक लक्ष्यों को समझना - बेरोजगार का बढ़ाव - यह समझना कि कैसे प्रमुख आर्थिक मॉडल नौकरियां पैदा करने में विफल रहा है और सेवाओं तक पहुंच के लिए समाज में बहिष्कार कैसे होता है पर विचार-विमर्श किया गया।

सुश्री इशानी सेन और सुश्री नेनी केथी रेड्डी प्रवाह, नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण के सत्रों का संचालन किया गया। कार्यक्रम में योगी वेमन्ना विश्वविद्यालय, कडप्पा, आंध्र प्रदेश के 37 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

उद्यमिता हेतु युवा मार्गदर्शन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

22-24 फरवरी 2023, सिद्धो-कान्हो-बिरशा विश्वविद्यालय, कोलकाता



प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.सं.वि.यु.रा.गां. ने सिद्धोबिरशा विश्वविद्यालय-कान्हो-, कोलकाता की एन.एस.एस. इकाई के सहयोग से दिनांक 22-24 फरवरी, 2023 के दौरान अपने घटक और संबद्ध कॉलेजों के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के लिए उद्यमिता हेतु युवा मार्गदर्शन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण में उद्यमिता का अर्थ, परिभाषाएँ, विशेषताएँ; उद्यमशीलता कौशल का आकलन, संभावित उद्यमियों की पहचान; उद्यमिता विकास - उद्यमिता की अवधारणा, उद्यमिता विकास की प्रक्रिया; व्यावसायिक विचारों और नवाचारों का सृजन, ऊष्मायन और व्यावसायीकरण; स्वॉट विश्लेषण: अवधारणा और तकनीक; उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकारी योजनाएँ और प्रोत्साहन, लघु और मध्यम उद्यम (एस.एम.ई./एस.एस.आई.) पर सरकार की नीति; आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, समय प्रबंधन और कुल गुणवत्ता प्रबंधन; बाज़ार सर्वेक्षण: अर्थ, उद्देश्य, सर्वेक्षण के तरीके और परियोजना का निर्माण, परियोजना का वित्तीय विश्लेषण पर सत्र संचालित किए गए। इसके अतिरिक्त स्व-निदान अभ्यास, विचार-मंथन, केस अध्ययन, समूह चर्चा, समूह अभ्यास/कार्य आदि विभिन्न पद्धतियों का पालन करते हुए शिक्षाविदों और उद्यमिता के विशेषज्ञों द्वारा सत्रों की सुविधा प्रदान की गई। कार्यक्रम में कुल 34 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के कर्मचारियों के लिए नेत्र जांच शिविर

23 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



नेत्र स्वास्थ्य और देखभाल को बढ़ावा देने, कंप्यूटर विजन सिंड्रोम की रोकथाम और नेत्र दृष्टि से संबंधित कार्य संबंधी खतरों को दूर करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा अपने परिसर में दिनांक 23 फरवरी 2023 को एक नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। लॉरेंस और मेयो, चेन्नै के नेत्र रोग विशेषज्ञ, ऑप्टोमेट्रिस्ट, चिकित्सा सहायक और ऑप्टिशियंस की एक टीम ने नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। लाभार्थियों को उनके नेत्र स्वास्थ्य और दृष्टि में सुधार के लिए चिकित्सा सलाह प्रदान की गई। इस पहल से रा.गां.रा.यु.वि.सं. के कुल 68 कर्मचारी लाभान्वित हुए।

युवाओं में व्यक्तित्व और रोजगार क्षमता संवर्धन पर प्रशिक्षण

24-28 फरवरी 2023, एन.आई.टी. रायपुर

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान द्वारा मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग, एन.आई.टी. रायपुर के सहयोग से दिनांक 24-28 फरवरी 2023 को 'युवाओं में व्यक्तित्व और रोजगार क्षमता संवर्धन' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी विश्वविद्यालयों के 104 छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को 21वीं सदी में व्यक्तित्व और रोजगार क्षमता विकसित करने के उभरते विचारों और रुझानों से परिचित कराया गया। इस 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ने पेशेवर और सामाजिक परिस्थिति में संचार और पारस्परिक कौशल से संबंधित मुद्दों को संबोधित किया। विभिन्न तकनीकी और गैर-तकनीकी संस्थानों जैसे आई.आई.आई.टी. नव रायपुर, इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर, हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रायपुर, एमिटी विश्वविद्यालय, रायपुर, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से विशेषज्ञों द्वारा कुल 25 व्याख्यान दिए गए।

युवा विकास के लिए सामाजिक उद्यमिता पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

08-10 मार्च 2023

सुंदरनार विश्वविद्यालय, तिरुनेलवेली, तमिलनाडु के सहयोग से दिनांक 8-10 मार्च 2023 के दौरान प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा 100 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए युवा विकास के लिए सामाजिक उद्यमिता पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और उद्घाटन भाषण दिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा एस.सी. एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को सामाजिक उद्यमिता के बारे में ज्ञान और कौशल प्रदान करना और सामाजिक सेवा और दृष्टिकोण में सुधार करना और नई अवधारणा अभिनव अभ्यास पर ज्ञान प्रदान करना रहा।

युवा अधिकार और कानूनी सहायता पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

20-22 मार्च 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 20-22 मार्च 2022 के दौरान मद्रास विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों हेतु युवा अधिकार और कानूनी सहायता पर प्रशिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवा सुविधा प्रदाताओं (मद्रास विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी) को अपने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों/युवाओं को संविधान लाइव पर और अधिक उन्मुख करना और युवा लोगों के साथ जाग्रिक यात्रा पर क्षमता निर्माण करना रहा।

मॉड्यूल में भारत के संविधान, प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्यों और मौलिक अधिकारों पर जागरूकता, संविधान लाइव का अनावरण, टूलकिट और टास्क लेना, जमघट के तत्वों की स्थापना - प्रतिबिंब और स्कोरिंग, टास्क कार्ड की रचना, बाल अधिकारों पर गहराई से जानकारी, जाग्रिक यात्रा के चरणों और मुख्य निष्कर्षों पर सूचना, मॉक डिवीजन: सत्र आवंटन, प्रश्न और उत्तर सहित मॉक सत्र तथा माइक्रोसाइट/डिजिटल पोर्टल प्रदर्शन पर सत्र शामिल किए गए। कार्यक्रम में तीस एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

युवाओं में उच्च जोखिम व्यवहार की रोकथाम पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

23-25 मार्च 2023

असम विश्वविद्यालय, सिलचर में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों हेतु युवाओं के बीच उच्च जोखिम व्यवहार की रोकथाम पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 27 से 29 तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित व्यापक विषय जैसे शराब सेवन, वेपिंग और तंबाकू का उपयोग, ड्रग्स और मादक द्रव्यों का उपयोग, एच.आई.वी. / एड्स, आत्मघाती व्यवहार, असुरक्षित यौन गतिविधि, सेक्सटिंग और सोशल मीडिया के अन्य जोखिम उपयोग, अवांछित गर्भधारण, यौन संचारित रोग पर जानकारीयुक्त सत्र संचालित किए गए। जोखिम न्यूनीकरण तथा जिम्मेदार व्यवहार पर हस्तक्षेप रणनीतियाँ भी सिखाई गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वारा एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों को निम्नलिखित विषयों में जानकारी प्रदान कर सक्षम बनाया गया:

- उच्च जोखिम व्यवहार और किशोरों एवं युवाओं के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले नकारात्मक परिणामों पर युवा पदाधिकारियों की जागरूकता का स्तर बढ़ाना।
- युवा पदाधिकारियों द्वारा जोखिमग्रस्त युवाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाना।
- समस्याओं से जूझ रहे किशोरों/युवाओं की मदद के लिए व्यक्तिगत/कस्टम-निर्मित हतक्षेप कार्यक्रम तैयार करना।
- मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा/रेफ़रल सेवाएँ प्रदान करना।
- सामुदायिक संवेदीकरण कार्यक्रमों के माध्यम से किशोरों/युवाओं के बीच जोखिम न्यूनीकरण बढ़ावा देना।

कार्यक्रम में असम के कुल 35 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

युवा और स्वास्थ्य पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम

23-25 मार्च 2023, अहमदनगर महाविद्यालय, महाराष्ट्र

महाराष्ट्र और गोवा के विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के लिए उनके क्षेत्रीय निदेशालय, महाराष्ट्र और बी.एच.पी.ई सोसायटी के अहमदनगर महाविद्यालय के पैनलबद्ध प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा युवा और स्वास्थ्य पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों को सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रजनन बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम समग्र स्वास्थ्य और युवा, किशोर स्वास्थ्य - किशोरों में शारीरिक और मनोवैज्ञानिक परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य और युवा, युवाओं में आत्महत्या की रोकथाम, युवाओं की पोषण संबंधी आवश्यकताएं, शांति और सद्भाव के लिए योग और ध्यान, यौन संचारित संक्रमण, एच.आई.वी./एड्स, संक्रामक और गैर संचारी रोग, युवा स्वास्थ्य जागरूकता के लिए मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम और आई.ई.सी. पर प्रशिक्षित किया गया। प्रतिभागियों ने एन.एस.एस. क्षेत्रीय निदेशालय के मार्गदर्शन में संबंधित महाविद्यालयों के एन.एस.एस. कक्षों के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों को लागू करने के लिए एक कार्य योजना बनाई। कार्यक्रम में महाराष्ट्र और गोवा के कुल 35 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया।

उच्च शिक्षण संस्थानों के सहयोग से युवा विकास पर कार्यक्रम

मार्च 2023

रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा उच्च शैक्षणिक संस्थानों, जिनमें राष्ट्रीय संस्थान, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्वविद्यालय और सरकारी महाविद्यालय शामिल हैं के सहयोग से मार्च 2023 के महीने के दौरान युवाओं/छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रमों के उद्देश्य नीचे विवरित हैं:

- राष्ट्रीय युवा नीति और सतत विकास लक्ष्यों के प्राथमिक क्षेत्रों पर केंद्रित युवा विकास कार्यक्रमों का आयोजन।
- देश के युवाओं को समग्र युवा विकास प्राप्त करने हेतु मंच प्रदान करना।
- इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त इनपुट के आधार पर युवाओं को युवा नेतृत्व की पहल के लिए प्रेरित करना।
- युवा विकास पर मौजूदा सर्वोत्तम प्रथाओं पर जागरूकता प्रदान करना।
- स्थायी आजीविका हेतु युवाओं में विभिन्न रोजगार योग्यता कौशल का संवर्धन।
- युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने पर क्षमता निर्माण करना।

II. राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र (सी.एन.आई.सी.) द्वारा आयोजित कार्यक्रम

हर्बल उत्पादों पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

05-06 अप्रैल 2022



राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, (रा.गां.रा.यु.वि.सं.) द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालय, और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कश्मीर के गांदरबल जिलों के वंचित युवाओं के



लिए दिनांक 5-6 अप्रैल, 2022 के दौरान एक दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी हर्बल उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांदरबल जिले की 25 वंचित महिलाओं और तीन पुरुषों ने भाग लिया। प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और युवाओं को कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने की आवश्यकता को रेखांकित किया ताकि युवा रोजगार पा सकें।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान श्री मोहम्मद खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी, एन.आई.आर.डी. एंड पी.आर., श्री शब्बीर अहमद भट और प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र भी उपस्थित हुए। श्रीमती झाँसी ने कौशल प्रशिक्षण का सत्र संचालित किया।

हस्तनिर्मित कागज रूपांतरण पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, 07-08 अप्रैल 2022



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, (रा.गां.रा.यु.वि.सं.) ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान, पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के कलमचकला, हंदवाड़ा गांव के वंचित महिलाओं के लिए हस्त्निर्मित कागज रूपांतरण पर एक ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अठारह महिला प्रतिभागी शामिल हुईं और रंगीन पेपर बैग और फोटो फ्रेम बनाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन भारतीय सेना के सेक्टर-7 आर.आर. द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. कदिरेसन और श्री मोहम्मद खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी. एंड पी.आर. और प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र भी उपस्थित हुए। श्री शब्बीर अहमद भट ने कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया।

हर्बल उत्पादों पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

12-13 अप्रैल 2022

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, (रा.गां.रा.यु.वि.सं.), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान,




पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के लंगेट गांव से द्वियांग जनों के लिए दिनांक 12-13 अप्रैल, 2022 के दौरान हर्बल साबुन उत्पादन पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पंद्रह पुरुषों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री मोहम्मद खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी. एंड पी.आर. और प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास और क्षमता निर्माण भी उपस्थित हुए। श्रीमती झाँसी कौशल प्रशिक्षण की सहूलियतकर्ता रहीं।

कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए निर्माण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बैठक

13 अप्रैल 2022

दिनाक 13 अप्रैल 2022 को कश्मीर के युवाओं हेतु निर्माण कौशल प्रशिक्षण प्रादान करने हेतु हितधारकों और नामांकित व्यक्तियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। एल.एंड.टी के निर्माणकौशल प्रशिक्षण संस्थान के श्री मुकुल जेठवानी ने युवाओं को प्रशिक्षण के प्रति गंभीर होने का आवाहन किया क्योंकि दुनिया सिस्टम में कुशल लोगों की तलाश में है। एक निर्माण कार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम वह है जहां युवाओं को एल एंड टी और सी.एस.टी.आई., कांचीपुरम के सहयोग से भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी पाने की गारंटी दी जा सकती है। हाशिए पर रहने वाले युवाओं के लिए जो मानदंड और पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं वे इस प्रकार हैं:



- आयु- 18-35 वर्ष
- 5वीं से 12वीं कक्षा तक ही पात्र हैं

एल.एंड.टी द्वारा आरम्भ में निम्न चार प्रशिक्षण प्रदान किए जाएंगे:-

- फॉमवर्क बढ़ईगीरी
- बार बेंडिंग और स्टील फिक्सिंग
- चिनाई
- मचान तैयार करना

इत्र तेल से हैंड सैनिटाइजर उत्पादन पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम, 19-20 अप्रैल 2022

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सन्युक्त रूप से कश्मीर के गांदरबल जिले के दर्दपुरा गांव के वंचित युवाओं हेतु दिनांक 19-20 अप्रैल, 2022 के दौरान इत्र तेल से हैंड सैनिटाइज़र तैयार करने, विपणन और लाभ वरण पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में 25 महिलाओं ने भाग लिया। को ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण सरकार द्वारा दुनिया भर में अपने विभिन्न स्वास्थ्य और सौंदर्य लाभों के लिए भारत के सुगंधित तेल को मान्यता प्राप्त है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति श्री रवि तेजा ने एक स्पष्ट प्रस्तुति दी जिससे किसानों को उनकी आजीविका बढ़ाने में लाभ मिला। लेमनग्रास और रोज़मेरी मुख्य जड़ी-बूटियाँ थीं जिनकी खेती और विपणन के उद्देश्य से चर्चा की गई और यह भी प्रदर्शित किया गया कि कैसे सगंध तेल से सैनिटाइज़र बनाए जाते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, डॉ. कदिरेसन और श्री एम.डी. खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी. और पी.आर. उपस्थित रहे। श्री रवि तेजा लेबुरी, बी-टेक (ए), एम.बी.ए. फ्रांस के प्रबंध निदेशक एम/एस श्रिव रेन, कौशल प्रशिक्षण के संसाधन व्यक्ति रहे।

खाद्य-प्रसंस्करण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

28-30 अप्रैल 2022

तेजपुर विशवविद्यालय के अभिनव ऊष्मायन एवं उध्यमिता केंद्र और खाद्य अभियांत्रिकी तकनीक विभाग द्वारा दिनांक 28-30 अप्रैल 2022 को उत्तर पूर्व क्षेत्र के युवाओं और छात्रों के लिए खाद्य प्रसंस्करण (बेकरी उत्पाद) पर तीन दिवसीय कौशल विकास और रोजगार अवसर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 61 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उत्तर-पूर्वी युवाओं की ज़रूरतें भारत की मुख्य भूमि से भिन्न हैं, जिस पर अधिक ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है, जिसके लिए रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने विभिन्न विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों और संस्थानों के साथ सहयोग कर इस 3 दिवसीय प्रशिक्षण में खाद्य उद्योग/उद्यम विकास के लिए कौशल, बेकरी उत्पाद निर्माण में गुणवत्ता आश्वासन, बेकिंग उद्यम विकास, बेकरी उत्पादों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण, एफ.एस.एस.ए.आई. पंजीकरण और बेकरी उत्पाद के लिए खाद्य सुरक्षा लाइसेंस और खाद्य प्रसंस्करण इकाई विकास के लिए सरकारी योजनाएं और समर्थन पर सत्र संचालित किए गए। तीन दिनों के दौरान प्रतिभागियों ने स्वयं ही उत्साहपूर्वक बेकरी उत्पाद बनाने में शामिल हुए।



कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए निर्माण-संबंधित कौशल प्रशिक्षण का उद्घाटन

09 मई 2022

जम्मू-कश्मीर के युवाओं को कुशल बनाने और रोजगार की स्थिति में बढ़ौत्री लाने हेतु प्रधान मंत्री की आउटरीच पहल के अनुरूप कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं., और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं लार्सन एंड टुब्रो निर्माण कौशल प्रशिक्षण संस्थान, कांचीपुरम द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न निर्माण कौशल पर एक आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





कश्मीर के 35 युवाओं ने निर्माण संबंधी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. वसंती राजेंद्रन, प्रोफेसर और प्रमुख, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और निर्माण उद्योग के दायरे एवं प्रशिक्षुओं के लिए प्लेसमेंट प्रदान करने में रा.गां.रा.यु.वि.सं. और एल एंड टी की सक्रिय पहल के बारे में उल्लेख किया। श्री. एस. वी. नारायणन, प्रबंधन प्रमुख, एल.एंड.टी कांचीपुरम ने विशेष भाषण दिया। श्री. जे. कबिलन, प्रमुख, एच.आर., बिल्डिंग्स एंड फैक्ट्री (एल.एंड.टी. कंस्ट्रक्शन), चेन्नै ने अध्यक्षीय भाषण दिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कश्मीर के युवाओं को कौशल प्राप्त करने में गहरी रुचि दिखाने हेतु प्रोत्साहित किया, जिससे उपयोगी करियर बनाने के लिए उनकी दक्षता में वृद्धि होगी। श्री. बी. वेणु गोपाल, प्रधानाचार्य, लार्सन एंड टुब्रो निर्माण कौशल प्रशिक्षण संस्थान, कांचीपुरम ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। प्रारंभ में, 9-10 मई 2022 तक कश्मीरी युवाओं को रा.गां.रा.यु.वि.सं. में सॉफ्ट कौशल प्रशिक्षण और बुनियादी अभिविन्यास प्रदान किया गया।

एल एंड टी निर्माण कौशल प्रशिक्षण संस्थान, कांचीपुरम में कश्मीर के वंचित युवाओं हेतु लिए निर्माण-संबंधित कौशल प्रशिक्षण

11 मई 2022 - 10 जुलाई 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं.,श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 9-10 मई 2023 के दौरान प्रारंभिक सॉफ्ट-कौशल प्रशिक्षण में भाग लेने के पश्चात, कश्मीर के युवाओं ने 11 मई 2022 से कांचीपुरम में लार्सन एंड टुब्रो के निर्माण कौशल प्रशिक्षण संस्थान में इलेक्ट्रीशियन और बढ़ईगीरी में पूर्णकालिक आवासीय निर्माण संबंधी कौशल प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण 20% सैद्धांतिक इनपुट और 80% व्यावहारिक प्रशिक्षण सहित दो महीने की अवधि का रहा। प्रशिक्षण पूरा होने पर कश्मीरी युवाओं को कश्मीर और उसके आसपास के एल.एंड.टी. परियोजना स्थलों पर नौकरी प्रदान किया जाएगा।

घरेलू उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

24-25 मई 2022

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं., राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान और सेक्टर 3 ए.आर. 26 असम राइफल्स, भारतीय सेना ने संयुक्त रूप से दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के अंतर्गत कश्मीर के बारामूला जिले के वाटलाब गांव के हाशिए के युवाओं हेतु दिनांक 24-25 मई, 2022 के दौरान गृह-आधारित उत्पाद बनाने पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं., डॉ. कदिरेसन और श्री एम.डी. खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी.और पीआर उपस्थित रहे। सुश्री मंशा कौशल प्रशिक्षण की संसाधन व्यक्ति रहीं।

घरेलू उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

30-31 मई 2022

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान और सेक्टर 3 ए.आर. 26 असम राइफल्स, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की भारतीय सेना द्वारा संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कश्मीर के बारामूला जिले के डांगीवाचा गांव के वंचित युवाओं हेतु 30-31 मई, 2022 के दौरान गृह-आधारित उत्पाद बनाने पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया। प्रशिक्षण में उन्नीस युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान फिनाइल और टॉयलेट क्लीनर बनाए गए। ऐसे 40 से अधिक उत्पाद हैं जो घर पर बनाए जा सकते हैं, जिनमें से चार उत्पाद डिश वॉशर, डिटर्जेंट, फिनाइल और टॉयलेट क्लीनर इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बनाए गए। प्रतिभागियों ने व्यावहारिक रूप से उत्पाद बनाने में उत्साह से भाग लिया।



कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, डॉ. कदिरेसन और श्री एम.डी. खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी. और पी.आर. उपस्थित रहे। सुशी मंशा कौशल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने वाली संसाधन व्यक्ति रहीं। कार्यक्रम का समन्वयन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 2022 का अनुपालन

12 अगस्त 2022

दिनांक 12 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र (यू.एन) द्वारा नामित जागरूकता दिवस के रूप में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। यह दिन वैश्विक मुद्दों से निपटने और सतत विकास हासिल करने में बदलाव लाने में युवाओं की भूमिका को समर्पित है।



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने 12 अगस्त 2022 को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस - 2022 के उपलक्ष्य में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया, जिसके दौरान प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने इसके महत्व और अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस और वर्ष की थीम "अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देना और संघर्षों का प्रबंधन करना" के बारे में एक विस्तृत पृष्ठभूमि दी।

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने इस अवसर पर अध्यक्षीय भाषण दिया। उन्होंने बुजुर्ग आबादी से जुड़े अनिवार्य मुद्दों जैसे दुर्व्यवहार और उपेक्षा पर प्रकाश डाला और दोहराया कि युवाओं को बुजुर्गों के ज्ञान से सीखने और बुजुर्गों की देखभाल और सहायता प्रदान करने के प्रयास करने की जरूरत है।

विज़न एज इंडिया, चेन्नै के पूर्व मानद निदेशक और सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ. रवि सैमुअल ने "अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देना और संघर्षों को प्रबंधित करना" विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया, जिसके दौरान उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों के बीच टूटते संबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने द्वारा किए गए विभिन्न अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि बुजुर्गों की जनसांख्यिकी बढ़ रही है, साथ ही उनके सामने आने वाले खतरों और प्रतिकूलताओं को भी गिनाया। उन्होंने युवाओं और बुजुर्गों के बीच संबंधों को एकीकृत करने के लिए विभिन्न रणनीतियों का सुझाव दिया। बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए बुजुर्ग आबादी पर अध्ययन करने के अलावा देखभाल और सहायता प्रदान करने हेतु सक्रिय कदम उठाने का आह्वान भी किया।

इत्र तेलों से हैंड सैनिटाइज़र उत्पादन पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

17-18 अगस्त 2022

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान और भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से दिनांक 17-18 अगस्त 2022 के दौरान कश्मीर में बारामूला जिले के पांजला गांव के हाशिए पर रहने वाले युवाओं के लिए सगंध तेल से हैंड सैनिटाइज़र बनाने, विपणन और लाभों पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।



कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के संसाधन व्यक्ति श्री रवि तेजा ने एक जानकारीपूर्ण प्रस्तुति दी कि इससे किसानों को उनकी आजीविका में कैसे लाभ मिल सकता है। लेमनग्रास और रोज़मेरी खेती और विपणन उद्देश्य पर चर्चा की गई। उन्होंने यह भी प्रदर्शित किया कि इस तेल का उपयोग कर हैंड सैनिटाइज़र कैसे बनाए जाते हैं। सुगंधित तेल को ग्रामीण विकास मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रतिभागियों ने प्रस्तुति पर ध्यान केंद्रित कर हैंड सैनिटाइज़र बनाने का व्यावहारिक अभ्यास प्राप्त किया। श्री रवि तेजा लेबुरी, बी-टेक (ए), एम.बी.ए. फ्रांस, प्रबंध निदेशक श्रिव रेन ने संसाधन व्यक्ति के रूप में सुविधा प्रदान की।

हस्तनिर्मित कागज उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

25-26 अगस्त 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान तथा भारतीय सेना, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कश्मीर के बारामूला जिलों के वाटलाब सोपोर गांव के वंचित युवाओं के लिए हस्तनिर्मित कागज को उत्पाद में बदलने पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण दिनांक 25-26 अगस्त, 2022 के दौरान आयोजित किया।

इस ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम में 16 युवतियों ने रंग-बिरंगे कागज को अलग-अलग साइज के पेपर बैग में बदला। श्री जे रवींद्र राव, गांधी हैंडमेड पेपर आर.पी.टी. टेक्नोलॉजी पार्टनर द्वारा कौशल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की गई।

घरेलू उत्पादों पर ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

19-20 दिसंबर 2022

दिनांक 19-20 दिसंबर, 2022 के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान एवं सेक्टर 3 ए.आर. 26 असम राइफल्स, भारतीय सेना के सहयोग से कश्मीर के बांदीपोरा जिले के कंजालवान गांव के हाशिए पर रहने वाले युवाओं हेतु गृह-आधारित उत्पाद बनाने पर दो दिवसीय ग्रामीण प्रौद्योगिकी ऑनलाइन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। गृह आधारित उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण में 27 युवतियों ने भाग लिया। सुश्री मंशा प्रशिक्षक रहीं, जिन्होंने डिश वॉशर और डिटर्जेंट बनाने का प्रशिक्षण दिया, जो हर घर के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। विभिन्न घरेलू उत्पादों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के अलावा, उन्होंने प्रतिभागियों को विपणन रणनीतियों, पैकिंग, मूल्य निर्धारण और लाभ पहलुओं पर भी उन्मुख किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं., डॉ. कदिरेसन और श्री एम.डी. खान, वरिष्ठ सलाहकार, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजीज, एन.आई.आर.डी. और पी.आर. उपस्थित रहे।

जीवन कौशल शिक्षाण से युवा विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

01-03 मार्च 2023



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा कम्युनिटी महाविद्यालय, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 1-3 मार्च, 2023 के दौरान जीवन कौशल शिक्षा के माध्यम से युवा विकास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री नर्र चैतन्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुडुचेरी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे और उद्घाटन भाषण दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के बीच दस प्रमुख जीवन कौशल विकसित करना रहा जिसमें : निर्णय लेना, समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, आलोचनात्मक सोच, प्रभावी संचार, पारस्परिक संबंध कौशल, आत्म-जागरूकता, सहानुभूति और तनाव से निपटना जैसे विषय शामिल किए गए। कार्यक्रम में तमिलनाडु के विभिन्न महाविद्यालयों से 130 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

"युवाओं और किशोरों के अधिकारों पर समझ - एक सामाजिक कानूनी परिप्रेक्ष्य" विषय पर तीन दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यशाला

01-03 मार्च 2023



तमिलनाडु डॉ. अंबेडकर विधि विश्वविद्यालय, पेरुंगुडी, चेन्नै के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा दिनांक 1 मार्च 2023 से 3 मार्च 2023 तक युवाओं और किशोरों के अधिकारों को समझने हेतु एक सामाजिक-कानूनी परिप्रेक्ष्य पर 3 दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिनांक 3 मार्च 2023 को एन.एस.एस., एन.वाई.के.एस. और वाई.आर.सी. इकाई एवं विभिन्न विधि महाविद्यालयों के स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। श्रीमती कल्पना नायक, ए.डी.जी.पी., महिला एवं बाल अपराध विंग, तमिल नाडु सरकार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और उद्घाटन भाषण दिया। सत्र में बाल अधिकारों पर जागरूकता पैदा करने में मीडिया की भूमिका; बच्चों के कल्याण की रक्षा में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका; बंधुआ मजदूरी और तस्करी से बच्चों की सुरक्षा; बाल मनोविज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य; बाल विवाह की रोकथाम; युवा और किशोर अधिकारों के विधायी पहलू; बाल अधिकारों के कार्यान्वयन में न्यायपालिका की भूमिका; महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध पर वर्तमान परिदृश्य; साइबर सुरक्षा और युवा कल्याण पर प्रवर्तन एजेंसियों की भूमिका जैसे विषय शामिल किए गए।

अनुसूचित जाति के युवाओं हेतु जीवन कौशल शिक्षा

01-03 मार्च 2023

अध्ययन प्रबंधन विभाग, पेरियार संस्थान, सेलम के एन.एस.एस. इकाई के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 1-3 मार्च 2023 के दौरान अनुसूचित जाति के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु जीवन कौशल शिक्षा पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पेरियार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर.जगन्नाथन ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के युवाओं को समकालीन जीवन शैली के उनके व्यक्तिगत, व्यावसायिक और सामाजिक मुद्दों को समझने में मदद करना, पेशेवर सफलता के लिए आवश्यक कौशल पर जानकारी प्रदान करना और रोजगार के अवसरों से अवगत करना तथा नेतृत्व पर युवाओं का मार्गदर्शन करना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों जैसे माइंडफुलनेस; प्रभावी संचार; मानव अधिकार; परामर्श; समस्या को सुलझाना; कार्य जीवन एकीकरण; निर्णय लेने का कौशल; लैंगिक धाराप्रवाह; भावात्मक बुद्धि; सुखी जीवन के लिए पारस्परिक कौशल और न्यूनतमवाद जैसे विषयों पर सत्र संचालित किए गए। कार्यक्रम में कुल 104 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 65 महिलाएँ और 39 पुरुष शामिल हुए।



सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं तकनीकी रूप से स्वस्थ, सुरक्षित विकास पर तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

01-03 मार्च 2023

दिनांक 1 से 3 मार्च 2023 के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने सरकारी कला और विज्ञान महाविद्याला, किझिपलम, गुडलुर, नीलगिरी के सहयोग से नीलगिरी युवा अनुसूचित जनजाति के विशेष संदर्भ में

आज के सामाजिक परिवेश के अनुसार सरकारी कल्याण योजनाओं को प्राप्त करने और तकनीकी विकास, स्वस्थ और सुरक्षित अभिसरण पर एक जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में 31 पुरुष और 69 महिला प्रतिभागी शामिल हुए। श्री कोम्मू ओमकारम, गुडलूर जिला वन और श्री करुपैया, गुडलूर सहायक वन संरक्षक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। यह कार्यक्रम नीलगिरी युवा अनुसूचित जनजाति समुदाय को सरकारी पहुंच और उपयोग प्रदान करने में सक्षम बनाकर उन्हें सशक्त करने, कल्याणकारी योजनाएं, तकनीकी कौशल और ज्ञान विकसित कराने और स्वस्थ और सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने की दिशा में एक पहल रही।



परामर्श के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य में बढ़ौत्री

01-03 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा उत्तर प्रदेश के ए.एम.यू, अलीगढ़ के महिला महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के सहयोग से परामर्श के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन पर उत्तर पूर्व के युवाओं हेतु एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 130 छात्रों ने भाग लिया जिनमें से 48 पुरुष और 82 महिलाएँ रहीं।



कार्यक्रम में भारतीय संदर्भ में मानसिक स्वास्थ्य साहित्य पर वैज्ञानिक मीट्रिक अध्ययन, मानसिक स्वास्थ्य पर अर्थव्यवस्था का प्रभाव; बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए आत्म-अवधारणा और समायोजन; मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन में सकारात्मकता की भूमिका; मानसिक स्वास्थ्य पर गैजेट्स का प्रभाव और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में राजनीतिक समझ का महत्व जैसे विषयों पर सत्र संचालित किए गए।

विश्वविद्यालय के छात्रों में लैंगिक समानता पर धारणा विकसित करने पर कार्यक्रम

02-04 मार्च 2023



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा अन्नामलै विश्वविद्यालय, चिदंबरम के सहयोग से "विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच लैंगिक समानता पर धारणा निर्माण" पर एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 6-8 मार्च 2023 के दौरान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं के बीच सभी मानवाधिकार का अनुभव करने हेतु छात्रों के बीच लैंगिक समानता को बढ़ावा देना रहा, जिसमें हिंसा से मुक्ति, यौन और प्रजनन अधिकारों का प्रयोग, न्याय तक पहुंच, सामाजिक-आर्थिक गुणवत्ता और निर्णय लेने में भागीदारी, लैंगिक रूढ़िवादिता के बारे में सामाजिक विचारों का प्रतिबिंब; आत्म-सम्मान; लैंगिक असमानता और शमन रणनीतियाँ; निर्णय लेने में लिंग संतुलन; साइबर स्पेस में अपराध; सकारात्मक रोल मॉडल और लिंग भेदभाव; क्षमता निर्माण और लिंग धाराप्रवाह की गतिविधियाँ और कार्यान्वयन के उपाय जैसे विषय शामिल किए गए। प्रतिभागियों की कुल संख्या 103 रही।

सामाजिक न्याय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

02-04 मार्च 2023

दिनांक 2-4 मार्च 2023 को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, द्वारा डॉ. अंबेडकर सरकारी विधि महाविद्यालय, पुडुचेरी के सहयोग से सामाजिक न्याय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब और प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और समाज के कमजोर वर्ग का उत्थान करना और उन्हें समावेशी विकास के लिए समाज की मुख्यधारा में लाना और सामाजिक रूप से न्यायसंगत प्रथाओं पर जागरूकता को बढ़ावा देना, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं और भेदभाव को दूर करना और समान अवसर प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में कुल 107 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 39 पुरुष और 68 महिला प्रतिभागी थीं। प्रतिभागियों को सामाजिक न्याय के महत्व की बेहतर समझ प्राप्त हुई।



व्यावसायिक फ़ोटोग्राफ़ी और वीडियोग्राफी: तकनीकें और संभावनाएँ पर कार्यशाला

06-08 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा दिनांक 6 से 8 मार्च 2023 के दौरान पांडिचेरी विश्वविद्यालय के विजुअल कम्युनिकेशन विभाग के सहयोग से व्यावसायिक फोटोग्राफी तकनीकों और संभावनाओं पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र ने उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं। स्वतंत्र फिल्म निर्माता श्री शिव कुमार को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया तथा और प्रसिद्ध वन्य जीवन फोटोग्राफर श्रीमती रथिका रामासामी ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का उद्देश्य डी.एस.एल.आर. फोटोग्राफी में बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान करना, प्राकृतिक और कृत्रिम प्रकाश की समझ, अच्छी फोटोग्राफी की सराहना करना और एक पेशे के रूप में फोटोग्राफी के दायरे को समझाना रहा। इस कार्यक्रम दवारा प्रतिभागियों को एक ऑनलाइन पहचान बनाने और फोटोग्राफी के माध्यम से संभावित आय धाराओं की पहचान करने और एक पेशेवर फोटोग्राफर बनने के लिए आवश्यक बुनियादी निवेश के महत्व की ओर भी उन्मुख किया गया। कार्यशाला में 113 प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतिभागियों को अपनी तस्वीरों में विभिन्न मूड और प्रभाव बनाने के लिए प्राकृतिक और कृत्रिम प्रकाश का उपयोग करके व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में अच्छी फोटोग्राफी की सराहना करने पर एक सत्र भी संचालित किया गया। समापन समारोह में प्रोफेसर डी. सेल्वराज, कांचिमामुनिवर राजकीय संस्थान के निदेशक ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।



अंतर-वैयक्तिक कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

06-08 मार्च 2023

युवाओं को अंतर-व्यक्तिगत कौशल की मुख्यता को समझाने हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम के सहयोग से दिनांक 6-8 मार्च 2023 के बीच एक तीन दिवसीय



क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके कॉलेज के दिनों से ही पारस्परिक कौशल के महत्व के बारे में संवेदनशील बनाना और छात्रों को सॉफ्ट कौशल के साथ अपने जीवन में सुधार करने में सक्षम बनाना रहा। संपूर्ण तीन दिवसीय कार्यक्रम में पारस्परिक कौशल पर केंद्रित व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम बनाता, दूसरों के साथ सफलतापूर्वक सहयोग करना, संचार कौशल विचारों, राय और सूचनाओं को स्पष्ट और संक्षिप्त रूप से संप्रेषित करने में सक्षम बनाना, टीम कार्य संघर्ष समाधान में सुधार, प्रभावी नेतृत्व कौशल, बेहतर कार्यस्थल संबंध; संघर्षों से निपटने और प्रस्तुति कौशल; व्यक्तिगत विकास और भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संचार, मजबूत रिश्ते विकसित करना, जिससे उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इस तरह के प्रशिक्षण से प्रतिभागी अपने अंतर-व्यक्तिगत कौशल में काफी सुधार करने में सक्षम हुए। प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा किया कि वे अन्य लोगों को भी शामिल करेंगे ताकि पूरे छात्र समुदाय का समग्र विकास हो सके। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 102 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

नीलगिरी में आपदाओं के दौरान लोगों की सुरक्षा हेतु एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए आपदा प्रबंधन पर कौशल विकास कार्यक्रम

06-08 मार्च 2023


राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा सरकारी कला और विज्ञान महाविद्यालय, गुडलूर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 6-8 मार्च 2023 के बीच नीलगिरी में आपदाओं के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु आपदा प्रबंधन पर एक कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 100 से अधिक एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लिया। विधायक श्री पोन जयसीलन ने कार्यक्रम में विशेष भाषण दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के कौशल को समृद्ध करना और आपदाओं के दौरान बिजली, आग दुर्घटनाओं, प्रदर्शन और आपदा प्रबंधन के दौरान प्रौद्योगिकियों का उपयोग आदि विषयों से लैस करना रहा। प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने ऑनलाइन माध्यम से समापन भाषण दिया और बताया कि युवाओं को आपदा प्रबंधन क्यों सीखना चाहिए। प्रतिभागीगण आपादा प्रबंधन से संबधित कई नई बातें सीखने और उस दौरान कठिनाइयों का सामना करने के तरीकों को सीख लाभांवित हुए।



रोजगार कौशल - ग्रामीण प्रौद्योगिकियों के प्रवर्धन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

07-09 मार्च 2023

अन्नामलाई विश्वविद्यालय, बिजनेस प्रशासन विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 7-9 मार्च, 2023 के दौरान "ग्रामीण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजगार पैदा करना, कचरे को पुनर्चक्रित करके मूल्यवर्धित उत्पाद बनाना, बेहतर आवास, पेयजल, स्वच्छता, कठिन परिश्रम का उन्मूलन, गैर-पारंपरिक ऊर्जा को बढ़ावा देना आदि के माध्यम से मानव कल्याण करना रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा देने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए ग्रामीण



प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। ग्रामीण समुदायों का सशक्तिकरण, जल प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और अपशिष्ट निपटान जैसे संसाधन संरक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ संसाधन उपयोग को बढ़ावा दे सकते हैं। कौशल विकास, ग्रामीण निवासियों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रदान करना, डिजिटल साक्षरता और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने से प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने की उनकी क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम हेतु अर्थशास्त्र, ग्रामीण विकास, कृषि व्यवसायियों और मूल्यवर्धित उत्पादों का उत्पादन करने वाले किसानों जैसे विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों से संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने ग्रामीण प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने में प्रतिभागियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की। लगभग 110 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सत्र के अंत में प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, ऑनलाइन से शामिल हुईं और प्रतिभागियों के साथ बातचीत की।

मानसिक और शारीरिक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और स्व-संवर्धन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशा, 08-10 मार्च 2023

पांडिचेरी विश्वविद्यालय के सहयोग से दिनांक 8 से 10 मार्च 2023 के बीच स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और आत्म-मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा किया गया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने मुख्य अतिथि भाषण दिया और भविष्य के भारत के लिए युवाओं के शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का उद्देश्य स्वस्थ जीवन शैली प्रथाओं और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर युवाओं के बीच जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यशाला में 77 पुरुषों और 53 महिलाओं सहित कुल 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला को युवाओं में सकारात्मक स्वास्थ्य व्यवहारों को बढ़ावा देने, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और जीवनशैली में संशोधन के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने पर केंद्रित की गई। समापन सत्र के दौरान प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कार्यशाला को सफल बनाने के लिए आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। कार्यशाला निस्संदेह प्रतिभागियों और स्वस्थ जीवन जीने के प्रति उनके दृष्टिकोण पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकती है।



"युवाओं में उच्च जोखिम व्यवहार: जागरूकता और रोकथाम रणनीतियाँ" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 09-11 मार्च 2023

जनसंख्या अध्ययन विभाग, अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदंबरम और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने सन्युक्त रूप से दिनांक 9-11 मार्च 2023 के दौरान "युवाओं के बीच उच्च जोखिम व्यवहार: जागरूकता और रोकथाम रणनीतियाँ" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफेसर डॉ. आर.एम. कदिरेसन, कुलपति ने उद्घाटन भाषण दिया। कार्यक्रम के सत्र की सामग्री में: शराब का उपयोग और दुरुपयोग और इसका जोखिम, यौन उत्पीड़न और छात्रों पर उनका प्रभाव, अवैध गतिविधियां जैसे अतिक्रमण या बर्बरता, ट्रांसजेंडर, एसटीआई/एचआईवी/एड्स, जोखिम भरा यौन व्यवहार, सोशल मीडिया की भूमिका और लत, रोकथाम के तरीके



किशोरों के लिए जोखिम व्यवहार, सड़क सुरक्षा और दुर्घठना की रोकथाम, जंक फूड और प्रभाव तथा साइबर अपराध जैसे विषय शामिल किए गए। कुल 103 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में भाग लिया जिनमें से 57 महिलाएं और 46 पुरुष रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को विभिन्न जागरूकता, तरीकों और रोकथाम के साथ उच्च जोखिम व्यवहार की समझ दी गई जिससे उन्हें जीवन की स्थिति से निपटने में मदद मिलेगी।

युवा नेतृत्व, विकास और सामाजिक न्याय पर तीन दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम

11-13 मार्च 2023

कुल 138 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु दिनांक 11-13 मार्च, 2023 के बीच "युवा नेतृत्व, विकास और सामाजिक न्याय" पर तीन दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम पांडिचेरी विश्वविद्यालय, समाज विज्ञान स्कूल और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा समन्वित रूप से आयोजित किया गया। प्रोफेसर बी.बी. मोहंती, डीन, समाज विज्ञान स्कूल और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन ने उद्घाटन भाषण दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नागरिक उत्तरदायित्व और लैंगिक समानता के प्रति संवेदनशील बनाना, सार्वजनिक समस्या के बारे में जागरूकता पैदा करना और सेवा समाधान के लिए युवाओं में रचनात्मक सोच, नेतृत्व सेवा दृष्टिकोण विकसित करना रहा। इस कार्यक्रम के सत्र में: जीवन कौशल, हाशिये पर पड़े लोगों के लिए संवैधानिक अधिकार, लैंगिक समानता के एजेंट के रूप में युवा, योग और इसके प्रकार और ध्यान का महत्व, भारत के आर्थिक विकास में शक्ति के लिए विकेंद्रीकरण, पंचायती राज संस्थान में रोल मॉडल विकसित करना, युवा स्वयंसेवकवाद स्थानीय शासन, सकारात्मक युवा विकास के माध्यम से समुदाय को लोकतांत्रिक बनान आदि विषय शामिल किए गए। प्रो. के. दरनिकरण, निदेशक (प्रभारी) एस.ई.आई. और आर.आर., पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने समापन भाषण दिया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये।



वंचित युवाओं में सक्षमता और योग्यता निर्माण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

13-15 मार्च 2023



अलगप्पा विश्वविद्यालय, कराईकुडी के सामाजिक कार्य विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 13-15 मार्च, 2023 के दौरान वंचित युवाओं हेतु सक्षमता और योग्यता निर्माण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. राजा मोहन, कुलसचिव, अलगप्पा विश्वविद्यालय ने उद्घाटन भाषण दिया। कला संकाय के डीन प्रो. एस. धनुषकोडी ने कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम द्वारा हाशिये के लोगों हेतु सामाजिक समावेशन उपकरण के रूप में रोजगार योग्यता कौशल संवर्धित करना रहा। कार्यक्रम में लगभग सौ युवाओं ने भाग लिया।

क्षमता निर्माण वंचित युवाओं को बाधाओं को दूर करने और व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और संसाधनों से लैस करके सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित युवाओं के लिए सक्षम क्षमता निर्माण के महत्व और सामाजिक, आर्थिक समावेशिता और न्यायसंगत समाज को बढ़ावा देने में इसके संभावित लाभों को उजागर करना रहा।

वैश्विक ऊष्मीकरण व जलवायु परिवर्तन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

13-15 मार्च 2023

दिनांक 13-15 मार्च 2023 के बीच राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय, अर्थशास्त्र विभाग, वेल्लोर के सहयोग से एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों हेतु ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, वैज्ञानिकों और संबंधित नागरिकों को ज्ञान साझा करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तनों पर इसके प्रभाव से उत्पन्न गंभीर चुनौतियों का समाधान करने हेतु एक साथ लाना रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच पर्यावरण, जैव विविधता और मानव समाज पर जलवायु परिवर्तन के परिणामों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों और अवसरों की गहरी समझ प्राप्त हुई। इस आयोजन ने जलवायु कार्रवाई के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



समाजिक अधिकारों और लक्ष्यों की समझ पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

13-15 मार्च 2023

मनोनमनियम सुंदरनार विश्वविद्यालय के सहयोग से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा दिनांक 13-15 मार्च 2023 के दौरान समाज में प्राप्त किए जाने वाले अधिकारों और लक्ष्यों की समझ पर क्षमता निर्माण हेतु एक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनजातियों के सामाजिक विकास हेतु वंचित वर्गों के अधिकारों और विशेषाधिकारों की जानकारी दी गई। प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने सभा का अभिनंदन किया और ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। तीन दिवसीय सत्र में संवैधानिक अधिकार और कर्तव्यों को समझना; सामाजिक-आर्थिक विकास; भारत में जनजातीय विवाह प्रणाली; समाज में अधिकारों का कार्यान्वयन आदि विषय शामिल किए गए। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों की भागीदारी रही और कई नई चीजें सीखने को मिलीं।



जनजातीय क्षेत्रों में लैंगिक समानता की सुनिश्चितता हेतु युवाओं की भूमिका पर कार्यक्रम

13-15 मार्च 2023

दिनांक 13-15 मार्च 2023 के दौरान राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा मानव विज्ञान और जनजातीय अध्ययन विभाग, महाराजा श्रीराम चंद्र भांजा दियो विश्वविद्यालय, बारीपोडा, ओडिशा के सहयोग से "आदिवासी

क्षेत्रों में लैंगिक समानता कैसे सुनिश्चित करें: युवा भूमिका" विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. प्रमोद के. सतपति, अध्यक्ष, पी.जी. इस अवसर पर काउंसिल ऑफ एम.एस.सी.बी. यूनिवर्सिटी मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में लैंगिक भेदभाव के क्षेत्रों के बारे में जागरूकता पैदा करना, आदिवासी युवाओं को समाज में लैंगिक समानता लाने में उनकी भूमिका के बारे में सूचित करना, आदिवासी युवाओं को उनके परिवेश में लैंगिक असमानता को रोकने के तरीकों के बारे में शिक्षित करना रहा। मुख्य विषय जैसे लिंग बजटिंग: महिला सशक्तीकरण की ओर एक कदम; लैंगिक समानता और जनजातीय विकास में सहयोगी महिला की भूमिका; युवा और लिंग; पारिस्थितिकी-नारीवाद: प्रकृति पर एकीकृत दृष्टिकोण; जनजातीय समाज में संस्कृति और लैंगिक मुद्दे; लैंगिक असमानता: रुझान, भारतीय जनजातीय स्थिति और आगे का पथ; राजनीति में लिंग: मुद्दे और चुनौती; लैंगिक समानता: समस्या और परिप्रेक्ष्य; समसामयिक समाज में लैंगिक मुद्दों को समझना; पी.आर.आई. में जनजातीय महिलाओं के अधिकार; लिंग भेदभाव: तीसरे लिंग की आवाज़; लैंगिक असमानता को समझना: युवाओं की भूमिका, महिला सशक्तिकरण में एस.एच.जी. की भूमिका इस कार्यक्रम में शामिल किए गए। समापन सत्र में रा.गां.रा.यु.वि.सं. से प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुईं। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया दीं।



लुप्तप्राय शिल्प पर तीन दिवसीय पुनरुद्धार कार्यक्रम: पेपर मैशि डिजाइनिंग

13-15 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा दिनांक 13-15 मार्च, 2023 के दौरान विज्ञान एवं प्रौध्योगिकी इस्लामिक विश्वविद्यालय, कश्मीर के प्रबंधन अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "लुप्तप्राय शिल्प का पुनरुद्धार: पेपर मशी डिजाइनिंग" पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र के प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया और कश्मीर के युवाओं को प्रशिक्षित करने और कौशल आधारित नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा की गई पहल की सराहना की। कार्यशाला का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को पेपर-मशी उत्पाद बनाने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षित करना और युवाओं को ऐसे उत्पादों के विपणन और ब्रांडिंग के तरीकों से प्रशिक्षित करना, रोजगार कौशल का संवर्धन करना रहा। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से अधिकांश छात्र और बेरोजगार युवा शामिल थे, प्रतिभागियों ने पेपर-मैशी की बुनियादी बातें सीखीं और शिल्प को अपनी आजीविका कमाने के लिए एक पेशे के रूप में आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की और आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने में अपनी रुचि व्यक्त की।

युवा उद्यमिता पर तीन दिवसीय कार्यक्रम

13-15 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने राजा सर्फ़ोजी सरकारी महाविद्यालय, तंजावुर के सहयोग से दिनांक 13-15 मार्च, 2023 के बीच युवा उद्यमिता पर 3-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। युवा उद्यमिता का तात्पर्य युवा व्यक्तियों की भागीदारी से नवीन व्यवसायों का निर्माण करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता के तकनीकी और वाणिज्यिक पहलुओं की स्पष्ट वैचारिक समझ प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करना, छात्रों को वैकल्पिक दृष्टिकोण की व्यवहार्यता का आकलन करने और उद्यमिता विकास

तथा प्रबंधन के संबंध में रणनीतियों के संचालन हेतु प्रबंधकीय कौशल विकसित करने में सक्षम बनाना रहा। युवा उद्यमिता दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह युवा व्यक्तियों को सामाजिक चुनौतियों से निपटने और आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए अपनी रचनात्मकता, जुनून और क्षमता को उजागर करने का अवसर प्रदान करती है। सरकारों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र के संगठनों और समुदायों को एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए सहयोग करना है जो युवा उद्यमिता को बढ़ावा दे, ताकि अगली पीढ़ी के व्यापारिक नेताओं और परिवर्तन निर्माताओं के लिए एक आशाजनक भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।



किशोर न्याय कानून एवं अभ्यास पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

13-15 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 13-15 मार्च 2023 के दौरान डॉ. अम्बेडकर सरकारी विधि महाविद्यालय, पुडुचेरी के सन्युक्त तत्वावधान में किशोर न्याय कानून और अभ्यास पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री डी. रामाबदिरन, जिला न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) ने समारोह का उद्घाटन किया और अध्यक्षीय भाषण दिया। प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कानूनी पेशेवरों और छात्रों को किशोर न्याय कानून की जटिलताओं और इसके व्यावहारिक कार्यान्वयन के बारे में शिक्षित करना रहा। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को किशोर न्याय के अंतरराष्ट्रीय मानक के वैचारिक ढांचे के साथ सशक्त बनाकर किशोर अपराध के लिए अग्रणी मनोवैज्ञानिक, लिंग, सामाजिक-आर्थिक और जैविक कारकों, कानून में संघर्ष में बच्चों की समस्याओं को समझने के लिए संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 68 पुरुषों और 63 महिलाओं सहित कुल 131 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संसाधन व्यक्ति ने प्रतिभागियों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा की, जिसमें न्यायाधीश, वकील और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रशिक्षण में किशोर न्याय कानून के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया; अंतर्राष्ट्रीय कानून और किशोर न्याय; भारत में किशोर व्यवस्था की समस्या; किशोर अपराध: आपराधिक परिप्रेक्ष्य और सी.पी.जी.आर.एम.एस.। प्रतिभागियों को एक इंटरैक्टिव और प्रभावी सत्र संचालित किया गया और उन्हें किशोर न्याय कानून के बारे में जागरूकता फैलाने और किशोर अपराधियों की बेहतरी की दिशा में काम करने के लिए पहल करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



स्कूल/कॉलेजी छात्रों में जीवन कौशल प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

14-16 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, तिरुवारूर की एन.एस.एस.,एन.वाई.के.एस. और एन.सी.सी. इकाई के सहयोग से दिनांक 14-16 मार्च 2023 के दौरान "कॉलेज के छात्रों हेतु जीवन कौशल प्रबंधन" पर तीन दिवसीय



जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रोफेसर सुलोचना शेखर, कुलपति (प्रभारी) डीन, भू विज्ञान स्कूल और प्रमुख, भूगोल विभाग, सी.यू.टी.एन. ने अध्यक्षीय भाषण दिया। प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन भी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक टिप्पणियों के माध्यम से कार्यक्रम की आवश्यकता और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अपने जीवन कौशल को निखारने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों को जीवन कौशल के विभिन्न क्षेत्रों और इसके महत्व को समझाने, आत्म-विकास के लिए सामाजिक और पारस्परिक कौशल सीखने, आत्मविश्वास विकसित करने, महत्वपूर्ण सोच विकसित करने और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने, स्वयं और दूसरों के सशक्तिकरण के लिए नेतृत्व व्यवहार, छात्रों को जीवन कौशल शिक्षा में सैद्धांतिक आधार से परिचित कराना और उन्हें प्रशिक्षण पद्धतियों के लिए तैयार करना रहा। विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मूल जीवन कौशल, आत्मरक्षा, नेतृत्व कौशल और टीम वर्क सहित जीवन कौशल प्रबंधन की बेहतर समझ प्राप्त हुई।

उत्तर-पूर्व के छात्रों हेतु कैरियर चुनौतियों का समाधान विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला

16-18 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र द्वारा दिनांक 9-11 मार्च 2023 के बीच अन्नामलै विश्वविद्यालय, जनसंख्या अध्ययन विभाग, चिदंबरम के सहयोग से "उत्तर-पूर्व के छात्रों हेतु कैरियर चुनौतियों का समाधान" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर पूर्व के छात्रों को उनके करियर लक्ष्यों की पहचान करने में मदद करना, प्रतिभागियों को उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता को समझने में सक्षम बनाना, उन्हें व्यक्तिगत शक्तियों, मूल्यों, रुचि और क्षमता के आधार पर अच्छे करियर विकल्प चुनने में मददा करना, करियर के मील के पत्थर निर्धारित करना और स्पष्ट परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाना रहा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में आत्म-मूल्यांकन, आत्म-सम्मान, निर्णय लेना, सकारात्मक दृष्टिकोण, संचार और भाषाई क्षमता, टीम निर्माण, प्रेरणा और नेतृत्व, संघर्ष प्रबंधन, समय प्रबंधन, परिवर्तन प्रबंधन, निर्णय लेना रचनात्मक सोच जैसे विषयों पर सत्र संचालित किए गए। उत्तर-पूर्व के प्रतिभागी कार्यशाला में भाग लेकर बहुत लाभांवित हुए, जिससे उनके सोचने के तरीके को आकार मिला और उन्होंने करियर की चुनौतियों से निपटने की रणनीतियाँ सीखीं। कार्यशाला में लगभग 107 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 53 पुरुष और 54 महिलाएँ रहीं। सत्र के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन सत्र में प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुईं।





अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में भूजल लौह प्रदूषण और यकृत रोगों के बीच संबंध पर पायलट अध्ययन के आधार पर एच.बी.वी. संक्रमण पर जागरूकता कार्यक्रम

17 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स, अरुणाचल प्रदेश के प्राणीशास्त्र विभाग के सहयोग से दिनांक 17 मार्च 2023



को "आम जीवनशैली में बीमारियों पर हालिया रुझान" - अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में जागरूकता" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम और राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर साकेत कुशवाह, टी.आर.आई.एच.एम.एस. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मोजी जिनी और डीन डॉ. एस.के. भट्टाचार्य को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने ऑनलाइन के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे और क्यों रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा ऐसे कार्यक्रम और अवसर का समर्थन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी भोजन की आदतों पर विशेष जोर देते हुए जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बारे में युवाओं में जागरूकता पैदा करना रहा। हेपेटाइटिस बी, आदिवासी भोजन की आदतें और समस्या, प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की पहचान और देखभाल, जीवनशैली में बदलाव और जनजातीय आबादी की खान-पान की आदतों से टाइप 2 मधुमेह के बोझ का न्यूनीकरण जैसे विषय कार्यक्रम में शामिल किए गए। जागरूकता कार्यक्रम में कुल 131 विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

आधुनिक प्रवृत्तियों में सामाजिक न्याय और नारीवाद - एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य

16-18 मार्च 2023

कलैंगर करुणानिधि सरकारी कला महाविद्यालय, तिरुवण्णामलै के सनातकोत्तर और अनुसंधान विभाग तथा इतिहास



विभाग के सहयोग से दिनांक 16-18 मार्च 2023 के बीच राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा "आधुनिक रुझानों में सामाजिक न्याय और नारीवाद - एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री के. पिच्चाण्डी, उपाध्यक्ष, तमिलनाडु ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और एक विशेष भाषण दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अन्याय और भेदभाव के खिलाफ लड़ना और कानून का शासन स्थापित करना, सामाजिक न्याय, मानवाधिकार द्रविड़ विचार और सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, सामाजिक न्याय और भारत के संविधान की प्रस्तावना को समझना रहा। दार्शनिक और सामाजिक कार्यकर्ता न्याय की अवधारणा को समाज में बुराइयों और अन्याय को दूर करने हेतु कार्यरत हैं । कार्यक्रम के सत्र में तमिलनाडु और सामाजिक न्याय, तमिलनाडु में नारीवाद का उदय, संविधान और सामाजिक न्याय, तमिलनाडु में सशक्तिकरण के लिए द्रविड़ आंदोलन की भूमिका, सामाजिक न्याय और भारत में मुस्लिम, महिला कानून सामाजिक न्याय और नागरिक कानून, तमिळग अरसियलिल समूग नीदियुम सादनैयुम, महिला अधिकार ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक न्याय की भूमिका, द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु जैसे विषयों से प्रतिभागियों को लैस किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों ने अन्याय और भेदभाव को समझा और सीखा कि कैसे बुरी प्रथाओं से लड़ना है और एक बेहतर दुनिया बनाना है। सत्र के अंत में प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने प्रतिभागियों के साथ संक्षिप्त बातचीत की और सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की। कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उद्यमशीलता संस्कृति का आत्मसातीकरण: अग्रसर होने की खोज

16,17 एवं 20 मार्च 2023



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने इस्लामिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, प्रबंधन अध्ययन विभाग, अवंतीपोरा, जम्मू-कश्मीर के सहयोग से

दिनांक 16,17 और 20 मार्च 2023 के दौरान "उद्यमी संस्कृति को आत्मसात करना: आगे का रास्ता खोजना" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण अभिविन्यास और क्षमता निर्माण केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन उद्घाटन सत्र में शामिल हुईं और कश्मीर विश्वविद्यालयों को जरूरतमंद युवाओं की मदद के लिए यथासंभव ऐसे कार्यक्रम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया क्योंकि उद्यमिता कार्यक्रम प्रतिभागियों को पहचान करने के तरीके सिखाकर नवाचार को प्रोत्साहित करते हैं। यह कार्यक्रम रचनात्मकता और प्रयोग की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, जिससे नए उत्पादों और सेवाओं का विकास हो सकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को एक सफल व्यवसाय शुरू करने और संचालित करने हेतु आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदानकरना, प्रतिभागियों को नए व्यावसायिक विचारों को पहचानने और विकसित करने के तरीके सिखाकर नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना, उद्यमशीलता को एक व्यवहार्य कैरियर पथ के रूप में बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना, अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करने पर विचार करना, प्रतिभागियों को संसाधनों और समर्थन तक पहुंच प्रदान करना, जैसे कि फंडिंग, मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, स्थानीय समुदाय में नए व्यवसाय और नौकरियां पैदा करके आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, सामाजिक और पर्यावरणीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करना जिससे समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तकरीबन 100 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

युवाओं में सामाजिक उद्यमिता पर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु कार्यक्रम

25-27 मार्च 2023

राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रबंध अध्ययन स्कूल, कैलीकट के सहयोग से एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु दिनांक 25-27 मार्च, 2023 के दौरान "युवाओं के बीच सामाजिक उद्यमिता के बारे में जागरूकता पैदा करना" पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिए सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में जागरूकता पैदा करना, सामाजिक समस्याओं का समाधान करके सामाजिक उद्यमियों के लिए एक स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, युवाओं को बड़े पैमाने पर पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों को हल करने के लिए व्यावहारिक, नवीन और टिकाऊ प्रथाओं पर अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद करना, अनुभवात्मक और गतिविधि आधारित शिक्षा के माध्यम से अंतर्दृष्टि प्रदान करके सामाजिक उद्यमिता पर जागरूकता उतपन्न करना रहा। कार्यक्रम में व्यवसाय के लिए वित्त के स्रोत - नए युग की फंडिंग, मानवीय व्यवसाय का मानवीय आयाम, सामाजिक उद्यमिता का दायरा, सांस्कृतिक क्षमता और संवेदनशीलता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से प्रेरित सामाजिक उद्यमिता-अवसर और चुनैतियां, कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित सामाजिक उद्यमिता - अवसर और चुनैतियां, व्यापार के लिए लेखांकन और कर अनुपालन, सामाजिक उद्यमिता के रास्ते की पहचान करने के तरीके, भारत में सामाजिक उद्यमिता जैसे विषय संचालित किए गए। उद्यमिता के क्षेत्र में अपना ज्ञान साझा करने के लिए केरल के विभिन्न हिस्सों से विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 92 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

उद्यमिता विकास (मेक इन इंडिया/स्टार्ट-अप इंडिया) पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

28-30 मार्च 2023



राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. और तिरुवल्लुवर विश्वविद्यालय,वेल्लोर के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सन्युक्त रूप से दिनांक 28-30 मार्च 2023 के दौरान उद्यमिता विकास (मेक इन इंडिया/स्टार्ट-अप इंडिया) पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री पी. आनंदन, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, वेल्लोर ने

कार्यक्रम का उद्घाटन किया और जताया कि उद्यमिता विकास किसी भी समाज में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्यमिता, विकास के मुख्य घटकों पर समझ, नवाचार और उद्यमिता विकास के बीच संबंध, नवाचार और उद्यमिता विकास के सिद्धांत, नवाचार की तकनीक और उद्यमिता विकास को बढ़ावा देना, उद्यमिता विकास आर्थिक विकास, नवाचार और रोजगार सृजन के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है। सरकारों, निजी क्षेत्र के हितधारकों, शैक्षणिक संस्थानों और समुदायों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण है जहां उद्यमिता पनप सके और सतत आर्थिक विकास में योगदान दे सके। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए लगभग 120 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लिया।



III. विभागों/अनुभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रम

क. कार्यशालाएं

"सामाजिक कार्य शिक्षा और अभ्यास में संरचनात्मक दृष्टिकोण" पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला
11-12 मई 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित "सामाजिक कार्य शिक्षा और अभ्यास में संरचनात्मक दृष्टिकोण" पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्देश्य भारत में संरचनात्मक सामाजिक कार्य अभ्यास के महत्व का सर्वेक्षण करना रहा। कार्यशाला का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने किया, जिसमें उन्होने सामाजिक सुधार में सामाजिक कार्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सत्र की शुरुआत डॉ. रामबाबू बोट्चा के परिचय और डॉ. एस. ललिता के स्वागत भाषण से हुआ। प्रोफेसर फ़िलिप डुआर्टे द्वारा सत्रों में वैश्विक परिप्रेक्ष्य और श्री प्रदीप जारे द्वारा भारत-केंद्रित अंतर्दृष्टि विषय पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सामाजिक परिवर्तन हेतु अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। दूसरे दिन पर्यावरणीय सामाजिक कार्य पर डॉ. चित्रा के.पी. की चर्चा और डॉ. बैजू पी वरीद के घटना अध्ययन-आधारित सत्र संचालित किए गए, जिससे प्रतिभागियों के बीच संवादात्मक चर्चा को बढ़ावा मिला। कार्यशाला में संरचनात्मक सामाजिक कार्य की प्रथाओं के मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान की गई, जिस द्वारा क्षेत्र में आगे की खोज के लिए प्रतिभागियों में उत्साह बढ़ाया गया।

अनुसंधान पद्धति और एस.पी.एस.एस. पर 5 दिवसीय कार्यशाला
22 - 26 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं.,श्रीपेरुम्बुदूर



माजिक कार्य विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा अपने विभाग के छात्रों के लिए 22 से 26 अगस्त 2022 के दौरान अनुसंधान पद्धति और एस.पी.एस.एस. पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. जी कुमार, डॉ. अरोक्किया राज और डॉ. ए.जे. क्रिस्टोफर ने कार्यशाला के लिए संसाधन व्यक्तियों के रूप में कार्य किया। डॉ. एस कुमरवेल और डॉ. रामबाबू बोट्चा, सहायक प्रोफेसर ने कार्यशाला का समन्वय किया। कार्यशाला में 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कॉर्पोरेट कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत स्रोत पर कर कटौती/संग्रहण (टी.डी.एस./टी.सी.एस.) पर एक दिवसीय कार्यशाला
16 सितंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं.,श्रीपेरुम्बुदूर

आयकर आयुक्त (टी.डी.एस.), चेन्नई के सहयोग और मार्गदर्शन में रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा विभिन्न केंद्र सरकारी संस्थानों और संगठनों के कर कटौती के लाभ के लिए कॉर्पोरेट कनेक्ट कार्यक्रम के तहत स्रोत पर कर कटौती/संग्रह (टी.डी.एस./टी.सी.एस.) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16.09.2022 को किया गया। श्री. एम. अर्जुन माणिक, आई.आर.एस., संयुक्त आयकर आयुक्त, टी.डी.एस. रेंज-3, चेन्नई ने परिचयात्मक भाषण दिया। श्री. डी.वी. सुब्बाराव, आई.आर.एस., अतिरिक्त आयकर आयुक्त टी.डी.एस. रेंज-1, चेन्नई ने मुख्य भाषण दिया जिसमें उन्होंने कर भुगतान और इसके लाभों पर जोर दिया। श्री एल. राजारमन, आई.टी.ओ. और डॉ. सी.ए. अभिषेक मुरली, अध्यक्ष, अखिल भारतीय करदाता संघ (ए.आई.टी.पी.ए.), चेन्नई द्वारा टी.डी.एस. का आधार और नवीनतम संशोधन, टी.डी.एस. प्रावधान और इसके प्रभावी अनुप्रयोग जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कर संबंधी मुद्दों पर कार्यरत विभिन्न सरकारी संगठनों के 43 कर्मचारियों और रा.गां.रा.यु.वि.सं. के कर्मचारियों ने भाग लिया।

"दैनिक जीवन में उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका" पर अभिविन्यास कार्यक्रम
07 दिसंबर 2022



कंप्यूटर विज्ञान (डेटा साइंस) विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 07 दिसंबर, 2022 को ""दैनिक जीवन में उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका" और ए. आई.सी.टी.ई. तथा नैसकॉम के साथ माइक्रोसॉफ्ट के सहयोगात्मक कार्यक्रम" पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री तंगपांडियन, प्रमुख-माइक्रोसॉफ्ट प्रशिक्षण विभाग, सेरिपोर्ट यू.एस./साउथ एशिया, सी.ई.ओ.-सर्टिफाई टी.एन. ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। उन्होंने इस संदर्भ में नैसकॉम और ए.आई.सी.टी.ई. की भूमिका के बारे में भी संक्षेप में जानकारी दी।

बाल अधिकार पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
14 दिसम्बर 2022





सामाजिक कार्य विभाग द्वारा दिनांक 14 दिसंबर 2022 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "बाल अधिकारों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम" का संस्थान के परिसर में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य में स्नातकोत्तर 104 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति श्री एस. भास्करन, अध्यक्ष, राज्य मानवाधिकार आयोग, तमिलनाडु रहे। उद्घाटन भाषण रा.गां.रा.यु.वि.सं के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब द्वारा दिया गया।

"क्लाउड कंप्यूटिंग" पर ब्रिज कोर्स
3 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



श्री वी. श्रीधरन, वैज्ञानिक 'एफ' और सुश्री वी. ए. प्रभा, संयुक्त निदेशक, सी.डी.ए.सी. चेन्नई ने दिनांक 03.01.2023 को राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, श्रीपेरुम्बुदूर का दौरा किया। उन्होंने क्लाउड कंप्यूटिंग पर एक प्रस्तुति दी और क्लाउड

कंप्यूटिंग प्रोद्योगिकी पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी, जो सी.डी.ए.सी. चेन्नई द्वारा संचालित और एम.ई.आई.टी.वाई तथा एस.एस.सी. नैस्कॉम द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाणित किया गया पाठ्यक्रम है। इस सत्र की सहायता से, कंप्यूटर विज्ञान के तीनों शाखाओं के छात्रों ने सी.डी.ए.सी. से सब्सिडी दर पर इस "क्लाउड कंप्यूटिंग पर ब्रिज कोर्स" एम.ओ.ओ.सी. के लिए पंजीकरण किया।

नवसिखुओं हेतु दो दिवसीय मैट लैब कार्यशाला
24-25 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



गणित विभाग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग (डेटा साइंस), रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने संयुक्त रूप से दिनांक 24-25 जनवरी, 2023 के दौरान नवसिखुओं हेतु दो दिवसीय मैट लैब कार्यशाला का आयोजन किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने उद्घाटन भाषण में मैट लैब के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के स्त्रोत व्यक्ति डॉ. सयान मुखर्जी ने लोकप्रिय टूलबॉक्स सहित मैटलैब की बुनियादी समझ पर प्रतिभागियों का द्यान केंद्रित किया। इस कार्यशाला ने संस्थान के छात्रों के बीच परियोजनाओं और अनुसंधान क्षेत्र में गणित के अनुप्रयोग हेतु मैटलैब के उपयोग के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न किया।

युवाओं हेतु साइबर अपराध के खिलाफ सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम
31 जनवरी 2023

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने रामैया विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग के रा.से.यो. यूनिट, बेंगलुरु के सहयोग से दिनांक 31 जनवरी 2023 को बेंगलुरु में "युवाओं हेतु साइबर अपराध के खिलाफ सुरक्षा उपायों पर एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम" आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बाबू अंजनप्पा, पुलिस उपाधीक्षक राज्य खुफिया विभाग, कर्नाटक और श्री गगन जैन, संस्थापक और सी.ई.ओ., साइबर सेफ बेंगलुरु रहे। डॉ. अनंत प्रभु जी, कंप्यूटर इंजीनियरिंग और साइबर सुरक्षा में प्रोफेसर और साइबर लॉ ट्रेनर स्त्रोत व्यक्ति रहे। प्रशिक्षण में 300 छात्रों ने भाग लिया। प्रो. गोविंद आर कदंबी, सर पी.वी.सी. (अनुसंधान) और डॉ. शरत, प्रमुख (प्रबंधन अध्ययन) एफ.एम.सी. सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित हुए। प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रशिक्षण अभिविन्या और क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन से संबोधित करते हुए साइबर अपराधों के खिलाफ खुद को सुरक्षित रखने और युवाओं में जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी पर पांच दिवसीय कार्यशाला
30 जनवरी - 03 फरवरी 2023,
रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



कंप्यूटर विज्ञान विभाग (साइबर सुरक्षा), रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के घटकों, कार्य सिद्धांतों और ब्लॉक के कार्यान्वयन की बुनियादी वास्तुकला पर चर्चा और प्रसार करने के

उद्देश्य से 30 जनवरी से 03 फरवरी 2023 के दौरान एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विशेषज्ञ प्रो. सुदीप तंवर, निरमा विश्वविद्यालय, अहमदाबाद, डॉ. नितिन सिंह सिंघा, एन.आई.टी. दिल्ली, प्रो.शण्मुगवडिवु, गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, डिंडुगल, प्रो.टी.चित्रलेखा, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पुडुचेरी, डॉ.कुंवर सिंह, एन.आई.टी. त्रिची, प्रो.के.चंद्रशेखरन, एन.आई.टी. कर्नाटक, सुश्री विग्नेश्वरी, सीडैक,चेन्नई, श्री अजिंक्य लोहाकरे, संस्थापक सी.टी.ओ. और डिट्टो सिक्योरिटी, मुंबई, श्री श्रीनिवास भूसरपु, पूर्व मुख्य सूचना, सुरक्षा अधिकारी, पी.एफ.आर.डी.ए., हैदराबाद, सुश्री ज्योस्तना ग्रांडी सीडैक, हैदराबाद, डॉ. वेंकटेशन एम, एन.आई.टी. कराईकाल, डॉ. चंद्रमौली, कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस, चेन्नई रहे। कार्यशाला में छह विभिन्न राज्यों से 115 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस के सह-निदेशक डॉ. एस. चंद्रमौली ने समापन भाषण दिया। डॉ.पी.त्यागराजन कार्यशाला के संयोजक रहे।

साइबर सुरक्षा और एथिकल हैकिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला
11-12 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

कंप्यूटर विज्ञान विभाग (साइबर सुरक्षा), रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 11 से 12 फरवरी 2023 के दौरान साइबर सुरक्षा और एथिकल हैकिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 24 प्रतिभागी रा.गां.रा.यु.वि.सं. के और 24 प्रतिभागी अन्य शैक्षणिक संस्थानों से रहे। डिट्टो सिक्योरिटी के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी श्री. अजिंक्य लोहाकरे ने दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया।

"खिलाड़ियों के बीच मनोवैज्ञानिक शक्ति और खेल प्रदर्शन का संवर्धन" पर उंमुखीकरण कार्यक्रम
12 फरवरी, 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



दिनांक 12 फरवरी 2023 को अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने "खिलाड़ियों की मनोवैज्ञानिक शक्ति और प्रदर्शन संवर्धन" पर एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने उद्घाटन भाषण दिया और दैनिक जीवन में खेल के महत्व के बारे में बात की।

राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के खेल मनोविज्ञान विभाग के सह-आचार्य और प्रमुख डॉ. सुभाशीष भद्रा ने प्रभावी ढंग से प्रथम सत्र का संचालन किया। दूसरे सत्र का संचालन राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, मणिपुर के खेल मनोविज्ञान विभाग के सह-आचार्य और प्रमुख डॉ. श्याम सुंदर रथ ने किया। अंतिम सत्र का नेतृत्व राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय, मणिपुर के खेल फिजियोलॉजी और पोषण विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अरिजीत चक्रवर्ती ने किया।

"पीयर मेंटरिंग" पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम
20-21 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गां.रा.यु.वि.सं.) द्वारा दिनांक 20 से 21 फरवरी 2023 के दौरान "पीयर मेंटरिंग" पर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुश्री अनाघा एयू के साथ डॉ. बी.एन. रूपेश, अतिरिक्त प्रोफेसर, क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग, निमहैंस, बैंगलोर कार्यक्रम के संसाधन व्यक्तिगण रहे। सुश्री सी ई सौपर्णिका, अनुसंधान स्कॉलर, क्लिनिकल मनोविज्ञान विभाग, निमहैंस, बैंगलोर ने इस अवसर पर बुनियादी परामर्श कौशल और सहायक थेरेपी पर सत्र चलाया।

एक दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम
23 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



दलित और माताहत अध्ययन केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा तमिलनाडु, चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर और चेंगलपेट जिलों के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं हेतु दिनांक 23 फरवरी 2023 को एक दिवसीय उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 55 युवाओं ने भाग लिया। प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, प्रशिक्षण अभिविन्या और क्षमता निर्माण केंद्र ने उद्घाटन भाषण दिया। श्री थिल्लई नयागम, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, उद्यमिता विकास संस्थान, चेन्नई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे, उन्होंने उद्यमिता को बढ़ावा देने में भारतीय युवा शक्ति (बी.वाई.एस.टी.) की भूमिका पर अवलोकन प्रस्तुत किया। बी.वाई.एस.टी. के वित्त अधिकारी श्री अल्फोंस ने पूंजी जुटाने और वित्त प्रबंधन के महत्व पर जानकारी दी।

ख. बैठकें

रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ में शैक्षणिक कार्यक्रमों का शुभारंभ
11 अप्रैल 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. संस्थान द्वारा पेश किए जा रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों का क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ में संस्थान के निदेशक द्वारा दिनांक 11 अप्रैल, 2022 को गूगल मीट के माध्यम से शुभारंभ किया गया।

रा.गां.रा.यु.वि.सं.-डब्ल्यू.डब्ल्यू.आई-एम.ई.एस.सी. के साथ वर्चुअल मीटिंग
11 अप्रैल 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल (डब्ल्यू.डब्ल्यू.आई.) के सहयोग से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रम पेश किया जा रहा है। नए और नवोन्मेषी पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए रा.गां.रा.यु.वि.सं. और डब्ल्यू.डब्ल्यू.आ.ई. के अधिकारियों के साथ मीडिया और मनोरंजन से संबंधित अध्ययन क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ वर्चुअल बैठक के दौरान नए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए जाने पर चर्चा की गई, साथ ही, नए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के संबंध में अध्ययन बोर्ड की बैठक भी आयोजित हुई, जिसके दौरान क्षेत्र के शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने पाठ्यक्रम की जांच की और समकालीन और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें संशोधित किया।

कश्मीर के वंचित युवाओं के लिए निर्माण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु बैठक
13 अप्रैल 2022

कश्मीर के युवाओं के लिए निर्माण कौशल प्रशिक्षण पर हितधारकों और नामांकित व्यक्तियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक दिनांक 13 अप्रैल 2022 को आयोजित की गई। श्री मुकुल जेठवानी, एल.एंड.टी. के निर्माण कौशल प्रशिक्षण संस्थान ने युवाओं को प्रशिक्षण के प्रति गंभीर होने का आहवाहन किया क्योंकि दुनिया कुशल लोगों की तलाश में है। निर्माण कार्य प्रशिक्षण वह कार्यक्रम है जिस द्वारा युवाओं को एल.एंड.टी और सी.एस.टी.आई., कांचीपुरम के सहयोग से भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी पाने की गारंटी दी गई है।

उच्च शिक्षा संस्थानों से प्रशिक्षण कार्यक्रमों के समन्वयकों के साथ बैठक
04 अप्रैल 2022

दिनांक 4 अप्रैल 2022 को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र के प्रोफेसर द्वारा मार्च 2022 के महीने में पूर्ण हो

चुके कार्यक्रमों के निस्तारण हेतु संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के समन्वयकों के साथ ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक गूगल मीट के माध्यम से विशेष रूप से उन विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के लिए आयोजित की गई, जिन्होंने दी गई सूचना के पश्चात भी निस्तारण नहीं भेजा है। विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के 34 समन्वयकों को मेल भेजा गया, जिनमें से 20 ने बैठक में भाग लिया।

रा.गां.रा.यु.वि.सं. की 49वीं कार्यकारी परिषद की बैठक
25 अप्रैल 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. की 49वीं कार्यकारी परिषद की बैठक वर्चुअल माध्यम से दोपहर 3.00 बजे आयोजित की गई।

भवन एवं निर्माण समिति की 22वीं बैठक
31 मई 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. की भवन एवं निर्माण समिति की 22वीं बैठक वर्चुअल माध्यम से 31 मई 2022 को आयोजित की गई।



रा.गां.रा.यु.वि.सं. की कार्यकारी परिषद की 50वीं बैठक
15 जून 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. की कार्यकारी परिषद की 50वीं बैठक श्री संजय कुमार, आई.ए.एस., सचिव (वाई.ए.) और अध्यक्ष, रा.गां.रा.यु.वि.सं. की कार्यकारी परिषद की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

रा.गां.रा.यु.वि.सं. की 51वीं कार्यकारी परिषद की बैठक सचिव (युवा कार्यक्रम), भारत सरकार, नई दिल्ली के चैंबर में दिनांक 16 दिसम्बर 2022 को आयोजित की गई।

सचिव (यु.का.) की अध्यक्षता में सी.बी.सी. द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला/बैठक
12 जुलाई 2022



युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा मंत्रालयों और विभागों के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाओं की तैयारी पर चर्चा करने हेतु क्षमता निर्माण आयोग के साथ मंत्रालय, विभागों और संगठनों के अधिकारियों (अनुभाग अधिकारी या उससे ऊपर) हेतु एक बैठक आयोजित की गई। सचिव (यु.का.) ने सत्र की अध्यक्षता की और बैठक के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। क्षमता निर्माण आयोग के सदस्य-एच.आर. डॉ. बालसुब्रमण्यम ने आयोग के कार्यों और वार्षिक योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता पर उल्लेख किया। बैठक में रा.गां.रा.यु.वि.सं. के अधिकारी शामिल हुए।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक
15 जुलाई और 22 जुलाई 2022

दिनांक 15 जुलाई 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. और निप्मेड (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) के बीच संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र/डिप्लोमा कार्यक्रम प्रदान करने की संभावनाओं पर चर्चा करने हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बहु-विकलांग व्यक्तियों के लिए विभिन्न व्यवसायों में कार्यक्रम, सेक्टर



कौशल परिषद की आवश्यकताओं के अनुसार नौकरी भूमिका/योग्यता के राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों के साथ पाठ्यक्रम के संरेखण के बारे में चर्चा करने और रा.गां.रा.यु.वि.सं. के वैधानिक निकायों द्वारा अनुमोदन के लिए प्रक्रिया हेतु दिनांक 22 जुलाई 2022 को एक अनुवर्ती बैठक आयोजित की गई। बैठक के फलस्वरूप,निप्मेड, विभिन्न मान्यता निकायों द्वारा जांचे जाने हेतु एक मसौदा पाठ्यक्रम तैयार करेगा।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

02 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली त्रैमासिक बैठक 2 अगस्त 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. में आयोजित की गई। निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने बैठक की अध्यक्षता की और विभिन्न विभागों और अनुभागों के प्रमुखों ने बैठक में भाग लिया। बैठक रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ और रा.गां.रा.यु.वि.सं., एन.ई.आर.सी., अरुणाचल प्रदेश में सदस्यों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दोहराया कि संबंधित विभागों द्वारा हिंदी के उपयोग में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए समिति के साथ बैठक आयोजित की जाएगी और सदस्यों से आग्रह किया कि त्रैमासिक रिपोर्ट मंत्रालय को समय पर भेजे जाने हेतु शीघ्र प्रस्तुत किया जा सकता है।

सचिव (यु.का), नई दिल्ली के साथ युवा विकास सूचकांक पर बैठक

15 सितंबर 2022

राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा तैयार युवा विकास सूचकांक की पद्धति पर चर्चा करने हेतु सचिव (युवा कार्यक्रम) की अध्यक्षता में दिनांक 15 सितंबर, 2022 को उनके कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त सचिव (युवा कार्यक्रम); प्रो. सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं., प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, रा.गां.रा.यु.वि.सं. और निदेशक (रा.गां.रा.यु.वि.सं., युवा कार्यक्रम) सुश्री अनन्या, रिसर्च फेलो, युवा कार्यक्रम, मंत्रालय ने भाग लिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने रा.गां.रा.यु.वि.सं. की प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन के साथ राष्ट्रमंडल सचिवालय द्वारा तैयार किए गए युवा विकास सूचकांक के डोमेन, सामान्य संकेतक, परिभाषा, डेटासेट के स्रोत और रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा तैयार किए गए डेटासेट की तुलना करते हुए एक प्रस्तुति दी। निदेशक ने कहा कि जी.वाई.डी.आई. द्वारा उपयोग किए जाने वाले डोमेन और संकेतक एवं कार्य प्रणाली वैश्विक स्तर पर अंतर-देशीय तुलना के लिए बहुत उपयुक्त हैं, परंतु, उप-राष्ट्रीय स्तर पर अनुमान के लिए उल्लिखित सभी संकेतकों के उचित डेटा नहीं मिल पाते हैं। जी.वाई.डी.आई. में और यहां उपराष्ट्रीय स्तर पर अनुमान प्राप्त करने के लिए बिल्कुल उसी डेटा सेट का पालन करना बहुत कठिन है।

हिंदी सलाहकार समिति की बैठक

23 नवंबर 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने दिनांक 23 नवंबर 2022 को माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में भाग लिया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

06 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं.,श्रीपेरुम्बुदूर



दिनांक 06 जनवरी 2023 को अक्टूबर-दिसंबर 2022 की अवधि के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने बैठक की अध्यक्षता की और समिति के सदस्यों का

स्वागत किया। उन्होंने रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ के सदस्यों को भी शुभकामनाएं दीं, जिन्हें ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किया गया था। बैठक में अक्टूबर-दिसंबर 2022 की अवधि के लिए मंत्रालय को भेजी गई त्रैमासिक रिपोर्ट पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। हिंदी के कार्यान्वयन की दिशा में रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी देने के लिए मंत्रालय द्वारा भेजी गई समीक्षाओं को कॉलम-वार पढ़ा गया। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के बारे में भी जानकारी दी गई और उसे प्राप्त करने की जिम्मेदारी विभागाध्यक्षों को सौंपी गई।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ऑनलाइन में अंतःविषय दृष्टिकोण पर विशेष व्याख्यान,
02 मार्च 2023

प्रोफेसर बसंत के तिवारी, डीन अनुसंधान, प्रोफेसर, जैव सूचना विज्ञान विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय ने दिनांक



2 मार्च 2023 को राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गां.रा.यु.वि.सं.) के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आई.क्यू.ए.सी.) द्वारा आयोजित "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अंतःविषय दृष्टिकोण" पर एक विशेष व्याख्यान दिया। इस विशेष व्याख्यान का स्वागत भाषण डॉ. पी. त्यागराजन, सदस्य आई.क्यू.ए.सी., रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिया गया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रो.सिबनाथ देब ने स्त्रोत व्यक्ति प्रो.बसंत के तिवारी को सम्मानित किया।

आर प्रोग्रामिंग का उपयोग कर संगणकीय सांख्यिकी पर दो दिवसीय कार्यशाला
02-04 मार्च 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

कंप्यूटर विज्ञान विभाग (डेटा विज्ञान) ने रा.गां.रा.यु.वि.सं. में आर प्रोग्रामिंग का उपयोग कर कम्प्यूटेशनल सांख्यिकी पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का संचालन प्रोफेसर बसंत के तिवारी, प्रोफेसर, जैव सूचना विज्ञान विभाग और डीन, अनुसंधान, पांडिचेरी विश्वविद्यालय द्वारा किया गया।

ऑनलाइन अधिगम के शैक्षणिक दृष्टिकोण पर विशेष व्याख्यान
03 मार्च 2023

रा.गां.रा.यु.वि.सं.-आई.क्यू.ए.सी. द्वारा दिनांक 3 मार्च 2023 को ऑनलाइन माध्यम से अधिगम हेतु शैक्षणिक दृष्टिकोण पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. वी. षणमुगनीदी, प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने विशेष व्याख्यान दिया। व्याख्यान शिक्षकों के लिए अत्यधिक रोचक, रचनात्मक और ज्ञानवर्धक रहा।

ग. सम्मेलन/ वेबिनार/ व्याख्यान/ संगोष्ठी

'थाईलैंड में साइबर बुल्लिंग और हेट स्पीच' पर वेबिनार
20 मई 2022



अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 20 मई 2022 को 'थाईलैंड में साइबर बदमाशी और घृणास्पद वक्तृता' शीर्षक पर एक वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार हेतु दो वक्ता को बुलाया गया, पहले दिन के वक्ता डॉ. राम हरकनायडू, शोध फेलो, प्लाईमाउथ विश्वविद्यालय, यू.के., ने थाईलैंड में ऑनलाइन सुरक्षा जागरूकता का अवलोकन दिया,

जिसमें उन्होंने आईसबर्ग सांस्कृतिक मॉडल की मदद से संस्कृति का और 'यंग पीपल ऑनलाइन एजुकेशन फ्रेमवर्क' के अंतर को समझाया। दूसरे वक्ता सह-आचार्य प्रो. डॉ. रुथायचोनी सिटीचाई, ग्रेजुएट स्कूल, प्रिंस ऑफ सोंगक्ला यूनिवर्सिटी, थाईलैंड रहे, उन्होने अपने भाषण में थाईलैंड के संदर्भ में साइबर बदमाशी के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर भी प्रकाश डाला। यूरोपीय संघ के बच्चों के ऑनलाइन स्पष्टीकरण दर्शकों के लिए बहुत उपयोगी रहे। कार्यक्रम में कुल 40 लोगों ने भाग लिया।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ऑनलाइन व्याख्यान: भारत का भविष्य (ए.के.ए.एम कार्यक्रम)

13 अगस्त 2022



कंप्यूटर विज्ञान विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर ने आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में दिनांक 13 अगस्त, 2022 को वर्चुअल माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ऑनलाइन व्याख्यान शीर्षक से एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया। प्रो. टी. वी. गीता, यू.जी.सी. बी.एस.आर. संकाय फेलो, कंप्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी, अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई ने विशेष व्याख्यान दिया।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि आने वाले दशकों में ए.आई. की मांग बड़े पैमाने पर होगी।

ऑनलाइन आमंत्रित व्याख्यान

13 अगस्त 2022

आजादी का अमृत महोत्सव 2022 के तहत दिनांक 13 अगस्त 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. में कंप्यूटर विज्ञान और गणित विभाग द्वारा एक आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। श्री श्रीनिवासन दानुकृष्णन, सी.टी.ओ. और निदेशक, ग्लोसिस टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई ने रा.गां.रा.यु.वि.सं. और अन्य संस्थानों से 48 प्रतिभागियों को सम्बोधित किया।

नेटवर्किंग सॉफ्टवेयर पर आमंत्रित तकनीकी व्याख्यान

09 सितंबर 2022

कंप्यूटर विज्ञान विभाग (साइबर सुरक्षा) ने दिनांक 09.09.2022 को ऑनलाइन माध्यम से श्री श्रीनिवासन आर, सिस्टम सॉफ्टवेयर इंजीनियर, एच.पी.ई. (यू.के.) द्वारा "नेटवर्किंग सॉफ्टवेयर अवलोकन" विषय पर एक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित की। कार्यक्रम में स्विच, राउटर, 3जी/4जी प्रोटोकॉल, नेटवर्क प्रोटोकॉल स्टैक, नेटवर्क फ़ंक्शन वर्चुअलाइजेशन, एस.डी.एन., वाई-फाई और लाई-फाई जैसे विषय शामिल किए गए।

गांधी जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान

30 सितंबर 2022



समाजशास्त्र विभाग और सामाजिक कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 30 सितंबर 2022 को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। गांधीवादी विचार और शांति विज्ञान विभाग, गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, डिंडुगल, तमिलनाडु के प्रोफेसर एम. विलियम बास्करन ने संघर्ष समाधान और शांति निर्माण:गांधीवादी परिप्रेक्ष्य और अभ्यास विषय पर व्याख्यान दिया।

"दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अनुप्रयोग" पर कार्यशाला
12 और 13 दिसंबर 2022

कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 12 और 13 दिसंबर 2022 को "दैनिक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग" पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एच.टी.सी. समूह के उपाध्यक्ष डॉ. बी.मुत्तुकुमारन रहे।

"स्वतंत्रता के 75वें वर्ष-भारत में लोक प्रशासन: परिवर्तन और चुनौतियाँ" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
23-24 दिसंबर 2022

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, श्रीपेरुम्बुदूर द्वारा आदिवासी अध्ययन केंद्र, कला, शिक्षा और सामाजिक विज्ञान संकाय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर, राजस्थान के सहयोग से दिनांक 23-24 दिसंबर, 2022 के दौरान किया गया। इस सम्मेलन के लिए लगभग 300 सार प्राप्त हुए। न्यायमूर्ति एन एन माथुर, पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर, प्रोफेसर के एल रायगर, डीन कला, शिक्षा और सामाजिक विज्ञान संकाय, जे.एन.वी. विश्वविद्यालय, जोधपुर, प्रोफेसर मनरूप सिंह मीना, प्रो-कुलपति, इग्नू, नई दिल्ली उद्घाटन सत्र में सम्मानित अतिथि के रूप शामिल हुए। श्री रामेश्वर सेवार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेसर एस.एन. अंबेडकर, प्रोफेसर आई.एस. सोढी और सम्मेलन के निदेशक डॉ. जनक सिंह मीना उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहे।

गणित पर दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला
27-28 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



गणित विभाग ने दिनांक 27-28 जनवरी, 2023 के दौरान "गणित पर दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला" आयोजित की। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने स्त्रोत व्यक्ति प्रोफेसर समरजीत कर, एन.आई.टी,. दुर्गापुर का स्वागत किया, जिन्होंने सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के आधार पर पूरे दो दिन का व्याख्यान दिया। विद्यार्थियों ने परीक्षा से पहले अपना ज्ञानवर्धन पाया।

संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता पर संगोष्ठी और प्रदर्शन
09 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



कंप्यूटर विज्ञान विभाग (साइबर सुरक्षा), रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने 09 फरवरी 2023 को संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता पर एक संगोष्ठी और प्रदर्शन का आयोजन किया। संगोष्ठी के दौरान श्री. जैनेश दक्षिण क्षेत्र के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र कौशल परिषद के प्रमुख और एक परियोजना सलाहकार ने ए.आर. और वी.आर. तकनीक का उपयोग करते हुए विभिन्न अनुप्रयोगों पर प्रकाश डालते हुए व्याख्यान दिया। श्री. आशिक अहमद, क्षेत्रीय बिक्री प्रमुख, स्कोपिक एडुटेक और श्री उमरसन, डेमो इंजीनियर, स्कोपिक एडुटेक ने आभासी वास्तविकता पर प्रदर्शन का समन्वय किया।

गणित पर दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला
14-15 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के गणित विभाग द्वारा दिनांक 14-15 फरवरी, 2023 को "गणित पर दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला" आयोजित किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. सिबनाथ देब ने संसाधन व्यक्ति, प्रो. ए.वी. जयन्तन,

आई.आई.टी. मद्रास और प्रोफेसर अमृतांशु प्रसाद, गणितीय विज्ञान संस्थान, चेन्नई का स्वागत किया,जिन्होंने सेमेस्टर के पाठ्यक्रम के आधार पर व्याख्यान दिया।


जैव-प्रेरित कंप्यूटिंग पर वेबिनार

17 फ़रवरी 2023

कंप्यूटर विज्ञान (ए.आई.एंड एम.एल.) विभाग द्वारा दिनांक 17 फरवरी, 2023 को बायो-इंस्पायर्ड कंप्यूटिंग पर एक वेबिनार की मेजबानी की। वेबिनार के लिए संसाधन व्यक्ति डॉ. बसंत कुमार तिवारी, प्रोफेसर, जैव सूचना विज्ञान विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय, डॉ. कर्मेल ए., सह-आचार्य (वरिष्ठ), एस.सी.एस.ई., वी.आई.टी. चेन्नई रहे।

घ. विशेष कार्यक्रम

डॉ.बी.आर.अंबेडकर की 131वीं जयंती पर सामाजिक समावेशन विषय पर अंबेडकर के दृष्टिकोण पर विशेष व्याख्यान, 20 अप्रैल 2022



दलित और मतहत अध्ययन केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 131वीं जयंती के अवसर पर दिनांक 20 अप्रैल 2022 को ऑनलाइन के माध्यम से एक विशेष व्याख्यान की व्यवस्था की गई। डॉ. एस. ललिता, समन्वयक, सी.डी.एस.एस. ने स्वागत भाषण दिया और केंद्र की गतिविधियों को प्रस्तुत किया। उद्घाटन भाषण रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब द्वारा दिया गया। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के योगदान की सराहना की। "सामाजिक समावेशन पर अंबेडकर का दृष्टिकोण" विषय पर विशेष व्याख्यान संसाधन व्यक्ति प्रोफेसर सुखदेव थोराट द्वारा दिया गया, जो वर्तमान में क्षेत्रीय विकास अध्ययन केंद्र, सामाजिक विज्ञान स्कूल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में प्रोफेसर एमेरिटस के रूप में कार्यरत हैं। उन्होने आग्रह किया कि विकास के सभी क्षेत्रों में समानता, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांतों का पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि राष्ट्र को मनोवैज्ञानिक एकता से बंधा होना चाहिए और सामाजिक लोकतंत्र, आर्थिक लोकतंत्र और राजनीतिक लोकतंत्र जैसी आवश्यक विशेषताओं के साथ माना जाना चाहिए। व्याख्यान में कुल 197 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

विशेष व्याख्यान और योग प्रदर्शन के साथ योग उत्सव

14 मई 2022

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 को अभिनंदन करने के लिए योग और सामान्य योग प्रोटोकॉल (सी.वाई.पी.) पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने हेतु रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा योग उत्सव के हिस्से के रूप में, प्रशिक्षण, अभिविन्यास एवं क्षमता निर्माण केंद्र, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा दिनांक 14 मई 2022 को ऑनलाइन के माध्यम से संस्थान के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान और योग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। डॉ. वसंती राजेंद्रन, प्रोफेसर और प्रमुख, सी.टी.ओ.सी.बी. ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और भारत की आजादी के 75वें वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के काउंटडाउन को चिह्नित करने के लिए 75 दिनों का विभिन्न योग केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रधान मंत्री की पहल के बारे में जानकारी दी। सुश्री साईकृपा, वरिष्ठ संकाय, कृष्णमाचार्य योग मंदिरम, चेन्नई ने "कल्याण हेतु योग" पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

माननीय केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर का दौरा
29 जुलाई 2022

श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री ने संस्थान के विकास को देखने और भविष्य के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की योजना बनाने हेतु 29 जुलाई 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. का अपना पहला दौरा किया। प्रोफेसर सिबनाथ देब, संस्थान के निदेशक ने मंत्री को संस्थान के कार्यक्रमों, गतिविधियों, उपलब्धियों, विभिन्न बुनियादी सुविधाओं और चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी देकर संस्थान का दौरा कराया। उन्होंने शैक्षणिक ब्लॉक, प्रशिक्षण ब्लॉक, सभागार, सेमिनार हॉल, केंद्रीय पुस्तकालय और नव-पुनर्निर्मित 'इलान्थलिर' सामुदायिक रेडियो स्टेशन का दौरा किया। सामुदायिक रेडियो स्टेशन से किशोरों और युवाओं तक पहुंचने और उनके विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने का उन्होने आग्रह किया।



श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने प्रोफेसर सिबनाथ देब, डॉ. बिशाका मजूमदार और सुश्री अलीना मारिया सनी द्वारा लिखित "भारत में युवा विकास - बदलती दुनिया में भविष्य की पीढ़ी" और निदेशक प्रो. सिबनाथ देब द्वारा संपादित "बाल सुरक्षा, कल्याण और खुशहाली" नामक पुस्तकों का विमोचन किया। तदुपरांत, माननीय मंत्री ने संकाय और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। इस दौरान संस्थान के विभिन्न केंद्रों और शैक्षणिक विभागों के प्रमुखों ने संबंधित इकाइयों द्वारा की जा रही अनूठी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मंत्री ने अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ संस्थान के सहयोग में गहरी दिलचस्पी दिखाई और उन्हें पूरी उम्मीद रही कि संस्थान युवा विकास को आवश्यक बल प्रदान करने हेतु शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण आदान-प्रदान के लिए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर संस्थान की विभिन्न पहलों के माध्यम से अपने नेटवर्क का विस्तार करेगा। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक ने संस्थान के चुनौतियों के बारे में भी बताया, जिसके लिए माननीय मंत्री ने संस्थान की वृद्धि और विकास के लिए अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।



"कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत को विश्व अग्रणी बना सकती है" विषय पर विशेष व्याख्यान (आ.का.अ.म. कार्यक्रम)
13 अगस्त 2022

संस्थान के गणित विभाग ने कंप्यूटर विज्ञान विभाग के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में दिनांक 13 अगस्त, 2022 को "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भारत को विश्व में अग्रणी बना सकता है" विषय पर एक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया।

श्री श्रीनिवासन दानुकृष्णन, सी.टी.ओ. और निदेशक, ग्लोसिस टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई कार्यक्रम के स्त्रोत व्यक्ति रहे और उन्होने इस विषय पर अपने अमूल्य और महत्वपूर्ण अनुभव साझा किये और बताया कि भारत दुनिया भर में ए.आई. के ढांचे में नेतृत्व की स्थिति कैसे ला सकता है।

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर लोक प्रशासन के 75 वर्ष पर विशेष व्याख्यान
14 अगस्त 2022



लोक प्रशासन विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर दिनांक 14-8-2022 को चेन्नई में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आई.आई.पी.ए.) तमिलनाडु क्षेत्र के सहयोग से भारत में लोक प्रशासन के 75वां वर्ष पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें एस.एस. जवाहर आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) और पी.आर.शनपथ आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) ने परामर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अरुण मनोहरन, सह-आचार्य, लोक सेवा संस्थान; निदेशक, राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रदर्शन केंद्र; सॉयर बिजनेस स्कूल, सफ़ोक यूनिवर्सिटी, बोस्टन, यू.एस.ए. ने भारत में कार्यकर्ताओं और शिक्षकों हेतु लोक प्रशासन और शासन में आगे की चुनौतियों और अवसरों के बारे में बताया। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रो.डॉ.एन.कुमरेसन राजा ने भारतीय प्रशासन के प्रक्षेप पथ विषय पर बात की। बैठक में कुल 82 व्यक्तियों ने भाग लिया। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. टी.एस. श्रीधर आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त) ने नये लोक प्रबंधन की आशाओं पर प्रकाश डाला। श्री एस.रामकृष्णन आई.आर.एस., मुख्य आयकर आयुक्त, चेन्नई ने कर प्रशासन के पहलुओं में परिवर्तन विषय पर अपना मुख्य भाषण दिया।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर संवेदीकरण कार्यक्रम
29 नवंबर 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. के समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 29 नवंबर 2022 को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. विजयलक्ष्मी, निदेशक, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ऑफ लॉ, तमिलनाडु डॉ. अंबेडकर निधि विश्वविद्यालय, चेन्नई ने पूर्वाह्न में रा.गां.रा.यु.वि.सं. के संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को संबोधित कर जागरूक किया। अपराह्न में सुश्री शेरिन बोस्क, महिला हेल्पलाइन 181 की महाप्रबंधक ने गैर-शिक्षण और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सुग्राहित किया। उन्होंने प्रेरण कार्यक्रम के प्रतिभागी एन.वाई.के.एस.,डी.वाई.ओ. को भी संबोधित किया।

युवा उन्नत कम्प्यूटेशनल कन्वर्जेंस पर राष्ट्रीय सम्मेलन (वाई.ए.सी.सी -2023)
21-22 मार्च 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

कंप्यूटर विज्ञान विभाग (साइबर सुरक्षा, ए.आई. और एम.एल. और डेटा साइंस), रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर ने 21 और 22 मार्च, 2023 को युवा उन्नत कम्प्यूटेशनल कन्वर्जेंस पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान (आई.सी.एस.एस.आर.) परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम था। सम्मेलन के उद्घाटन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, उत्तराखंड के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी रहे। इस सम्मेलन के लिए प्रस्तुत पत्रों की कार्यवाही को रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रो. सिबनाथ देब की उपस्थिति में प्रो. ललित कुमार अवस्थी और प्रो. संजीव कुमार सोफत द्वारा एक पुस्तक विमोचन के साथ किया गया। सम्मेलन में 100 से अधिक छात्रों, स्कॉलरों और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों ने भाग लिया।



युवा विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन - 21वीं सदी में युवा: संभावनाएँ और मनोसामाजिक चुनौतियाँ
24-25 मार्च 2023

रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई.सी.एस.एस.आर.), नई दिल्ली के प्रायोजन से दिनांक 24 और 25 मार्च 2023 को "21वीं सदी में युवा: संभावनाएं और मनोसामाजिक चुनौतियां" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी. के सहयोग से व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग और सामाजिक कार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। पूर्व वैज्ञानिक और सामाजिक एवं व्यवहार अनुसंधान विभाग, आई.सी.एम.आर.-एन.आई.आर.टी. की प्रमुख डॉ. बीना ई थॉमस ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने मीडिया की लत के इस मौजूदा युग में सामाजिक जुड़ाव के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य भाषण प्रोफेसर पी.के.घोष, सामाजिक कार्य विभाग, विश्वभारती, श्रीनिकेतन, पश्चिम बंगाल द्वारा दिया गया। उन्होंने सामाजिक कार्य अभ्यास और सामाजिक कार्य शिक्षा में युवाओं के दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता पर चर्चा की। डॉ. बी.एन. रूपेश, क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग, निमहैंस, बैंगलोर ने विशेष भाषण देते हुए तेजी से हो रहे बदलावों के साथ तालमेल बिठाने के लिए समाज के सुधार तंत्र के बारे में बात की। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख (प्रभारी) डॉ. शिल्पा बिसेन ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। सम्मेलन में 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन द्वारा सभी हितधारकों को युवा मुद्दों और युवा विकास के बारे में कई दृष्टिकोणों से चर्चा करने का अवसर प्रदान किया गया।



भारत में स्थानीय शासन पर राष्ट्रीय सम्मेलन@75: मुद्दे, चुनौतियाँ और समसामयिक विकास
25-26 मार्च 2023

लोक प्रशासन विभाग, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (रा.गां.रा.यु.वि.सं.), क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस (सी.एस.एल.जी.), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के सहयोग से भारत

में स्थानीय शासन पर राष्ट्रीय सम्मेलन@75: मुद्दे, चुनौतियाँ और समसामयिक विकास विषय पर दिनांक 25-26 मार्च, 2023 के दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में एक संगोष्ठी का आयोजन किया। सम्मेलन पेपर समीक्षा समिति को प्राप्त 500 से अधिक शोध पत्रों में से केवल 150 को स्वीकार किया गया।

दिनांक 25 मार्च, 2023 को सम्मेलन के सम्माननीय अतिथि श्री एस.एन. त्रिपाठी, आई.ए.एस., महानिदेशक, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आई.आई.पी.ए.), दिल्ली, डॉ. विवेक त्रिवेदी, सामाजिक विकास अधिकारी, चंडीगढ़ नगर निगम, डॉ. सुधीर कृष्णा (आई.ए.एस. सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, आवास और शहरी मामला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सम्मेलन का उद्घाटन किया गया।

समापन भाषण में प्रोफेसर शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित, कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं., प्रोफेसर कुलदीप माथुर, संस्थापक अध्यक्ष, सी.एस.एल.जी. प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक, कुलपति, चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा, हरियाणा, और प्रोफेसर प्रभात कुमार दत्ता, कलकत्ता विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन के पूर्व शताब्दी प्रोफेसर ने भाग लिया। प्रो. पी. सी. कांडपाल, अध्यक्ष ने सम्मेलन के विषय विशिष्ट सारांश और पूरी सी.एस.एल.जी. टीम के प्रयासों की सराहना के साथ सम्मेलन का निष्कर्ष प्रस्तुत किया।

युवा और कल्याण पर प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन
28-29 मार्च 2023



समाजशास्त्र विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. द्वारा 28-29 मार्च 2023 के दौरान युवा और कल्याण पर अपना पहला राष्ट्रीय सम्मेलन ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं से संबंधित विभिन्न उप-विषयों को शामिल करते हुए युवा और कल्याण से संबंधित चिंताओं, मुद्दों, चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करना रहा।

सम्मेलन का उद्घाटन प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक ने किया, जिन्होंने सम्मेलन के सार की ईबुक भी विमोचित की। प्रोफेसर संघमिता शील आचार्य, अध्यक्ष, सेंटर फॉर सोशल मेडिसिन एंड कम्युनिटी हेल्थ, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने अध्यक्षीय भाषण दिया और प्रोफेसर आभा चौहान, समाजशास्त्र विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय और अध्यक्ष, इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी ने मुख्य भाषण दिया। डॉ. संध्या रानी, प्रोफेसर और अध्यक्ष, जनसंख्या, स्वास्थ्य और विकास केंद्र, विकास अध्ययन स्कूल, टी.आई.एस.एस., मुंबई कैंपस और डॉ. केडिलेज़ो किखी, प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग और अध्यक्ष, डॉ. बी.आर. अंबेडकर चेयर, तेजपुर विश्वविद्यालय पूर्ण सत्र के वक्ता रहे। सम्मेलन का समापन मद्रास विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. एम. तमिलरसन के समापन भाषण के साथ हुआ।

"लिंग आख्यान और युवा वयस्क प्रवचन: एक समकालीन परिप्रेक्ष्य" पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
30-31 मार्च 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



अंग्रेजी विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने, भाषाई सशक्तिकरण सेल, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के सहयोग से, श्रीपेरुम्बुदूर के अपने परिसर में दिनांक 30-31 मार्च 2023 के "लिंग आख्यान और युवा वयस्क प्रवचन: एक समकालीन परिप्रेक्ष्य" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। प्रो वैष्णा नारंग, सेवानिवृत्त

भाषा विज्ञान प्रोफेसर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने मुख्य भाषण दिया। तदुपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर निर्मल कुमार का विशेष संबोधन रहा। सम्मेलन में ओमान, जापान, अमेरिका और रूस के प्रतिनिधियों की भी मेजबानी की गई। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, इग्नू, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और कलकत्ता विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर और शिक्षाविद भी इस सम्मेलन में उपस्थित हुए।

ङ. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुख्य दिवसों का अनुपालन

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर 131वीं जन्म जयंति समारोह

13 अप्रैल 2022

डॉ. अंबेडकर की 131वीं जयंती के अवसर पर रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने संस्थान के संकाय और कर्मचारियों के साथ 13 अप्रैल 2022 को भारतीय बहुश्रुत और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता डॉ. बीआर अंबेडकर की स्मृति में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निदेशक ने बताया कि कानून के शासन में सच्चे विश्वास रखने वाले डॉ. अंबेडकर ने गरीबों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए लगातार काम किया। उन्होंने दोहराया कि हमें भारत के इस महान सपूत के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

20 अप्रैल 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के लोक प्रशासन विभाग द्वारा 20 अप्रैल, 2022 को ऑनलाइन के माध्यम से राष्ट्रीय पंचायी राज दिवस का अनुपालन किया। प्रोफेसर सिबनाथ देब,निदेशक रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने नागरिकों और निर्वाचित प्रतिनिधियों दोनों के रूप में पंचायती राज संस्थान में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। डॉ.आर.रमेश, सह-आचार्य, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान और डॉ.डी.सुंदर राम, संस्थापक निदेशक, एकेडमी ऑफ ग्रासरूट स्टडीज एंड रिसर्च ऑफ इंडिया, तिरुपती ने व्याख्यान दिया।

विश्व साइकिल दिवस

03 जून 2022

संस्थान के सामाजिक कार्य विभाग द्वारा दिनांक 3 जून 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. परिसर में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें रा.गां.रा.यु.वि.सं. के लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वास्थ्य और फिटनेस के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए साइकिल चलाई।

76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

15 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने अपने परिसर में स्वतंत्रता दिवस 2022 समारोह बडे हर्शोल्लस से मनाया। समारोह के दौरान, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और स्वतंत्रता दिवस भाषण





दिया। उन्होंने 15 अगस्त 1947 की तारीख को भारत देश ने ब्रिटिश आधिपत्य से मुक्ति पाने के बलिदान का के उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत का 75वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार आजादी के 75 साल पूरे होने और इसके इतिहास, महत्व का जश्न मनाने के लिए आजादी का अमृत मोहोत्सव के माध्यम से देश भर में बड़े पैमाने पर स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए कई पहल आरम्भ किए हैं। उन्होंने यह कहते हुए निष्कर्ष किया कि हमारे प्रधान मंत्री और केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री के गतिशील नेतृत्व में, सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी.) के अनुरूप राष्ट्रीय युवा नीति को संशोधित किया है और भारत के विकास के लिए "युवाशक्ति - संभावनाओं को अनलॉक करें" को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

शिक्षक दिवस का अनुपालन
05 सितंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



देश के पूर्व राष्ट्रपति, विद्वान, दार्शनिक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को चिह्नित करने हेतु हर वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है, छात्र अपने सबसे पसंदीदा शिक्षकों के लिए प्रदर्शन, नृत्य और विस्तृत शो की मेजबानी करते हैं। रा.गां.रा.यु.वि.सं. में शिक्षक दिवस मनाया गया, जिस दौरान निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने शिक्षक दिवस संदेश दिया।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2022 का अनुपालन
13 सितंबर 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दिनांक 13 सितंबर 2022 को अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस



का अनुपालन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रोफेसर सिबनाथ देब, संस्थान के निदेशक ने किया, अपने उद्घाटन भाषण में उन्होने भारत में छात्रों के बीच आत्महत्या दर में बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आमंत्रित वक्ता डॉ. टी.वी. अशोकन, प्रोफेसर और प्रमुख, मनोचिकित्सा विभाग, श्री मुत्तुकुमरन मेडिकल महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान, चेन्नई ने 'आत्महत्या रोकें - खुशी बढ़ाएं' विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने आत्महत्या के विभिन्न कारणों, आत्महत्या की रोकथाम और तनावपूर्ण स्थिति के प्रबंधन पर जानकारी दी।

हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा, 15-26 सितम्बर 2022

संस्थान द्वारा दिनांक 15-26 सितम्बर 2022 के दौरान हिन्दी दिवस एवं पखवाड़ा का आयोजन किया गया। निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कार्यालयीन पत्राचार में हिंदी को लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया। लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर इंद्रजीत सिंह सोढी ने इस अवसर पर सभा को संबोधित किया और एक व्यक्ति के जीवन में भाषा के महत्व पर बात की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने गायन एवं नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हिंदी के विभिन्न शब्दों और चीजों से परिचित कराने हेतु सहज खेलों का आयोजन किया। दिनांक 26 सितंबर 2022 को समापन समारोह में प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में रा.गां.रा.यु.वि.सं. के छात्र, संकाय और कर्मचारियों ने भाग लिया।



गांधी जयंती समारोह, 02 अक्टूबर 2022

हर साल 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्म दिवस को गांधी जयंती के रूप में मनाई जाती है। 'बापू' के नाम से प्रसिद्ध, महात्मा गांधी के अहिंसा और 'सत्याग्रह' के सिद्धांतों और नागरिक अधिकार की विचारधाराओं को वर्तमान में भी समर्थन मिलता है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य विश्व को महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों के बारे में शिक्षित करना है।



हमारे राष्ट्रपिता की 153वीं जयंती के अवसर पर, रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और सभा को संबोधित किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. में समाजशास्त्र और सामाजिक कार्य विभागों द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष्य में "संघर्ष समाधान और शांति निर्माण: गांधीवादी परिप्रेक्ष्य और अभ्यास" विषय पर डॉ. एम. विलियम भास्करन, प्रोफेसर, गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान का एक ऑनलाइन विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रोफेसर सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने इस अवसर पर मुख्य भाषण दिया।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का स्मरणोत्सव
11 अक्टूबर 2022

रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का अनुपालन 11 अक्टूबर 2022 को किया। संस्थान के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2022 पर एक विशेष आमंत्रित वार्ता का आयोजन किया। विषय "सभी के लिए मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली को वैश्विक प्राथमिकता बनाएं" रहा। इनर टेम्पल, चेन्नई की प्रसिद्ध सलाहकार मनोचिकित्सक, डॉ. शालिनी ने एक मुख्य भाषण दिया, जिसमें उन्होंने विभिन्न मानसिक मुद्दों और उनसे निपटने के तरीकों पर चर्चा की।



अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का अनुपालन
09 दिसंबर 2022

मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 75वीं वर्षगांठ मनाने हेतु दलित और मातहत अध्ययन केंद्र, राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने 9 दिसंबर 2022 को एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य भाषण माननीय न्यायमूर्ति श्री. रवि द्वारा दिया गया। गुजरात राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष आर. त्रिपाठी ने मानवाधिकारों की सुरक्षा के महत्व और आजीविका के अधिकार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अपने विशेष संबोधन में महिला अधिकार कार्यकर्ता और विकासात्मक सलाहकार, ग्लोबल कंसर्न्स इंडिया, बैंगलोर, कर्नाटक की संस्थापक सुश्री बृंदा अडिगे ने महिलाओं की योजनाओं और नीतियों पर चर्चा की।



गणित के प्रति रामानुजन का योगदान और हमारे दैनिक जीवन में इसका महत्व" के संदर्भ में राष्ट्रीय गणित दिवस 2022 का अनुसरण
22 दिसंबर, 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं. श्रीपेरंबुदूर

गणित विभाग और कंप्यूटर विज्ञान विभाग (डेटा साइंस), रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने संयुक्त रूप से दिनांक 22 दिसंबर, 2022 को राष्ट्रीय गणित दिवस 2022 के उपलक्ष में "गणित के प्रति रामानुजन का योगदान और हमारे दैनिक जीवन में इसके महत्व" पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम पश्चात प्रोफेसर आर. श्रीकांत, एसोसिएट डीन, टाटा रियल्टी-शास्त्र श्रीनिवास रामानुजन, नंबर थ्योरी के चेयर प्रोफेसर, शास्त्रा विश्वविद्यालय, ने महान भारतीय गणितज्ञ, श्रीनिवास रामानुजन और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. सिबनाथ देब, निदेशक, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और अपने सम्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष व्याख्यान: "विवेकानंद: एक शाश्वत प्रेरणा"
12 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं.,श्रीपेरुमबुदुर

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने 12 जनवरी 2023 को स्वामी विवेकानन्द की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का अनुपालन किया। इस शुभ अवसर पर, संस्थान ने "विवेकानंद: एक शाश्वत प्रेरणा" शीर्षक से एक विचार-विमर्श का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग ने अंग्रेजी विभाग के सहयोग से किया। उक्त अवसर पर विवेकानन्द सांस्कृतिक केन्द्र, चेन्नई के निदेशक स्वामी रघुनायकानन्द वक्ता के रूप में आमंत्रित किए गए। इस अवसर पर रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर देबाशीष बंद्योपाध्याय भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



रा.गां.रा.यु.वि.सं. में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह
26 जनवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं. श्रीपेरंबुदूर





दिनांक 26 जनवरी, 2023 को हमारे देश के 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने श्रीपेरुम्बुदूर में अपने परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सस्थान के संकाय, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों और अनुबंध श्रमिकों को गणतंत्र दिवस का संदेश दिया।

निदेशक ने उल्लेख किया कि संविधान को 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को एक लोकतांत्रिक सरकार प्रणाली के साथ लागू किया गया, जिससे देश को अपने सभी नागरिकों को सुरक्षित करने हेतु एक संप्रभु समाजवादी धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक और स्वतंत्र गणराज्य बनने का अपना चक्र पूरा हुआ। उन्होंने दोहराया कि व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुनिश्चित करते हुए न्याय, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस अवसर को चिह्नित करते हुए, संस्थान के छात्रों और कर्मचारियों के बच्चों ने सामाजिक समावेशन और राष्ट्र निर्माण सुनिश्चित करने में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



विश्व सामाजिक न्याय दिवस
20 फरवरी 2023, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

दलित और मातहत अध्ययन केंद्र (सी.डी.एस.एस.), रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 20 फरवरी, 2023 को वर्ष के विषय "बाधाओं पर काबू पाना और सामाजिक न्याय के लिए अवसरों की उत्पत्ति" विषय पर एक विशेष आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन करते हुए विश्व सामाजिक न्याय दिवस का अनुपालन किया। डॉ. एस. ललिता, समन्वयक ने स्वागत भाषण दिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने मुख्य भाषण दिया। तदुपरांत पंचायत अकादमी, कूथंबक्कम ग्रामे के संस्थापक और समत्तुवपुरम नामक एक मॉडल गांव के निर्माता श्री आर. इलंगो ने - समानता के लिए एक स्थान विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।





च. अन्य गतिविधियाँ

कोविड-19 रोकथाम शिविर

जून 2022

परिसर में कोविड-19 की रोकथाम के लिए सामाजिक कार्य विभाग ने ब्लॉक और जिला चिकित्सा कार्यालय के साथ समन्वय किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. परिसर में आर.टी.-पी.सी.आर. टेस्ट के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर स्थापित किया गया। कुल 280 नमूने एकत्र किए गए और 35 छात्र कोरोना पॉजिटिव पाए गए और उन्हें मेडिकल टीम के प्रोटोकॉल के अनुसार अलग रखा गया। दिनांक 08.06.2022 को डॉ. प्रिया, उप निदेशक स्वास्थ्य, डॉ. एम. आरती, आई.ए.एस., जिला कलेक्ट कांचीपुरम, तमिलनाडु सरकार के स्वास्थ्य सचिव डॉ. राधाकृष्णन और श्रीपेरुम्बुदूर के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. श्याम कुमार ने कोविड पृथक वार्ड और मरीजों पर जानकारी प्राप्त करने हेतु रा.गां.रा.यु.वि.सं. परिसर का दौरा किया।

बूस्टर खुराक टीकाकरण शिविर दिनांक 14.06.2022 को आयोजित किया गया। संस्थान के संकायों के साथ-साथ कुल 42 लोगों को बूस्टर टीकाकरण दिए गए। कोविशील्ड - 32 और कोवैक्सिन - 10., कुल = 42।

कृषि में युवाओं का वित्त पोषण

27 जुलाई 2022



प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन, प्रमुख, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र ने दिनांक 27 जुलाई 2022 को ईरान सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा "कृषि में युवाओं का वित्त पोषण" विषय पर आयोजित एक वेबिनार में भाग लिया। डॉ. देशपांडे, पूर्व निदेशक, बैंकर्स इंस्टीट्यूट ग्रामीण विकास विभाग, लखनऊ, भारत ने ग्रामीण विकास क्षेत्र में युवा विकास के लिए नाबार्ड के कार्यक्रमों पर एक प्रस्तुति दी। प्रो. वसंती राजेंद्रन ने "कृषि में युवाओं की भूमिका" पर एक प्रस्तुति दी। इससे पहले प्रोफेसर वसंती राजेंद्रन ने दिनांक 6 जुलाई 2022 को एशिया और प्रशांत के लिए एकीकृत ग्रामीण विकास केंद्र (सी.आई.आर.डी.ए.पी.) द्वारा विश्व ग्रामीण विकास दिवस 2022 मनाने हेतु आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लिया।

आज़ादी का अमृत महतसोव

08-10 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर

भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने और विश्व स्वदेशी दिवस के साथ आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर, समाजशास्त्र विभाग और अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनांक 8-10 अगस्त 2022 तक रा.गां.रा.यु.वि.सं. में स्वदेशी कला और संस्कृति का जश्न मनाते हुए तीन दिवसीय जनजाति उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन जनजातीय अनुसंधान केंद्र, जनजातीय कल्याण विभाग, नीलगिरी जिला, तमिलनाडु सरकार के सहयोग से किया गया।



कुरुम्बा, इरुलास, टोडास, पलियास और पूर्वोत्तर क्षेत्र की जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवाओं ने इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। जनजातीय अनुसंधान केंद्र, ऊटी के निदेशक डॉ. उदय कुमार, जो कार्यक्रम के अतिथि रहे ने विशेष भाषण

दिया। विभिन्न कलाओं और शिल्पों को प्रदर्शित करते हुए एक प्रदर्शनी और आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन भी आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन संस्थान के निदेशक ने किया। कार्यक्रम में 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत स्कूल कार्यक्रम
11 अगस्त 2022, सेंट जोसेफ ग्लोबल स्कूल, श्रीपेरंबुदूर



आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में, अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने दिनांक 11 अगस्त 2022 को सेंट जोसेफ ग्लोबल स्कूल, श्रीपेरुम्बुदूर में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर विभिन्न मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग के कुल 82 छात्रों और संकायों ने स्कूल का दौरा किया। कार्यक्रम में कक्षा सात से ग्यारह तक के कुल 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के छात्रों ने देशभक्ति की भावना को आत्मसात करने के लिए नृत्य, भाषण, गीत, लघु नाटिका, माइम और खेल जैसी विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह
11 अगस्त 2022, काचीपेट्टू गांव

आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर राजीव गांधी राष्ट्रीय विकास संस्थान के सामाजिक कार्य विभाग ने



दिनांक 11 अगस्त, 2022 को अपने दत्तग्रहित गांव कच्चीपट्टू, श्रीपेरुम्बुदूर में 'कुयिली' नामक एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर डॉ. सिबनाथ देब ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने कच्चीपट्टू गांव में हाशिए पर रहने वाले लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने हेतु सामाजिक कार्य विभाग, के स्टेप्स के छात्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें युवा, महिलाएं, बच्चे, पुरुष और बुजुर्ग शामिल हुए। उस दिन सामाजिक कार्य विभाग के संकाय सदस्य के साथ लोक प्रशासन और कंप्यूटर विज्ञान (साइबर सुरक्षा) के प्रमुख भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

एन.एस.एस. सेल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर
29 अगस्त 2022, रा.गां.रा.यु.वि.सं., श्रीपेरुम्बुदूर



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान और इसकी राष्ट्रीय सेवा योजना सेल ने सरकारी अस्पताल, कांचीपुरम और अरण, गैर-सरकारी संगठन के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर और आजादी का अमृत महोत्सव मनाने हेतु दिनांक 29 अगस्त 2022 को संस्थान के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। एन.एस.एस., रा.गां.रा.यु.वि.सं. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामबाबु बोट्चा ने रक्तदान शिविर के लिए सभी पंजीकृत रक्तदाताओं को धन्यवाद सहित सराहना की, सरकारी अस्पताल कांचीपुरम के डॉ. तामरै नंगई और श्री बाल प्रकाश, प्रबंध ट्रस्टी अरण ने युवाओं को रक्तदान के विभिन्न लाभों के बारे में जानकारी दी। रा.गां.रा.यु.वि.सं. परिसर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक और उनकी पत्नी तथा कुछ कर्मचारियों और छात्रों सहित कुल 70 लोगों ने रक्तदान किया।

नेक कार्य के लिए पुरस्कार



अवतार ह्यूमन कैपिटल ट्रस्ट वर्ष 2008 से तमिलनाडु और पांडिचेरी राज्य में महिलाओं के लिए लैंगिक समानता, गरीबी उन्मूलन और समावेशी आर्थिक विकास पर काम कर रहा है। यह एक गैर-लाभकारी सार्वजनिक धर्मार्थ संगठन है। सामाजिक कार्य विभाग के छात्र, सुश्री मंजुला, सुश्री सुमति, सुश्री कर्पगम, सुश्री काव्या, सुश्री लक्ष्मीप्रिया, सुश्री कार्तिका को लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने हेतु फील्डवर्क के लिए पुत्री संस्थान में कार्य दिया गया था। दिनांक 31 अगस्त 2021 को सामाजिक कार्य विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. को फील्डवर्क गतिविधियों में विभाग के छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा प्रदान की गई अथक सेवा के लिए सम्मानित किया गया। पुत्री विभाग के श्री महेश प्रोजेक्ट स्टाफ ने प्रोफेसर सिबनाथ देब निदेशक रा.गां.रा.यु.वि.सं. को पुरस्कार प्रदान किया। दिनांक 24 अगस्त, 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक एवं सामाजिक कार्य विभाग के प्रमुख ने इस सम्मान हेतु अपनी संतुष्टी साझा की।

अनुकरणीय सेवा पुरस्कार



सामाजिक कार्य विभाग के बैच 2020-2022 के कार्य प्रशिक्षुओं, सुश्री काव्या और श्री अविनेश, द्वारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवा और क्षेत्रकार्य हेतु एक गैर सरकारी संगठन अवेयर द्वारा अनुकरणीय सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पहल के हिस्से के रूप में, अवेयर ट्रस्ट ने सर्वश्रेष्ठ संस्थान पुरस्कार की स्थापना की और अवेयर के स्वयंसेवक श्री आनंद ने इसे 24 अगस्त, 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. के निदेशक प्रोफेसर सिबनाथ देब को प्रदान किया। निदेशक ने सामाजिक कार्य विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं. के छात्रों और संकाय द्वारा प्रदान की गई सेवा की सराहना की।

प्रवेश द्वार और मुख्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन
21 दिसंबर 2022



दिनांक 21 दिसम्बर 2022 को श्री अनुराग सिंह ठाकुर माननीय मंत्री, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार ने रा.गां.रा.यु.वि.सं. के मुख्य द्वार, कंप्यूटर लैब और स्टाफ क्वार्टर का उद्घाटन किया।



अध्याय 5

क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ की गतिविधियां

क. प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर वेबिनार

हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम
28 मार्च-03 अप्रैल 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने 28 मार्च से 3 अप्रैल 2022 के दौरान हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हेतु सात दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण में शैक्षिक संस्थान और समुदाय के बीच एक पुल स्थाप्ति करने हेतु युवा स्वयंसेवकों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने के लिए प्रतिभागियों को प्रभावी और गतिशील कौशल एवं रणनीतियों से लैस किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के 8 विभिन्न जिलों से 25 एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारियों की भागीदारी देखी गई।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भरोग बनेरी, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर वेबिनार
27 अप्रैल 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र द्वारा 27 अप्रैल 2022 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भरोग बनेरी, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर एक वेबिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राधानाचार्य श्री सचिन अग्रवाल ने इस अवसर पर बात की। नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का महत्व का उल्लेख किया गया और बताया गया कि कैसे युवा नेतृत्व और उनके बेहतर व्यक्तित्व उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में मदद कर सकते हैं।

सरकारी छात्राओं हेतु मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर वेबिनार, 28 अप्रैल 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा डिग्री कॉलेज-चैल कोटी और डिग्री कॉलेज जुखाला, हिमाचल प्रदेश सरकार के एन.एस.एस. सेल के सहयोग से दिनांक 28 अप्रैल 2022 को 'चुप्पी तोड़ो' शीर्षक से एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में वैज्ञानिक जानकारी साझा कर मासिक धर्म से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को तोड़ने का प्रयास किया गया।

गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज, निहरी, मंडी, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए उद्यमिता विकास पर वेबिनार, 28 अप्रैल 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने 28 अप्रैल 2022 को गूगल मीट के माध्यम से सरकारी डिग्री कॉलेज, निहरी, मंडी, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए 'उद्यमिता विकास' पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया जिसमें प्रतिभागियों और सहूलियतकर्ता के बीच सार्थक चर्चा के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांधीर, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु नेतृत्व कौशल पर वेबिनार

18 मई 2022



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांधीर, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों हेतु नेतृत्व कौशल पर एक वेबिनार का आयोजन दिनांक 18 मई 2022 को गूगल मीट के माध्यम से किया गया। वेबिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को युवा विकास में नेतृत्व के महत्व और राष्ट्र निर्माण में युवा योगदान पर जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में 128 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

यूनिवर्सिटी कॉलेज, मूनक, संगरूर, पंजाब के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए उद्यमिता विकास पर वेबिनार

25 मई 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 25 मई 2022 को यूनिवर्सिटी कॉलेज, मूनक, अंगरूर, पंजाब के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु 'उद्यमिता विकास' पर एक वेबिनार का आयोजन किया। वेबिनार का उद्देश्य उद्यमशीलता और स्वयंसेवकों के लिए रोजगार उत्पन्न करने की क्षमता पर एक व्यापक समझ प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में 'त्वरित स्वास्थ्य और कल्याण: मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन' पर वेबिनार

27 मई 2022

जनसंख्या अनुसंधान केंद्र, ग्रामीण और औद्योगिक विकास अनुसंधान केंद्र (सी.आर.आर.आई.डी.) चंडीगढ़ के सहयोग से विकास अध्ययन विभाग, रा.गां.रा.यु.वि.सं., क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में 'त्वरित स्वास्थ्य और कल्याण: मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन" पर एक वेबिनार का आयोजन दिनांक 27 मई 2022 को किया गया।

एसवीएसडी कॉलेज, भटोली, ऊना, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए व्यक्तित्व विकास पर वेबिनार, 27 मई 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने 27 मई 2022 को एस.वी.एस.डी. महाविद्यालय, भटोली, ऊना, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु व्यक्तित्व विकास पर एक वेबिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास का निर्माण, आत्म-सम्मान का उन्नयन और समग्र व्यक्तित्व का संवर्धन करना रहा। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों की भागीदारी रही।

पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व और टीम निर्माण पर प्रशिक्षण प्रदेश 14-17 जून 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए दिनांक 14 से 17 जून 2022 के दौरान नेतृत्व और टीम निर्माण पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व कौशल का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना और परिणाम-संचालित टीम बैठकें आयोजित करने की तकनीक सीखना रहा। कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के 6 विभिन्न महाविद्यालयों से 30 युवा स्वयंसेवकों (14 पुरुष और 16 महिलाएं) ने भाग लिया।

पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए लिंग संवेदनशीलता पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 20-23 जून 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने दिनांक 20 से 23 जून 2022 के दौरान अपने परिसर में एक चार दिवसीय 'लिंग संवेदनशीलता पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन किया। कार्यशाला में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के राष्ट्रीय सेवा योजना के 29 (14 महिला और 15 पुरुष) स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम को तार्किक और व्यवस्थित तरीके से डिजाइन किया गया जिसमें गतिविधियों के माध्यम से शैक्षणिक सत्र संचालित किए गए।

हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए युवा रोजगार कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम 26-29 जून 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए युवा रोजगार कौशल पर 4 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। भारत में युवाओं में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ-साथ सभी युवा पारंपरिक नेतृत्व की भूमिका नहीं निभाएंगे, परंतु वे सभी अपने जीवन के नेता, अपने भाग्य के निर्माता और अपनी आत्मा के स्वामी बन जाएंगे और ऐसी नौकरी जिसके लिए हमेशा नेतृत्व क्षमता आवश्यकता होती है। देश में विकास के पिछले दशक में, राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की मान्यता बढ़ रही है।

29 जून 2022 को यू.एन.डी.पी. अधिकारियों का दौरा

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.), उत्तरी क्षेत्र के अधिकारियों ने दिनांक 29 जून 2022 को रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र का दौरा किया। श्री विकास वर्मा, क्षेत्रीय प्रमुख, उत्तरी क्षेत्र, यू.एन.डी.पी. और सुश्री नंदिता माथुर, प्रमुख, संसाधन संग्रण और भागीदारी, एस.डी.जी. समन्वय केंद्र - योजना विभाग, पंजाब सरकार, यू.एन.डी.पी. ने विकास अध्ययन विभाग के प्रमुख डॉ. पी. शिवकुमार से चर्चा की। चर्चा के दौरान यू.एन.डी.पी. के अधिकारियों ने एस.डी.जी. को स्थानीय बनाने के पंजाब में अपने कार्यों को साझा किया और बताया कि वे एस.डी.जी. गतिविधियों में शैक्षणिक संस्थानों को शामिल कर रहे हैं।



बैठक के परिणामस्वरूप, दोनों संगठनों के पारस्परिक हितों के क्षेत्र में काम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह चर्चा की गई कि रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र दूरदराज के क्षेत्रों और अविकसित (नीति आयोग एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स) चिह्नित क्षेत्रों में काम करने में काफी सशक्त है।

हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण 12-15 जुलाई 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा अपने परिसर में दिनांक 12 से 15 जुलाई 2022 के दौरान हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिणाम-संचालित टीम बैठकें आयोजित करने की तकनीक, व्यक्तिगत टीम के सदस्यों को प्रबंधित करने और अधिकतम उत्पादकता हेतु क्षमता संवर्धन, टीम लीडर के रूप में वर्तमान शक्तियों और कमजोरियों का विश्लेषण और उसकी समझ और एक टीम में लोगों को संभालने के लिए नेतृत्व शैली की सीख जैसे विषय से प्रतिभागियों को लैस करना रहा।

हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए युवा रोजगार कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम 22-25 जुलाई 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा हिमाचल प्रदेश और हरियाणा के एन.एस.एस.स्वयंसेवकों के लिए युवा रोजगार कौशल पर 4 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

चंडीगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षण 27-30 जुलाई 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 27 से 30 जुलाई 2022 के दौरान जीवन कौशल शिक्षा पर एक 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में चंडीगढ़ के 40 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। लगातार बदलते परिवेश में, रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होने के लिए जीवन कौशल की सीख आवश्यक है। रा.गां.रा.यु.वि.सं. ने जीवन कौशल शिक्षा पर प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण की योजना बनाई और कार्यान्वित किया, जो युवाओं को अपने जीवन में इसका अभ्यास करने में मदद करेगा ताकि वे खुद को सामाजिक और पारस्परिक कौशल से लैस कर सकें और उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी की मांगों से निपटने में सक्षम बना सके।

एनवा.ई.के.एस. दिल्ली और हरियाणा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 27-30 जुलाई 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने दिनंक 27 30 जुलाई 2022 के दौरान सेक्टर 12 चंडीगढ़ के अपने परिसर में "मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन" पर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न जिलों से 39 युवा लड़कियों (एन.वाई.के.एस. हरियाणा और दिल्ली के स्वयंसेवक) की भागीदारी रई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को शारीरिक परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें चुप्पी तोड़ने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक सूचना और संचार रणनीतियों से लैस करना रहा।

पंजाब और हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवकों के लिए जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षण 03-06 अगस्त 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ द्वारा अपने परिसर में दिनांक 3 से 6 अगस्त 2022 के दौरान जीवन कौशल शिक्षा पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में पंजाब और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों से 39 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। लगातार बदलते परिवेश में, रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होने हेतु जीवन कौशल पर प्रशिक्षण अनिवार्य है। केंद्र ने जीवन कौशल शिक्षा पर प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण की योजना बनाई और कार्यान्वित किया, जो युवाओं को अपने जीवन में इसका अभ्यास करने में मदद करेगा ताकि वे खुद को सामाजिक और पारस्परिक कौशल से लैस कर सकें जो उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी की मांगों से निपटने में सक्षम बना सकता है।

पंजाब के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के लिए आत्मरक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 23-26 अगस्त 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ ने सेक्टर 12, के अपने परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना पंजाब की 40 महिला स्वयंसेवकों हेतु आत्मरक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर 4 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य संभावित हमलों से महिलाओं की रक्षा हेतु क्षमता संवर्धन करना और प्रतिभागियों के बीच उनके दृष्टिकोण में बदलाव लाने के साथ-साथ उनके आत्म-सम्मान और आत्म-प्रभावकारिता में सुधार लाना रहा। महिला सशक्तिकरण की अवधारणा, सार्वजनिक और निजी स्थानों में महिलाओं के खिलाफ हिंसा, सुरक्षा उपाय, कानून और विधान, आत्मरक्षा में संचार की भूमिका (मौखिक और गैर-मौखिक), भय और सदमे का प्रबंधन और खतरे के संकेतों को समझने हेतु युक्तियों पर सत्र के दौरान गहन चर्चा की गई।

पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए नेतृत्व और सामुदायिक विकास पर प्रशिक्षण, 29 अगस्त-01 सितंबर 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा 29 अगस्त से 01 सितंबर 2022 तक हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु नेतृत्व और सामुदायिक विकास पर एक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान के 5 विभिन्न महाविद्यालयों के 39 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व कौशल का ज्ञान, सामुदायिक विकास की प्रक्रिया की समझ और बेहतर प्रबंधक, प्रेरक, प्रतिनिधि और नेता के रूप में प्रतिभागियों की उत्पादकता में सुधार करना रहा। सभी स्वयंसेवकों को भागीदारी के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए और कार्यक्रम का समापन श्री टी.एच. रीगनचंद्र सिंह, प्रशिक्षण सहयोगी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवकों के लिए उद्यमिता विकास पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 08-11 सितंबर 2022



राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 8 से 11 सितंबर 2022 के दौरान पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के लिए उद्यमिता विकास पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ई.एन.टी. पर व्यापक समझ उद्यमिता और युवा स्वयंसेवकों को उद्यमशीलता पहल के अवसरों और संभावनाओं पर सत्र द्वारा क्षमता निर्माण किया गया।

हिमाचल प्रदेश और पंजाब के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के लिए जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, 20-24 सितंबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 20 से 24 सितंबर 2022 के दौरान जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन किया गया। प्रशिक्षण में पंजाब और हिमाचल प्रदेश के 25 राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों ने भाग लिया। सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं में से एक जो इन दिनों त्वरित ध्यान और समाधान की मांग करती है, वह है नई पीढ़ी में जीवन कौशल कमी अतः ऐसे कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रतिभागियों ने धन्यवाद दिया और आयोजन की सराहना की।

हरियाणा और राजस्थान के एनवाईकेएस स्वयंसेवकों के लिए लिंग संवेदीकरण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम 26-29 सितंबर 2022



रा.गां.रा.यु.वि.सं. क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने 26 से 29 सितंबर 2022 के दौरान एक चार दिवसीय 'लिंग संवेदनशीलता पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन किया। कार्यक्रम में एन.वाई.के.एस. हरियाणा और राजस्थान के 39 स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। कार्यक्रम को तार्किक और व्यवस्थित तरीके से डिजाइन किया गया जिसमें भागीदारी गतिविधियों के माध्यम से शैक्षणिक सत्र संचालित किए गए। खेल, ड्राइंग, क्विज़, वाद-विवाद, पहेली, केस अध्ययन, विज़ुअलाइज़ेशन, आत्म-विश्लेषण, वृत्तचित्र, वीडियो, कहानी, समस्या दीवार और समाधान वृक्ष, समूह चर्चा और प्रस्तुतियाँ, प्लॉट रिवर्सल आदि जैसी भागीदारी पद्धतियों की एक विस्तृत श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल की गई जो प्रतिभागियों के क्षमता निर्माण में उपयोग ज्ञात हुआ।

हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों के लिए नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 04-07 अक्टूबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा अपने परिसर में दिनांक 04 से 07 अक्टूबर 2022 के दौरान हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के 6 विभिन्न महाविद्यालयों के 40 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों

हेतु नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परिणाम-संचालित टीम बैठकें आयोजित करने की तकनीक सीखाने, व्यक्तिगत टीम के सदस्यों को प्रबंधित करने और अधिकतम उत्पादकता के लिए उनकी क्षमता का उपयोग करवाना रहा।

राष्ट्रीय उद्यमिता विकास पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश और पंजाब के सेवा योजना स्वयंसेवक 10-13 अक्टूबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा 10 से 13 अक्टूबर 2022 तक पंजाब और हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों हेतु उद्यमिता विकास पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उद्यमिता की व्यापक समझ और युवा स्वयंसेवकों को उद्यमशीलता पहल के अवसरों और संभावनाओं पर विचार करने हेतु प्रेरित करना कार्यक्रम का उद्देश्य रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों हेतु जीवन कौशल शिक्षा के प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण चंडीगढ़, जम्मू और पंजाब, 27-31 अक्टूबर 2022



दिनांक 27 से 31 अक्टूबर 2022 के दौरान राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ ने अपने परिसर में जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण में जम्मू-कश्मीर और पंजाब के 22 राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारियों की भागीदारी रही।
केंद्र द्वारा संचालित जीवन कौशल शिक्षा पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण में युवाओं को अपने जीवन में इसका अभ्यास करने और खुद को सामाजिक और पारस्परिक कौशल से लैसे कर रोजमर्रा की जिंदगी की मांगों से निपटने में सक्षम बनाना रहा।

गांदरबल जिले, कश्मीर की युवा लड़कियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 अक्टूबर-03 नवंबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ ने 31 अक्टूबर - 03 नवंबर 2022 तक चिनार नौजवान क्लब, गांदरबल, कश्मीर में "मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन" पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कश्मीर के गांदरबल जिले से 40 युवा लड़कियों की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को शारीरिक परिवर्तनों के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें चुप्पी तोड़ने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक सूचना और संचार रणनीतियों से लैस करना रहा।

एन.वाई.के.एस., उत्तराखंड की महिला स्वयंसेवकों के लिए आत्मरक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 08-11 नवंबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र चंडीगढ़ ने नेहरू युवा केंद्र संगठन उत्तराखंड के सहयोग से 4 दिवसीय आवासीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। नेहरू युवा केंद्र संगठन उत्तराखंड की 37 महिला स्वयंसेवकों के लिए आत्मरक्षा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर ई. कार्यक्रम का उद्देश्य संभावित हमलों के खिलाफ महिलाओं की रक्षा करने में क्षमता निर्माण करना और प्रतिभागियों के बीच दृष्टिकोण में बदलाव लाने के साथ-साथ उनके आत्म-सम्मान और आत्म-प्रभावकारिता में सुधार करना रहा।

चंडीगढ़, जम्मू और कश्मीर और पंजाब के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए उद्यमिता विकास पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम, 15-18 नवंबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 15 से 18 नवंबर 2022 के दौरान जम्मू और कश्मीर, पंजाब और चंडीगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों हेतु उद्यमिता विकास पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमिता पर एक व्यापक समझ प्रदान करना और युवा स्वयंसेवकों को उद्यमशीलता पहल के अवसरों और संभावनाओं पर विचार करने हेतु प्रेरित करना रहा।



सरकार के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए युवा रोजगार कौशल पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम। डिग्री कॉलेज, निहरी, मंडी, हिमाचल प्रदेश, 22-25 नवंबर 2022

राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र, चंडीगढ़ दवारा दिनांक 22 से 25 नवंबर 2022 के दौरान सरकारी डिग्री महाविद्यालय, निहरी, मंडी, हिमाचल प्रदेश के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों हेतु युवा रोजगार कौशल पर एक 4 दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की भागीदारी देखी गई।



'लिंग एवं युवा विकास' विषय पर संगोष्ठी
28 नवंबर 2022

